बैशाख मास, शुक्ल पक्ष 6, वर्ष 12, अंक 76, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00
वाराणसी, बुधवार, 26 अप्रैल, 2023
परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित
डाक/नगर संस्करण
E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अन्दर : टीम इंडिया का ऐलान, रोहित शर्मा की कप्तानी में रहाणे को भी मिली जगह

अन्दर : शंकराचार्य ने की थी हिंदू धर्म की पुनर्स्थापना

## 7 महिला पहलवानों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज न किए जाने का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली सरकार तथा अन्य को नोटिस जारी किए तथा कहा कि ये गंभीर आरोप हैं जिन पर विचार करने की आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय ने पहले कहा था कि महिला पहलवानों की याचिका को सुनवाई के लिए शुक्रवार को सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, मामले का उल्लेख करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की कुछ दलीलों पर सुनवाई करने के बाद उसने सीधे मामले पर सुनवाई करने का फैसला किया। पीठ ने कहा कि सामान्य तौर पर, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156 (संज्ञेय मामलों की जांच के लिए पुलिस अधिकारियों की शक्ति) के तहत पुलिस के पास जाने का उपाय उपलब्ध है। पीठ ने पूछा, क्या आरोप हैं। सिब्बल ने बताया कि एक नाबालिग पहलवान समेत सात पहलवानों ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं लेकिन इस पहलू पर बहुत स्पष्ट कानून होने के बावजूद अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। उन्होंने कहा, ये महिला पहलवान हैं...एक नाबालिग समेत सात हैं। एक समिति की रिपोर्ट है जिसे सार्वजनिक नहीं किया गया है और कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है। फैसलों का हवाला देते हुए वरिष्ठ वकील ने कहा कि इस प्रकृति के अपराध में प्राथमिकी दर्ज न करने के लिए पुलिसकर्मी पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है।दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पहलवानों ने याचिका में गंभीर आरोप लगाए हैं।

## नहीं रहे प्रकाश सिंह बादल

### पंजाब के 5 बार मुख्यमंत्री रहे, 95 साल की उम्र में ली आखिरी सांस



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने मंगलवार शाम आखिरी सांस ली। शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें मोहाली के प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। 95 साल के प्रकाश सिंह बादल 5 बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे। जून 2022 को सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। कुछ समय बाद उन्हें छुट्टी तो मिल गई, लेकिन सितंबर 2022 को उन्हें फिर सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें ढक्क में भर्ती कराया गया था।

**पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से निष्क्रिय**

प्रकाश सिंह बादल ने 2022 में पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा था। अपने राजनीतिक करियर में पहली बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। अधिक उम्र के कारण वह ये चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे, लेकिन सुखबीर बादल के कहने और पंजाब में अकाली दल की दयनीय स्थिति के बाद प्रकाश सिंह बादल चुनावी मैदान में उतरे थे।

प्रकाश सिंह बादल ने साल 1947 में राजनीति शुरू की थी। उन्होंने सरपंच का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। तब वह सबसे कम उम्र के सरपंच बने थे। 1957 में उन्होंने सबसे पहला विधानसभा चुनाव लड़ा। 1969 में उन्होंने दोबारा जीत हासिल की। 1969-70 तक वह पंचायत राज, पशु पालन, डेयरी आदि मंत्रालयों के मंत्री रहे। इसके अलावा वह 1970-71, 1977-80, 1997-2002 में पंजाब के मुख्यमंत्री बने। इसके अलावा 1972, 1980 और 2002 में विरोधी दल के नेता भी बने। मोरारजी देसाई के प्रधानमंत्री रहते वह सांसद भी चुने गए। वहीं 2022 का पंजाब विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद वह सबसे अधिक उम्र के उम्मीदवार भी बने।

## सीएम योगी को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में डायल-112 में फोन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी बेगमपुरवा निवासी आमीन उर्फ छोटू को बाबूपुरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक ने प्रेमिका के पिता को फंसाने के लिए उनके मोबाइल से फोन किया था। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे एक अनजान शख्स ने डायल-112 पर कॉल कर सीएम को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बाबूपुरवा पुलिस ने बेगमपुरवा निवासी आमीन को मंगलवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल व सिमकार्ड भी बरामद किया। आमीन ने बताया कि प्रेमिका के पिता को फंसाने के लिए उसके घर से 10 दिन पहले मोबाइल चुराया था। इसके बाद पुलिस को फोन कर धमकी दी थी। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# यूपी बोर्ड में बेटियों ने फिर मारी बाजी

## हाईस्कूल में सीतापुर की प्रियांशी सोनी तो इंटर में महोबा के शुभ चपरा बने टॉपर

**हाईस्कूल में 89.78 प्रतिशत बच्चे पास हुए तो इंटर में 75.52 प्रतिशत रिजल्ट रहा**




**रिजल्ट**

**कानपुर देहात के कुशाग्र पांडेय 10वीं में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहे तो 12वीं में इटावा की अनामिका ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया, कोई बनना चाहता है आईएएस तो कोई डॉक्टर, समय से पहले परिणाम घोषित कर यूपी बोर्ड ने बनाया रिकार्ड**

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं परीक्षा के परिणाम का इंतजार मंगलवार को खत्म हो गया है। बोर्ड ने छात्रों के लिए दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर रिजल्ट की घोषणा कर दी है। यूपी बोर्ड ने टॉपर्स की लिस्ट जारी कर दी है। जिसमें सीता बाल विद्या मंदिर की छात्रा प्रियांशी सोनी ने हाईस्कूल की परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। प्रियांशी ने 600 में 590 अंक यानी 98.33 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। महोबा के चरखारी कस्बा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र शुभ चपरा ने इंटर की परीक्षा में 97.80 प्रतिशत अंक आकर यूपी में टाप किया है।बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्र उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं ।

साथ में इस बार की बोर्ड परीक्षा में छात्रों पर छात्राएं भारी पड़ी हैं। इस बार हाई स्कूल में 89.78 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। जिसमें 93.34 फीसदी बालिकाएं पास हुईं हैं जबकि पास होने वाले छात्रों की सख्या है 86.64 फीसदी है। वहीं इंटरमीडिएट में 75.52 प्रतिशत रिजल्ट रहा है, जिसमें बालकों का और 69.54 बालिकाओं का लगभग 83 परसेंट है। महमूदाबाद के सीता इंटर कॉलेज की छात्रा प्रियांशी सोनी ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में टॉप कर मेरिट सूची में पहला स्थान हासिल किया है। प्रियांशी ने हिंदी माध्यम से पढ़ाई करके 98.33% अंक अर्जित किये हैं। उन्हें 600 में से 590 नम्बर प्राप्त हुए हैं । परीक्षा परिणाम घोषित होते ही प्रियांशी ने स्कूल पहुंचकर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। उनके टॉप करने पर उनके परिजनों और दोस्तों ने बधाई दी। परिणाम के बाद बातचीत में प्रियांशी ने आईएएस बनकर देश सेवा को अपना लक्ष्य बताया और कहा कि इसके लिए उनका प्रयास लगातार जारी रहेगा। वहीं यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में महोबा के शुभ चपरा ने टॉप किया है। शुभ को 97.80 प्रतिशत अंक मिले हैं। राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले शुभ बड़े होकर आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। शुभ चपरा ने 500 में से 489 अंक हासिल किया है। शुभ के पिता सुरेंद्र कुमार चपरा बिजनेसमैन हैं। वह पाइप, टंकी की दुकान चलाते हैं। मां सुधा चपरा भाजपा की नेता हैं। सुधा को इस वक्त पार्टी ने महिला मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी हुई है। वहीं 10वीं बोर्ड परिणामों में कानपुर देहात के आर्यभट्ट विद्यामंदिर के छात्र कुशाग्र पांडेय ने 97.83 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहे। उनका सपना डॉक्टर बनने का है, जिसके लिए अभी से तैयारी कर रहे हैं। 12वीं के परिणाम में इटावा में टॉप करने वाली अनामिका ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

**18 मार्च को शुरू हुआ था मूल्यांकन**

यूपी बोर्ड की कक्षा 10 और 12 की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने का कार्य 18 मार्च से शुरू हुआ था। कॉपियों के मूल्यांकन के लिए 1,43,933 परीक्षक लगे थे। ओएमआर शीट पर पहली बार हुई हाईस्कूल की 20 अंकों की परीक्षा का मूल्यांकन परीक्षा के दौरान ही शुरू करा दिया गया था। उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन का कार्य रिकॉर्ड तोड़ते हुए निर्धारित तारीख एक अप्रैल से पहले ही यानी 31 मार्च को ही पूरा कर लिया गया था। रिकार्ड के संकेत पहली बार तय तिथि के एक दिन पहले संपन्न हुए मूल्यांकन से मिल भी गए हैं।

**यूपी बोर्ड ने बनाया नया रिकॉर्ड**

पुराने रिकॉर्ड पर नजर डाले तो अब तक अप्रैल में सिर्फ दो बार यूपी बोर्ड के नतीजें घोषित किए गए हैं। एक बार 2018 में 29 अप्रैल को तथा दूसरी बार 2019 में 27 अप्रैल को। ऐसे में यूपी बोर्ड इस बार 27 अप्रैल से पहले 25 अप्रैल को रिजल्ट घोषित कर एक और रिकॉर्ड स्थापित किया है। यूपी बोर्ड 2023 की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 58,85,745 परीक्षार्थी पंजीकृत थे।

## एनआईए टीम ने मारा 17 ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए की टीम बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत 17 ठिकनों पर छापेमारी कर रही है। टीम पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े लोगों के घर को खंगाल रही है। बिहार के दरभंगा, मोतिहारी और में एनआइए की टीम पीएफआई से जुड़े सदस्यों के खिलाफ छापेमारी करने आई है। मंगलवार सुबह-सुबह एनआइए टीम पहुंची तो इलाके में हड़कंप मच गया। दरभंगा में डॉक्टर सारिक रजा और मो. महबूब के घर एनआइए की अलग-अलग टीम पहुंची है। वहीं मोतिहारी में सज्जाद अंसारी के घर में भी एनआइए की एक टीम पहुंची है। टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी पहुंची है। सभी जगह बाहर से घर को लॉक कर दिया गया है। किसी बाहरी को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। टीम घर के अंदर दस्तावेजों को खंगाल रही है। सूत्रों की मानें इन सभी का तार पीएफआई से जुड़ा है।

इधर, सीवान शहर के पटवाटोली मोहल्ले में राज के घर पर अचानक एनआइए की टीम पहुंची। टीम ने 3 घंटे तक घर को खंगाला। घरवानों से पूछताछ की। इसके बाद दो लोगों को हिरासत में ले लिया। एनआइए दोनों को अपने साथ लेकर गई है। आशंका है कि दोनों के तार पीएफआई से जुड़े हैं। दोनों की पहचान मो.जोहरम और उसके भतीजे राज मोहम्मद के रूप में हुई है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

IIT-JEE/NEET
CUET
BHU / DU / AU
B.SC
B.COM
B.A,LL.B
Selection 1218 in CUET
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स
1. बादशाह बाग 2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन
3. नेवादा 4. गिलट बाजार, वाराणसी
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं
9335418689, 9335720660

## मानहानि मामले में हाईकोर्ट पहुंचे राहुल

**गुहार**

**निचली अदालत के फैसले को दी चुनौती**



**अहमदाबाद ।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी ने मानहानि मामले में सजा माफी के लिए गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्हें सूरत की एक निचली अदालत ने दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उन्हें अपनी लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी थी। राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में 23 मार्च को सूरत की अदालत ने फैसला सुनाया था। कोर्ट ने उन्हें धारा 504 के तहत दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, कोर्ट ने फैसले पर अमल के लिए कुछ दिन की मोहलत भी दी थी। इसके साथ ही उन्हें तुरंत जमानत भी दे दी थी। राहुल ने सूरत की कोर्ट में याचिकाएं भी दाखिल की थीं, जिनमें एक को कोर्ट ने खारिज कर दिया था और दूसरी पर तीन मई को सुनवाई होनी है।

दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, 'कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है?' इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय की मानहानि की है। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## केजरीवाल की सुरक्षा में चूक, घर के बाहर दिखा ड्रोन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। आम आदमी पार्टी का दावा है कि केजरीवाल के घर के बाहर ड्रोन उड़ता दिखा है, जबकि यह नो फ्लाई जोन है। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने बताया कि वह इस मामले को गंभीरता से ले रही है और ड्रोन उड़ाने वाले शख्स की तलाश में जुटी गई है। 30 मार्च 2022 को अरविंद केजरीवाल के घर पर हमला किया गया था। इस बात की जानकारी देते हुए तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जानकारी देते हुए ट्वीट कर आरोप लगाया था कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और वहां लगा बूम बैरियर भी तोड़ दिया।

## कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण खत्म करने पर रोक




**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि कर्नाटक सरकार का मुस्लिमों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण खत्म करने का फैसला 9 मई तक लागू नहीं होगा क्योंकि राज्य ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। उल्लेखनीय है कि राज्य की भाजपा सरकार ने मुस्लिमों का आरक्षण खत्म कर दिया। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का पिछली सरकार का फैसला नौ मई तक जारी रहेगा। नौ जुलाई को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली दलीलों पर बिना किसी पूर्वाग्रह के, इस मामले की आगे की सुनवाई की जाएगी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई शुरू होने पर कहा कि वह दिन में जवाब दाखिल करेंगे। उन्होंने पीठ से कहा कि मैं इसे आज दाखिल करूंगा, लेकिन समस्या यह है कि मैं (सॉलिसिटर जनरल) व्यक्तिगत समस्या का सामना कर रहा हूं। मुझे समलैंगिक विवाह से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही संविधान पीठ के सामने भी दलील रखनी है। कृपया इस मामले को किसी और दिन के लिए सूचीबद्ध करें। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मेहता द्वारा स्थगन के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि सुनवाई पहले ही 4 बार टाली जा चुकी है। मेहता ने कहा कि अदालत द्वारा पारित अंतरिम आदेश पहले से ही याचिकाकताओं के पक्ष में है। दवे ने अदालत से अनुरोध किया कि वह मेहता की दलीलों को दर्ज करें कि मुसलमानों के लिए आरक्षण खत्म करने के आदेश को लागू नहीं किया जाएगा और 30 मार्च 2002 को जारी किया गया आरक्षण देने का आदेश सुनवाई की अगली तारीख तक लागू रहेगा।

## सिसोदिया की बढ़ी मुश्किल

**परेशानी**

**शराब घोटाले की चार्जशीट में पहली बार जुड़ा मनीष सिसोदिया का नाम, तीन और शामिल**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आबकारी नीति केस में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सीबीआई और ईडी की जांच के दायरे में हैं। सीबीआई ने आबकारी नीति मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में मंगलवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में पहली बार मनीष सिसोदिया का नाम आरोपी के तौर पर शामिल किया गया है। सिसोदिया के अलावा सीबीआई की चार्जशीट में बुच्ची बाबू,अर्जुन पांडेय, अमनदीप ढाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता और तेलंगाना सीएम केसीआर की बेटी के कविता का नाम भी है। फिलहाल सिसोदिया 1 मई तक न्यायिक हिरासत में हैं। आबकारी केस में मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को सीबीआई ने 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका पर आगे की जांच जारी रखी है। सीबीआई ने पांच महीने पहले शराब नीति केस में 7 आरोपियों के खिलाफ 10 हजार पन्नों की चार्जशीट राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की थी। इसमें सिसोदिया का नाम नहीं था । सीबीआई की चार्जशीट में दो गिरफ्तार बिजनेसमैन, एक न्यूज चैनल के चीफ, हैदराबाद के एक शराब कारोबारी, दिल्ली के एक शराब डिस्ट्रीब्यूटर और आबकारी विभाग के दो अधिकारी शामिल हैं।

## भारत की पहली वाटर मेट्रो की शुरूआत

**पहल**

**पीएम मोदी ने वाटर मेट्रो' को दिखाई हरी झंडी,**

**3,200 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास कर बोले-राज्यों के लिए मॉडल बनेगा केरल का प्रयोग**



**कोच्चि।** पीएम नरेंद्र मोदी केरल के दौरे पर हैं। पीएम ने अपने दौरे में प्रदेशवासियों को कई सौगातें दी। मोदी ने तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन पर केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा पीएम ने देश की पहली वाटर मेट्रो का भी उद्घाटन किया। मोदी ने करीब 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केरल के कोच्चि में भारत की पहली वाटर मेट्रो की शुरूआत की। इस प्रोजेक्ट की कॉस्ट 1,137 करोड़ रुपए है। वाटर मेट्रो कोच्चि में और उसके आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने इन बोट्स को मैन्युफैक्चर किया है।

अभी इस प्रोजेक्ट के पहले फेज में 8 बोट से शुरूआत की गई है। पूरा प्रोजेक्ट कम्प्लीट होने के बाद 78 फास्ट इलेक्ट्रिकली प्रोपेल्ड हाइब्रिड बोट चलाई जाएंगीं। इससे पॉल्यूशन कम करने में मदद मिलेगी और कोच्चि झील के किनारे बसे परिवारों का मेन मार्केट तक पहुंचना आसान हो जाएगा। वाटर मेट्रो से द्वीप पर रहने वाले एक लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा।

पीएम मोदी ने कहा- कोच्चि वाटर मेट्रो का प्रोजेक्ट भी 'मेड इन इंडिया' है... यूनीक है। इसके लिए मैं कोच्चि शिपयार्ड को भी बधाई देता हूं। वाटर मेट्रो से कोच्चि के इर्द-गिर्द अनेक द्वीपों पर रहने वाले लोगों को सस्ता और आधुनिक ट्रांसपोर्ट मिलेगा। केरल में हो रहा यह प्रयोग देश के अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बनेगा।

कोच्चि वॉटर मेट्रो शहर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में अहम साबित होगी। करीब 1,136 करोड़ रुपये की परियोजना को केरल के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जा रहा है। यह शहर में सार्वजनिक परिवहन व पर्यटन के जरिये आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकेगा। वॉटर मेट्रो कोच्चि व आस-पास के दस द्वीपों के बीच शुरू हो रही है। पहले चरण में कोच्चि वॉटर मेट्रो हाई कोर्ट-वाइपिन टर्मिनल और विट्टिला-कक्कनाड टर्मिनल के बीच शुरू होगी वॉटर मेट्रो पर सफर के लिए न्यूनतम किराया 20 रुपये है, जो लोग नियमित यात्री होंगे वह बस या लोकल ट्रेन की तरह साप्ताहिक और मासिक पास भी ले सकते हैं। बता दें, साप्ताहिक किराया 180 रुपये, जबकि मासिक 600 रुपये वहीं, त्रैमासिक किराया 1,500 रुपये होगा। इतना ही नहीं यात्री कोच्चि मेट्रो ट्रेन और वॉटर मेट्रो में एक ही स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल कर सफर कर सकेंगे। टिकट बुक करने के लिए आप कोच्चि वन ऐप का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सत्यपाल मलिक का दावा, भाग्य में होगा तो राजनाथ बनेंगे पीएम



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रधानमंत्री पद का गंभीर उम्मीदवार बताते हुए कहा कि अगर उनके भाग्य में होगा तो वह प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि वह यह पद छोड़ने के बाद ही 2019 के पुलवामा आतंकी हमले को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हालिया बयान के बाद सोमवार को मलिक की यह टिप्पणी आई। शाह ने कहा था कि हमसे अपना रास्ता अलग करने के बाद वह आरोप लगा रहे हैं। सत्यपाल मलिक ने कहा कि यह कहना गलत है कि मैं यह मुद्दा तब उठा रहा हूं जब मैं सत्ता में नहीं हूं। उन्होंने यह मुद्दा हमले के दिन भी उठाया था।जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में फरवरी 2019 में सुरक्षा बलों के काफिले पर आतंकवादी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। मलिक उस वक्त जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। उन्होंने इस हमले के सिलसिले में हाल में खुफिया सूचना की नाकामी का आरोप लगाया था और यह भी कहा था कि केंद्र सरकार ने सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही के लिए विमान देने से इनकार कर दिया था। पिछले सप्ताह शाह से जब इस आरोप के बारे में पूछा गया कि क्या मलिक को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का हालिया समन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना से जुड़ा है, तब उन्होंने कहा था कि इस तरह के आरोप सही नहीं है क्योंकि मलिक को जांच एजेंसी ने पहले भी बुलाया था।

## संक्षेप


### टयूबवेल का कुंडी काट कर स्टेप्लाइजर सहित अनेकों सामान चोरी

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासी धीरज कुमार पुत्र नन्द लाल अपने खेत में घर बना कर टयूबवेल मशीन लगाए हुए हैं। बीती रात चोरों ने घर की कुंडी काट कर स्टेप्लाइजर सहित अनेकों सामान चोरी कर ले गए। सोमवार को धीरज कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

### मौसम की मार से आम की फसल हुई बर्बाद

**बहरिया।** स्थानीय खण्ड विकास क्षेत्र के गांवों में आंधी तूफान आने से आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है किसानों ने बताया कि इस बार आम के पेड़ में फल काफी अच्छा आया था पर प्राकृतिक तूफानों की वजह से काफी फल टूट कर नीचे गिर गये जो कि अभी किसी काम के भी नहीं है। न तो इनका अचार भी नही बनाया जा सकता है। राधाकृष्ण तिवारी के पास लगभग पांच बीघे आम की बाग है। इन्होंने बताया कि यदि आंधी न आई होती तो आम की फसल से अच्छी आमदनी होती लेकिन तूफानों की वजह से लगभग 40 प्रतिशत फल नीचे गिर जाने के कारण काफी नुकसान उठाना पड़ राह है।

# हाई स्कूल में रुद्र त्रिपाठी व इंटरमीडिएट में वंशिता सुसारी जिले की टॉप टेन सूची में शामिल





**शंकरगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा हाई स्कूल और इंटरमीडिएट 2023 का परीक्षा फल घोषित किया जिसमें शंकरगढ़ क्षेत्र के दो छात्र रुद्र त्रिपाठी व वंशिता सुसारी ने जिले की टॉप टेन सूची में स्थान बना कर अपने विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया। हाई स्कूल में राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ के रुद्र त्रिपाठी 96.33 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। रुद्र की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र के उज्वल भविष्य की कामना किया। इसी प्रकार इंटर मीडिएट की परीक्षा में कैम्ब्रिज हाई स्कूल एंड कालेज शंकरगढ़ की छात्रा वंशिता सुसारी ने 94.60 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय के अमित पाण्डेय हाई स्कूल में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी व छात्र छात्राओं के माता पिता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया। एन एस के इंटर कॉलेज शंकरगढ़ की आरजू सिंह ने हाई स्कूल में 94.3 प्रतिशत व स्नेहिल सिंह ने इंटरमीडिएट में 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से सभी छात्र छात्राओ की बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर बधाई देते हुए जीवन मे और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया गया।



### जिले के टापटेन में शामिल साक्षी मौर्या

**बहरिया।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर, रामगढ़ कोठारी में स्थित नईम उद्दीन मेमोरियल इण्टर कालेज की हाईस्कूल की छात्रा साक्षी मौर्या पुत्री शशीकान्त मौर्य 95.83 प्रतिशत अंक लाकर जिले के टापटेन में छठां स्थान प्रापकर विद्यायल का नाम रोशन किया है। पूरा विद्यालय परिवार साक्षी के सफलता पर खुशी जाहिर करते हुये बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधक मो0 आरिफ सिद्दीकी ने सभी सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर इनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुये बधाईयां दी। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। उक्त अवसर पर मो0 फरहान सिद्दीकी प्रधानाचार्य, मो0 आसिफ, मो0 आशिक, मो0 नौशाद पूर्व प्रधान आदि।

## उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के द्वारा नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, कविता पाठ माध्यम से लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ रहने की जानकारी दी गई। इस अभियान की शुरुआत सैनिक बाल विकास विद्यालय से होती है, जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने निबन्ध लेखन, चित्रकला, पेपर क्राफ्ट के द्वारा सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की इस पहल को सराहा उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए आमजनमानस को इसका भागीदार बनना चाहिए।

प्लास्टिक से होने वाले नुकसान पर्यावरण को नुकसान पहुचाने वाले क्रियाकलापों की रोकथाम, जल संरक्षण आदि के बारे में आदर्श इण्टर कालेज कौशांबी में नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। स्वच्छता के लिए शपथ भी दिलाया गया इस मौके पर केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड की परीक्षा में श्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज के छात्रों ने प्राप्त किया सर्वाधिक अंक




कालेज की छात्र-छात्राएं प्रसन्न मुद्रा में

**मेजा।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा फल घोषित होने पर क्षेत्र के पंडित श्री नाथ तिवारी इंटर कॉलेज के निम्नलिखित छात्र- छात्राएं इंटर में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कालेज के नाम रोशन किया। इंटर में अपोहन प्रकाश, ने 80.8%, आदिती मिश्र 75.8%, आयुषी शुक्ला 73.6%, श्रेया शुक्ला 69.8%, आस्था शुक्ला 68% रोशनी शुक्ला 66% सौम्या तिवारी 64% निधि तिवारी 59%, सोनाक्षी यादव 59.6%,जया शुक्ला 56% अंक प्राप्त किया। इसी तरह से हाई स्कूल में,1-आयुष शुक्ला 81% 2-प्रीतू तिवारी 79%,3-श्रेयांश शुक्ला 79%, स्मृति तिवारी 78%, स्मिता श्रीवास्तव 74%, सोनी आदिवासी 70%, आकाश कनौजिया 66%, मिथिलेश कुमार 64%, अंजली पटेल 65%, वंशिका श्रीवास्तव 61% अंक पाकर सफल हुए। कालेज के प्रधानचार्य पंकज तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई,देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## संक्षेप

### गोष्ठी आयोजित कर मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

**सहसों।** मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मच्छरों के काटने से एवं आसपास में फैली गंदगी तथा घर में साफ सफाई का ना होना बहुत बड़ा कारण है। उक्त बातें हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों में आयोजित विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर ए के मिश्र पूर्व प्रोफेसर ने कही। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ऐसे में लोगों को अपने अपने घरों में साफ-सफाई, साफ कपड़े, ताजा भोजन एवं घरों के आसपास जलजमाव ना होने दें, भोजन करते समय हाथ को साबुन से अवश्य धोलें मलेरिया रोग का सबसे अच्छा तरीका बचाव ही है। इस अवसर पर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ अमित यादव ने अपने सुझाव देते हुए बताया कि मलेरिया बीमारी क्षेत्र में बहुत ही तेजी से फैलने लगी है जोकि लोगों को अपने चपेट में ले रही है। मलेरिया बीमारी एक ऐसी बीमारी है जो एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के रूप में काटने से यह बीमारी लोगों में हो जाती है। ऐसे में लक्षण के अनुसार ठंडी देकर बुखार आना एवं लोगों में उल्टी, भूख न लगना, आदि समस्याएं होने लगती हैं। बचाव के रूप में इसका चिकित्सीय इलाज डॉक्टरों का परामर्श सही समय पर लेना चाहिए नहीं तो यह बीमारी बहुत ही घातक परिणाम देती है। इसके बचाव के लिए घरों के आसपास जलजमाव ना होने दें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, पूरी बांह का कमीज पहने, घर में जालीदार दरवाजे का इस्तेमाल करें, मच्छर रोधी अगरबत्ती या आलाउट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा समय-समय पर चिकित्सीय परीक्षण, चिकित्सकों का परामर्श एवं सावधानी ही बीमारियों का बचाव है। इस मौके पर प्रमुख रूप से इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, राम सिंह पूर्व प्राचार्य, शिवकुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, राम चन्द्र पांडेय, जय शंकर पांडेय, अखिलेश दूबे आदि लोगों ने मौजूद होकर डॉक्टरों की सलाह लेते हुए जागरूक हुए।

### मऊआइमा की गद्दी गुरु टीना महामंडेश्वर की चेला मुस्कान किन्नर को सौंपी गई

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र को लेकर असली और नकली किन्नरों के बीच मामला सुलझा।नकली किन्नर फरार मऊआइमा की गद्दी मुस्कान किन्नर को मिली। साथियों के साथ मुस्कान ने मन्दिर में घंटा चढाया । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा क्षेत्र में काफी दिनों से नकली किन्नर असली किन्नर को मारते पीटते चले आ रहे थे। मुस्कान किन्नर को कई बार मारा पीटा गया। गत दिनों किन्नरों के गुरु थाने आकर नकली किन्नरों को पकडने की मांग करते हुए कहा था कि मऊआइमा की गद्दी की मालिक मुस्कान किन्नर हैं। असली किन्नरों कि भीड देख कर नकली फरार हो गए। मुस्कान किन्नर ने बताया कि गुरू टीना महामंडेश्वर का वह चेला है । उन्होंने मऊआइमा की गद्दी क्षेत्र सौंपी है। मुस्कान किन्नर ने अपने चेलों गुडिया, पूजा, राधा, नन्दनी, गौरी, संजना आदि के साथ सोमवार को देर शाम थाना स्थित मन्दिर में घंटा चढाया । साथ साथ नगाड़ा, नाच भी हुआ। मुस्कान किन्नर को मऊआइमा क्षेत्र की गद्दी मालिक बनाए जाने पर चेला किन्नरों में हर्ष व्याप्त है। मुस्कान किन्नर ने कहा कि यदि नकली किन्नर देखायी दिए तो सभी मिलकर पुलिस को सौंप देंगें।

### महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में पृथ्वी दिवस मनाया गया



**नैनी।** दुनिया भर में हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है , जो पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है । इसी तारतम्य में महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकण्डरी स्कूल दूरवाणी नगर नैनी प्रयागराज में प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी के कुशल दिशा निर्देशन में विद्यालय प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया । विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने पृथ्वी दिवस से सम्बन्धित स्लोगन, मानचित्र, चित्रकारिता सुन्दर सुसज्जित कालात्मक ढंग से प्रस्तुत किए । आकर्षक कलाकृतियों के साथ छात्र /छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया । दरअसल पृथ्वी एक बहुत व्यापक शब्द है, इसमें जल , हरियाली, वन्यप्राणी, प्रदूषण, और इससे जुड़े अन्य कारक भी शामिल हैं । विद्यालय प्रांगण में बच्चों की प्रस्तुतियों के बाद प्रधानाचार्या जी ने बताया कि धरती को बचाने का आशय है इन सभी की रक्षा के लिए पहल करना । जब पूरी दुनिया 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाती है लेकिन अमेरिका में इसे वृक्ष दिवस के रूप मे मनाया जाता है । पहले पूरे देश में साल में दो दिन (21 मार्च और 22 अप्रैल थे) पृथ्वी दिवस मनाया जाता था । लेकिन 1970 से 22 अप्रैल को मनाया जाता है । पर्यावरण संरक्षण करना हमारा परम कर्तव्य है । इसी के साथ प्रधानाचार्या जी ने कार्यक्रम का समापन करते हुए वाणी में विराम दिया ।

### थाना थरवई से वरिष्ठ उपनिरीक्षक की हुई विदाई



**थरवई।** थरवई थाने पर कार्यरत वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजीव कुमार श्रीवास्तव का थाना धूमनगंज के चौकी प्रभारी नीवाा में स्थानांतरण हो जाने पर मंगलवार को थरवई थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने भावभीनी पूर्वक की गई विदाई। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक लोकेंद्र त्रिपाठी उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार एसआई सोहराब अहमद एसआई राहुल कुमार मुख्य आरक्षी सुनील कुमार आरक्षी अमित कुमार रामेश्वर नाथ राय आदि पुलिस कर्मी विदाई समारोह में उपस्थित रहे।

### खेत में बकरी चली जाने पर मार पीर कर किया जख्मी दो के खिलाफ मामला दर्ज

**मऊआइमा।** खेत में बकरी चली जाने पर जब युवती ने भगाया तो उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गांव मोहन का पूरा घीनपुर निवासी लक्ष्मी कांत सिंह पुत्र स्वर्गीय शीतला प्रसाद का आरोप है कि उसके खेत में पडोसी की बकरी चली गई तो उसकी बेटी पूनम सिंह हाकने लगी। आरोप है कि पडोसी मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिए। लक्ष्मीकांत सिंह ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के ही शुभम और राज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## सरकारी भूमि पर अवैध ढंग से कराए जा रहे भवन निर्माण को राजस्व टीम ने करवाया ध्वस्त



अवैध ढंग से हो रहे भवन निर्माण को ध्वस्त करता जेसीबी

**ध्वस्तीकरण**

**सरकारी जमीन पर निमार्णाधीन भवन को ध्वस्तीकरण का एसडीएम ने दिया था आदेश**

**मऊआइमा।** सरकारी जमीन पर निमार्णाधीन भवन को एस डी एम के आदेश पर राजस्व टीम और स्थानीय पुलिसकर्मियों के सहयोग से जेसीबी लाकर ध्वस्त करवा दिया।

मऊआइमा के ग्राम अलावलपुर में स्थित ग्राम समाज की जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा करके आर सी सी भवन का निर्माण सत्यम पुत्र बडेलाल द्वारा कराया जा रहा था। एस डीएम सार्थक अग्रवाल आई ए एस से शिकायत पर राजस्व विभाग ने जांच की तो निमार्णाधीन भवन सरकारी जमीन पर बनने की रिपोर्ट पर मंगलवार को एस डीएम सार्थक अग्रवाल आई ए एस के आदेश पर राजवस्व विभाग के लेखपाल राज कुमार सागर, विकास सिंह, शारदा प्रसाद पांडेय, अविनाश पांडेय, मोहम्मद वारिस, भारत लाल आदि ने स्थानीय पुलिसकर्मियों के सहयोग से जेसीबी से ध्वस्त करवा दिया।

### तालाब पर अवैध रूप से बने भवनों को तत्काल हटा लें वरना चलेगा बुलडोजर

**मऊआइमा।** तालाबों पर अवैध रूप से कब्जा करके भवन निर्माण करने वाले पन्द्रह दिन में आतिक्रमण हटा लें। वरना बुलडोजर से गिराने का खर्च के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। राजस्व टीम ने जांच कर दी चेतावनी दी है। मऊआइमा क्षेत्र के लेखपाल राजकुमार सागर सहित तहसील कर्मियों के साथ कस्बा के विभिन्न तालाबों पर हुए अवैध कब्जे को देखा । तथा निरीक्षण के दौरान उन्होंने कस्बे के बैहराना चौराहा के समीप स्थित तालाब पर कतिपय लोगों द्वारा दबंगई एवं भू अभिलेखों में हेरफेर कर कब्जा करने की शिकायत की जांच करने पहुंचे। राजस्व कर्मियों ने बताया कि सरकारी अभिलेखों में उक्त आराजी तालाब के रूप में दर्ज थी,जिसे कतिपय भू माफियाओं द्वारा फर्जी तरीके से कब्ज कर बिक्री भी किया जा रहा है।स्थलीय मुआयना के बाद उन्होंने आतिक्रमण कारियों को पन्द्रह दिन में तालाब की भूमि पर बने भवनों को खाली कर दें । अन्यथा राजवस्व प्रशासन द्वारा बुलडोजर चला कर तालाब को कब्जा मुक्त कराया जसएगा।साथ साथ बुलडोजर का गिराने का खर्च के मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। जिससे जालसाजी कर बेचने वालों में हडकंप मच गया है।

## नवाबगंज में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर युवक झुलसा, आग से हजारों का हुआ नुकसान

**आकाशीय बिजली**

**बुदौना गांव का है बीती रात की घटना, पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**नवाबगंज।** मौसम के बदले रूख के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक युवक झुलस गया। इतना ही नहीं निकली चिंगारी से हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। वहीं झुलसे युवक को आनन फानन उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

थाना नवाबगंज के बुदौना गांव निवासी मुन्ना दूबे उर्फ कृपाशंकर अपने आवास के सामने मड़हे में दुकान खोल रखा है। बताया जाता है कि सोमवार देर रात मौसम में बदलाव होने के साथ ही बादलों की गरज शुरू हो गई। वहीं बादलों की गरज से आकाशीय बिजली कृपाशंकर के द्वार पर आ गिरा। जिससे निकली चिंगारी से जहां दुकान के मड़हे में आग लग गई। जबकि मड़हे में बैठे मुलायम यादव निवासी फाफामऊ गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं घटना के बाद आनन फानन झुलसे मुलायम यादव को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि मड़हे में आग लगने से हजारों रुपए का नुकसान होना बताया जा रहा है। वहीं घटना के बाद लोगों में खलबली मची रही। जबकि घटना मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## पंचायत भवन का ताला तोड़कर अनेकों समान पर चोरों ने किया हाथ साफ



**मऊआइमा।** बीती रात पंचायत भवन का ताला तोड कर चोरों ने आधा दर्जन कुर्सी सहित अनेकों सामान चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवां में स्थित पंचायत भवन का बीती रात चोरों ने ताला तोड कर आधा दर्जन कुर्सी ,स्टेप्लाइजर, इंवायटर ,सहित अनेकों सामान चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान कल्पना देवी पत्नी कमल पटेल ने थाने में तहरीर दी कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मेजा ऊर्जा निगम ने किया जूट बैग मेकिंग कार्यशाला का आयोजन

**कार्यशाला**

**अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा डॉ. चिन्मयी दास ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को दीं शुभकामनाएं**



जूट बैग मेकिंग कार्यशाला में मौजूद महिलाएं

**मेजा।** आसपास के गांव की महिलाओं को कौशल निर्माण के अवसर प्रदान करने हेतु, मेजा ऊर्जा निगम में जूट बैग मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 32 महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को कुशल कारीगरों द्वारा प्रशिक्षित किया गया जिन्होंने उन्हें जूट बैग और अन्य उत्पाद बनाने की विभिन्न तकनीकें सिखाईं। अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा डॉ. चिन्मयी दास ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला में भाग लेने वाली महिलाओं को बैग बनाने के लिए जूट सामग्री और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। प्रतिभागियों को अपने उत्पादों की मार्केटिंग और बिक्री के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मेजा ऊर्जा निगम की सामुदायिक विकास पहलों ने हमेशा स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। जूट बैग मेकिंग स्किल बिल्डिंग वर्कशॉप पर्यावरण और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

कार्यक्रम में अपराजिता महिला समाज की उपाध्यक्षा श्रीमती रुचि कुमार, श्रीमती सुजाता साबत, श्रीमती कंचन सिंह, एवं आर एंड आर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिर्च की फसल नष्ट करने को लेकर मार पीट मुकदमा दर्ज

**सोरांव।** इलाके के अंसवा ऊर्फ हाजीगंज गांव में मिर्च की फसल नष्ट करने को लेकर मार पीट हो गई । पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । उक्त गांव निवासिनी के सुनीता देवी की बेटी वंदना अपने क्षेत्र में मिर्ची की रखवाली कर रही थी । आरोप है कि पड़ोस के नीरज, महेश व अन्य लोगों ने खेत में कूद कर जबरन मिर्च की फसल उखाड़ने लगे । विरोध करने पर आरोपी मारने पीटने लगे तथा बीच-बचाव करने पहुंचे वं उसकी मा को भी मारा पीटा गया । पीड़िता की तहरीर पर नीरज, महेश, अनीता तथा विनय के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोग

**जसरा।** हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर जसरा बाजार में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित लोगों ने बहुगुणा जी के विकास के लिए किए गए कार्यों को याद किया। इस अवसर पर हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति के जिला अध्यक्ष संत प्रसाद पांडे ने बताया कि इलाहाबाद के विकास के लिए हमें हेमवती नंदन बहुगुणा के कार्यों को आगे बढ़ाना होगा। हेमवती नंदन बहुगुणा ने अपने मुख्यमंत्री काल में इलाहाबाद को एक औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान दिया तथा गांव और खेत को सड़क और नहर से जोड़ने का काम किया। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी विशेश्वर नाथ मिश्र तथा संचालन आनंद कुमार ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिल मिश्रा, शंकर लाल मधुकर, सचिन श्रीवास्तव, नितिन केसरवानी, आनंद जायसवाल, चंद्रप्रकाश केसरवानी, अखिलेश त्रिपाठी, पंचम प्रधान, दयाशंकर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

# नगर निकाय चुनाव में भाजपा महिला मोर्चा ने संभाली कमान



जनसंपर्क करतीं भाजपा महिला मोर्चा

**प्रयागराज।** नगर निकाय चुनाव की बेला ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है त्यों-त्यों शहर में चुनावी समर परवान चढ़ रहा है। सभी पार्टियों ने अपने मोर्चे खोल दिये हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी महानगर प्रयागराज महिला मोर्चा भी सक्रिय हो चुकी है। आज अल्लापुर क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री कविता त्रिपाठी की अगुवाई में? महिला मोर्चा ने महापौर प्रत्याशी गणेश केशरवानी और बाघम्बरी हाउसिंग वार्ड नं. 38 से भाजपा पार्षद प्रत्याशी सविता द्विवेदी के पक्ष में जिला मीडिया प्रभारी चंद्रा अहलूवालिया, महामंत्री गीता सिंह,स्मृति श्रीवास्तव, स्वारिका भारद्वाज, अनीता पांडे, पूनम द्विवेदी, मीना निषाद व अल्लापुर मंडल पदाधिकारियों के साथ वृहद जनसंम्पर्क किया। जन-जन से समाज के उत्थान एवं प्रयागराज नगर निगम के काया पलट के लिए एकमात्र विकल्प ह्लकमल के फूलह्व को अत्यधिक मतों से विजयी बनाने की अपील की। महिला मोर्चा की जिला इकाई की पदाधिकारियों ने अल्लापुर क्षेत्र के अनेक मोहल्लों के घर-घर दस्तक देकर भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चकबादशाहपुर वि0खं0 चायल, जनपद कौशाम्बी**

**अल्प कालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चकबादशाहपुर विकास खण्ड चायल जनपद कौशाम्बी में 15वॉ वित्त आयोग, 14वॉ वित्त आयोग पंचम राज्य वित्त योजना, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौंचालय निर्माण मरम्मत, स्वच्छता व नाली निर्माण मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर, इण्टर लाकिंग, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट पम्प, सेनेटाइजर कार्य, सोक्ता गड्ढा, व अन्य कार्यों में उपयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 26-04-2023 से 07-05-2023 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 08-05-2023 को समय दोपहर 12 बजे में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामाग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा।

**कंचन देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चकबादशाहपुर
वि0खं0 चायल
जनपद कौशाम्बी।

**वेद प्रकाश**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चकबादशाहपुर
वि0खं0 चायल
जनपद कौशाम्बी।

पत्रांक-मेमो/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक-25/04/2023

**जवाहर नवोदय विद्यालय**
**मेजा खास, इलाहाबाद (उ0प्र0)**
**(Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)**

**जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-कक्षा-6वीं-2023**
**ऑनलाइन प्रवेश पत्र उपलब्ध**

परीक्षा का प्रवेश पत्र वेबसाइट www.navodaya.gov.in अथवा www.cbseitms.rcil.gov.in से किसी भी कम्प्यूटर या इंटरनेट सुविधायुक्त व्यक्तिगत कम्प्यूटर/मोबाइल द्वारा अभ्यर्थी का रजिस्ट्रेशन नंबर डाल कर डाउनलोड किया जा सकता है। समस्त अभ्यर्थी स्वयं अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रिंट करवा लें। प्रवेश पत्र खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय में भी साफ्ट कॉपी में उपलब्ध करा दिया गया है। समस्त अभ्यर्थी परीक्षा तिथि पर परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें, साथ ही प्रवेश पत्र दो प्रतियॉं में डाउनलोड एवं प्रिंट करके अपने कक्षा-5वीं के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य से हस्ताक्षर मुहर एवं एक फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड/विद्यालय आई0डी0 के साथ अपने परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों। प्रवेश पत्र एवं मूलप्रति पहचान पत्र न उपलब्ध होने पर किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा, परीक्षा उपरान्त प्रवेश पत्र की एक प्रति कक्षा निरीक्षक द्वारा जमा कर ली जायेगी।

**परीक्षा तिथि : 29 अप्रैल 2023(शनिवार) प्रातः 11.30 बजे से 1.30 अप0**
Password:Date Of Birth of Candidate


**(सुधा सेठी)**
**प्राचार्य**
**जवाहर नवोदय विद्यालय**

Ref.No. F.4-12/JNVP/2023-24/75-79 Date-25/04/2023



वार्ड संख्या 75 झूंसी कोहना से अनिल कुमार जनसंपर्क करते हुए

# प्रयागराज



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 39.00 |
| न्यूनतम : | 28.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## वार्ड संख्या 75 झूंसी कोहना से अनिल कुमार सब पर भारी

**प्रयागराज।** नगर निगम निकाय चुनाव में वार्ड संख्या 75 झूंसी कोहना से निर्दल प्रत्याशी अनिल कुमार उर्फ.धुन्नू यादव सभी प्रत्याशियों पर भारी पड़ रहे हैं। लगातार अपार भीड़ के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क कर चुनाव चिन्ह छाता से सभी को अवगत करा रहे हैं। आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 4 झूंसी में शाम सात बजे अजय सिंह के संयोजन में प्रबुद्ध मतदाताओं की वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पार्षद पद के प्रत्याशी श्री अनिल कुमार उर्फ धुन्नू यादव (पूर्व प्रधानपति) के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सैकड़ों उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने मुक्तकंठ से अनिल कुमार के व्यक्तिगत व्यवहार एवं विकासोन्मुख कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। सभी लोगों ने निकाय चुनाव में जातिगत और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर पूर्व की भांति पुनः अपना आशीर्वाद और समर्थन देकर अनिल कुमार उर्फ धुन्नू यादव को भारी मतों से जीतने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूतपूर्व सैनिक कैप्टन दशरथ सिंह और कैप्टन वाई पी सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से मुख्य वक्ता श्री सुरेश सिंह और पत्रकार राजेन्द्र सिंह, अनिल राय, अरविंद पांडेय, महेंद्र विश्वकर्मा, मोहम्मद आफताब, दीपक सिंह, मुनीम पांडेय, दीपक राय, आयुष यादव, आरडी सोनकर आदि समस्त समाज के बौद्धिक मतदाताओं ने अपने-अपने विचार साझा किए। उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों का पार्षद प्रत्याशी अनिल कुमार उर्फ धुन्नू यादव ने आभार जताया। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व सैनिक अजय सिंह द्वारा किया गया।

## अध्यापकों के परिश्रम से निखरती है बच्चों की प्रतिभा : बीईओ



बीआरसी कौड़िहार में सम्मानित बच्चे

**प्रयागराज ।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों को बीआरसी कौड़िहार पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओमप्रकाश मिश्र ने कहा कि- प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय अपने यहां के बच्चों को इस परीक्षा में सम्मिलित कराएं एवं बच्चों के साथ ऐसा प्रयास करें कि पर्याप्त मात्रा में बच्चों का चयन हो सके।विकास खण्ड कौड़िहार के उच्च प्राथमिक विद्यालय मधेशा से इस परीक्षा हेतु कुल 11 बच्चे चयनित हुए हैं। जो कि जिले के किसी एक विद्यालय से चयनित होने वाले सर्वाधिक बच्चों की संख्या है। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर कायस्थान से 2 छात्रों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय उठगी, दुखियापुर, कन्जिया व मोहम्मदपुर से क्रमशः 1-1 छात्रों का चयन हुआ है। इन सभी विद्यालय के बच्चों के साथ साथ इनके मेंटर अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से मधेशा से सुधीर कुमार निषाद, विक्रम श्रीवास्तव, मंजू यादव, उठगी से अनीता सोनकर, विनीता त्रिपाठी, फतेहपुर कायस्थान से उदय नारायण मिश्र, रितु यादव, कंजिया से वंदना एवं प्रीति श्रीवास्तव मोहम्मदपुर से गायत्री सरोज एवं दुखियापुर से शकील अहमद आदि को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी एकेडमिक रिसोर्स पर्सन जय सिंह, प्रभाशंकर शर्मा, विष्णु कुमार मिश्र, एवं अजमल अमीन अंसारी ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ राधे कृष्ण, बालेंद्र पांडेय, राजेश शुक्ला सहित समस्त बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

## विकास के लिए सपा का समर्थन करें, अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें : नरेन्द्र सिंह



**प्रयागराज।** नगर निगम के चुनाव में सपा के मेयर एवं पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मंगलवार को नगर के जार्जटाउन, सोहबतियाबाग, बैरहना तथा अल्लापुर में पुराने समाजवादियों एवं बुद्धिजीवीयों से सम्पर्क करके पार्टी के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने मेयर सहित सभी पार्षद पदों पर सपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील किया, और कहा कि भाजपा ने स्मार्ट सिटी की जगह टूटी हुई गलियां और सड़कें, बजवजाती नालियां, गंदगी तथा कूड़े का ढेर, और नगर निगम में भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं दिया।

नरेन्द्र सिंह ने यह भी कहा कि पूरे प्रदेश सहित प्रयागराज में जो भी विकास हुआ वह केवल पूर्ववर्ती सपा सरकार मे ही किया गया। इसीलिए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को विकास पुरुष कहा जाता है। नरेन्द्र सिंह ने सभी का आवाहन करते हुए कहा कि प्रयागराज के सम्यक विकास के लिए, विकास पुरुष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए सपा मेयर उम्मीदवार अजय श्रीवास्तव सहित सभी पार्षद उम्मीदवारों को विजई बनाने की अपील किया। दरअसल में सपा नेता नरेंद्र सिंह का प्रयागराज सहित अन्य जनपदों में भी कार्यकताओं में अच्छी पैठ है। सपा कार्यकताओं की माने तो नरेंद्र सिंह जिस इलाके में जाते हैं चाहे जिस पार्टी के लोग हैं उनके व्यक्तित्व उनके सकुशल व्यवहार कासम्मान करते हैं। इस नगर निकाय चुनाव में एड़ी चोटी का जोर प्रत्याशियों को जिताने में लगा दिए हैं।

## 'स्पीक मैके संस्था' द्वारा कथक नृत्य कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में उपस्थित बच्चे व संस्था के कलाकार

**प्रयागराज।** मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय फाफामऊ बाजार नगर क्षेत्र प्रयागराज में 'स्पीक मैके संस्था' के कलाकार रूद्र शंकर मिश्रा द्वारा कथक कार्यशाला का आरंभ किया गया । साथ साथ बच्चों को भी सिखाया गया बच्चे बहुत ही उत्साह पूर्वक कार्यक्रम का आनंद उठाएं। कार्यशाला में बच्चों के साथ साथ नगर क्षेत्र एआरपी अनुरागिनी सिंह, डॉ स्मिता श्रीवास्तव, अजय कुमार स्पेशल एजुकेटर श्रीमती पूर्णिमा श्रीवास्तव व अभिभावक उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्घाटन सरस्वती दीप प्रज्वलित करते हुए सरस्वती वंदन के साथ आरंभ किया गया कार्यशाला का संचालन इंचार्ज प्रधानाध्यापक श्रीमती पूनम भास्कर द्वारा किया गया व उनके सहायक अध्यापक संध्या पुरी शशि प्रभा मित्र शिक्षामित्र सीमा जायसवाल शिक्षामित्र द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में रूद्र प्रकाश मिश्र को प्रधानाध्यापक पूनम भास्कर द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अनुरागिनी सिंह ने किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय नृत्य को जन जन तक पहुंचा कर भारतीय नृत्य शैली से बच्चों व अभिभावकों को जागरूक करना है।

## संत निरंकारी मिशन द्वारा देशभर में आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर

### बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में प्रयागराज में 173 निरंकारी भक्तों ने किया रक्तदान



रक्तदान शिविर में रक्तदान करते निरंकारी भक्त

**प्रयागराज।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा) के द्वारा आज नया बैरहना स्थित निरंकारी सत्संग भवन पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 9:00 से प्रारंभ हुए रक्तदान शिविर में कुल 173 श्रद्धालु भक्तों एवं सेवादारों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। इस दौरान स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल को 100 यूनिट और जिला मंडली चिकित्सालय (काल्विन) को 73 यूनिट रक्त प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त संपूर्ण भारत में 50,000 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

इस शिविर का उद्घाटन स्थानीय जोनल इंचार्ज अशोक कुमार सचदेव जी ने किया और मानव परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान सामाजिक कारक न होकर मानवता का एक ऐसा दिव्य गुण है जो योगदान की भावना को दशार्ता है ।

उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए उन्होंने आगे फरमाया कि रक्तदान निष्काम सेवा का एक ऐसा सुंदर भाव होता है जिसमें केवल सर्वत्र के भले की कामना ही मन में होती है। हृदय में यह भावना उत्पन्न नहीं होती कि केवल हमारे सगे संबंधी या हमारा परिवार ही महत्वपूर्ण है अपितु समस्त संसार ही हमारा परिवार बन जाता है।

उल्लेखनीय है कि निरंकारी जगत में 'मानव एकता दिवस' का दिन युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की प्रेरणादाई दिखलाइए को समर्पित है ।बाबा गुरबचन सिंह जी ने समाज उत्थान हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया ,जिनमें सादा शादियां, नशा मुक्ति एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया। इसके साथ ही सेवा के पुंज को समर्पित ,गुरु भक्त चाचा प्रताप सिंह एवं अन्य महान बलिदानी संतो को भी इस दिन स्मरण किया जाता है। 'मानव एकता दिवस' के अवसर पर समूचे देश के विभिन्न स्थानों पर सत्संग कार्यक्रमों के साथ विशाल रूप में रक्तदान शिविरों की श्रृंखलाओं का दौर आरंभ हो जाता है ,जो वर्ष भर चलता है।

रक्तदान के महत्व को बताते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज अपने संदेशों में फरमाया है कि 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं'। हम रक्त देते हुए यह विचार नहीं करते कि हमारा रक्त किसके शरीर में जा रहा है , यह तो एक सामाजिक कार्य से बढ़कर मानवीय मूल्य को दशार्ता है ।

इस अवसर पर स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल से डॉक्टर रवि रानी मिश्रा जी (रक्त केंद्र प्रभारी), विनोद तिवारी जी एवं उनकी टीम और जिला मंडली चिकित्सालय (काल्विन) से डॉक्टर एस. के. गुप्ता जी ,सुशील तिवारी जी एवं उनकी टीम विशेष रूप से रक्त संग्रह हेतु उपस्थित हुए ।अंत में स्थानीय सेवादल संचालक अशोक कुशवाहा जी ने आए हुए अतिथियों ,पूरी मेडिकल टीम एवं आई हुई साध संगत का स्वागत करते हुए सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन श्री ओंकार नाथ जी ने किया।



## संक्षेप

### मच्छरों ने जीना किया दुश्वार

**कौशाम्बी।** दोआबा के ग्रामीण अंचल के गांवों में दवा का छिड़काव नहीं कराने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। दिन-रात मच्छर लोगों को डंक मार रहे हैं। घर-बाहर कहीं भी लोगों को मच्छरों से निजात नहीं मिल रही है। लोगों का कहना है कि कई बार जिम्मेदारों से दवा का छिड़काव कराने के लिए कहा गया। इसके बाद भी दवा का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में रोष है।

### चाकू के साथ पकड़ा गया युवक

कौशाम्बी। कड़ाधाम थाने की पुलिस ने अलीपुर जीता गांव के समीप संदिग्ध दशा में खड़े युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी ली तो युवक के पास से नाजायज चाकू बरामद हुआ। पकड़ा गया युवक अलीपुरजीता गांव का विनोद कुमार पुत्र राजकुमार है। उपनिरीक्षक ने बताया कि आरोपित युवक घटना की फिराक में खड़ा था। जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपित युवक को जेल भेज दिया है।

### सड़क पटरी पर अतिक्रमण से लग रहा जाम

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बेरूआ बाजार में आड़े-तिरछे वाहन खड़े होने से जाम लगा रहता है। सड़क पटरी पर अतिक्रमण से यह समस्या और बढ़ जाती है। वहीं तिराहे पर खड़ी पुलिस भी मूकदर्शक बनी रहती है। सबसे ज्यादा दिक्कत सुबह-शाम होती है। घंटों वाहन रेंगते रहते हैं। ऐसे में जहां मुसाफिरों को आवागमन में दिक्कत सामना करना पड़ता है वहीं स्थानीय व्यापारी भी हैरान व परेशान रहते है। शिकायत के बाद भी जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही है।

# एन.डी .गर्ल्स ब्वायज इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



रिजल्ट देख खुशियां मनाते छात्र व शिक्षक

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एन .डी. गर्ल्स ब्वायज इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम बेहतर देखने को मिला। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा 25 अप्रैल को हुआ। परीक्षा परिणाम देखते ही छात्र एवं छात्राओं तथा अध्यापकों के चेहरे खिल उठे और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए बधाई दिया। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में आदित्य कुशवाहा 84.33:, प्रियांशु सिंह 82.50: , आदित्य पटेल 82.17 प्रतिशत, श्रद्धा शुक्ला 82:, अभिषेक कुमार 81.83:, विवेक त्रिपाठी 80.50:, अनुराधा यादव 80.33 पंकज कुमार, 78.83, अंशिका कुशवाहा 77.67 मोनिका 76.67 तथा कृष्णा मिश्रा ने 76.67 अंक प्राप्त किया। वही इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में प्रदीप कुमार 91 प्रतिशत, दीपक मौर्य 89.40 प्रिया कुशवाहा ने 81.20 कृतिका विश्वकर्मा 80.80 दीपांजलि प्रजापति 80.40 अशोक कुमार 77.80 सिमरन निशा 67.60 दीपांशु कुशवाहा 66.80 अंशु पाल 66.60 पुष्पेंद्र कुमार 65.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने बच्चों की अभूतपूर्व सफलता पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया और अपने संदेश में कहा कि सफलता कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम होता है। शिक्षा के ही माध्यम से परिवार ,समाज ,देश का विकास संभव होता है। शिक्षा प्राप्त करना सभी का मूल अधिकार होता है। संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ने सभी छात्र एवं छात्राओं को उनके इस परीक्षा परिणाम पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि शिक्षा के ही माध्यम से आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। रिजल्ट कार्यक्रम के दौरान एन .डी . स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक कुमार मिश्रा, आर .पी .चतुर्वेदी ,बद्री विशाल शुक्ला, रणजीत सिंह, मुकेश पांडे, प्रशांत केसरवानी, नीरज शर्मा, सचिन त्रिपाठी,नीरज त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल की अनुष्का 96.83 तो इंटर में अफजल को मिला 95.60 अंक

**यूपी बोर्ड रिजल्ट**

**जिले की दोनों टापरों के परिवारीजनों के साथ विद्यालय परिवार में जाहिर की खुशी**

**कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम मंगलवार दोपहर घोषित हुआ तो छात्रों में रिजल्ट देखने की बेचैनी रही। तकरीबन 1:30 बजे. बोर्ड मुख्यालय, प्रयागराज से रिजल्ट घोषित हुआ तो परिणाम जानने के लिए विद्यार्थियों की भीड़ नजदीक के साइबर कैफे में नजर आनेलगी। हालांकि शुरू में कुछ देर के लिए बोर्ड की साइट ही नहीं खुली। जैसे-जैसे परिणाम की जानकारी होती रही, वैसे-वैसे विद्यार्थियों के साथ ही परिजनों और गुरुजनों के चेहरे पर भी खुशी झलकने लगी। हाईस्कूल में धर्मा देवी इंटर कालेज, केन कनवार की छात्रा अनुष्का सिंह ने 96.83 प्रतिशत अंक पाकर जिले में टाप किया। जबकि प्रदेश में आठवां स्थान रहा। इंटरमीडिएट में बीएनएपी मिश्रा इंटर कालेज, गंगापारी का पूरा के छात्र मो. अफजल जनपद में टापर होने के साथ प्रदेश में 10 वां स्थान प्राप्त किया।

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में हाईस्कूल के 26223 व इंटरमीडिएट के 21702 विद्यार्थी पंजीकृत थे। परिणाम आने पर यह सभी विद्यार्थी अपने अंक जानने के लिए उत्सुक रहे। टापरों की बात करें तो हाईस्कूल में आदर्श इंटर कालेज सरायअकिल के अंशुमान सिंह 96.67 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरा और प्रदेश में नौवां स्थान पाया। वहीं के छात्र आर्यन वर्मा ने 96.50 प्रतिशत अंक के साथ जिले में तीसरा और प्रदेश में 10 वां स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट के टापरों में बीएनएपी मिश्रा इंटर कालेज गंगापारी का पूरा, मंझनपुर छाया रहा। यहां के तीन छात्रों ने टाप टेन में स्थान बनाया है। मो. अफजल 95.60 अंक के साथ जिले के टापर रहे। वहीं के छात्र सौरभ सिंह 95.20 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरे और जया मौर्या 94.40 प्रतिशत अंक के साथ चैथा स्थान पाया। इंटर में तीसरा स्थान श्री सूरज प्रसाद कृष्णा देवी इंटर कालेज धुमाई के हर्ष नारायण शर्मा ने 94.60 अंक के साथ प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्रों का उत्साह देखने लायक था। वह एक दूसरे को बधाई देते रहे। कोई फोन पर जुटा था तो किसी को इंटरनेट मीडिया से बधाई संदेश मिल रहे थे। धर्मा देवी इंटर कालेज में तो अलग ही माहौल था। यहां के नौ विद्यार्थियों ने हाई स्कूल की टाप टेन सूची में अपना स्थान पक्का किया है। वहीं, टापर ने प्रदेश में भी स्थान बनाया है। प्रबंधक व प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों ने छात्रों की इस सफलता बधाई देते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**विश्व मलेरिया दिवस**

**जानकारी को और बढ़ाएं, मलेरिया से जान बचाएं**

**कौशाम्बी।** मंगलवार को जिले में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस दौरान अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों व शैक्षणिक संस्थानों आदि पर पर विविध कार्यक्रम हुए। शिविर, गोष्ठी, परिचर्चा एवं घर घर जाकर जनपदवासियों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुषेंद्र कुमार ने बताया कि मच्छरों का प्रकोप पहले सिर्फ बारिश के दौरान और बारिश के बाद दिखता था जबकि अब 2-3 महीने छोड़ दीजिए तो पूरे साल ही दिखते हैं। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर मलेरिया रोकने के लिए अब छिड़काव का कार्य पूरे साल चलेगा। साथ ही हमारी स्वास्थ्य टीमें सर्वाधिक मच्छर वाले इलाकों को चिन्हित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस बार विश्व मलेरिया दिवस की थीम ह्रशून्य मलेरिया देने का समय निवेश, नवाचार, कार्यान्वयनह्र है। इस थीम का उद्देश्य वैश्विक उन्मूलन लक्ष्यों को प्राप्त करने में नवाचार की ओर ध्यान आकर्षित करना और उनको जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना है। जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में संचालित संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग भी कराया जा रहा है। इस कार्य में नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच व उपचार की सुविधा जिला मुख्यालय के अलावा सभी सीएचसी पीएचसी पर उपलब्ध है। शासन के निर्देशानुसार आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्र में जाकर रोगी की पहचान कर रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट (आरडीटी) किट से त्वरित जांच कर रही हैं। इसके लिए समस्त आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी किया गया है। जांच में मलेरिया धनात्मक पाए जाने पर जल्द से जल्द रोगी का निरशुल्क पूर्ण उपचार किया जाएगा।




### हफ्ते भर में अंडा बन जाता है मच्छर

**कौशाम्बी।** मलेरिया का प्रसार मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से होता है। एक अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में पूरा एक सप्ताह का समय लगता है। इस कारण सप्ताह में एक बार एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाता है। यदि किसी जलपात्र में पानी है तो उसे सप्ताह में एक बार जरूर खाली कर दें। जैसे कूलर, गमला, टीन का डिब्बा, नारियल का खोल, डिब्बा, फ्रिज के पीछे का डीफ्रास्ट ट्रे की सफाई हमेशा करते रहना आवश्यक है। मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति का समय से इलाज शुरू होने पर जान जाने का खतरा कम हो जाता है।

### क्या करें

**कौशाम्बी।** मलेरिया से बचाव के लिए रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। आसपास दूषित पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। साफ-सफाई रखनी चाहिए। बुखार होने पर तत्काल आशा से संपर्क करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर परामर्श लें। सही समय पर निदान उपचार होने से रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है।

# टीनशेड के चुल्ले से लटकती मिली विवाहिता की लाश

**वारदात**

**कड़ाधाम कोतवाली के स्थानीय कस्बा में हुई वारदात**

**दारानगर,कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली अंतर्गत स्थानीय कस्बा में मंगलवार को एक विवाहिता लाश घर के टीन शेड में चुल्ले से लटकती मिली। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की पड़ताल में खाकी जुट गई थी।

घटना जिक्र करें तो कड़ा की रहने वाली सितारा पत्नी समीम (35) की लाश घर के टीनशेड में लटकती देखी गई। परिवारीजनों का आरोप है कि महिला से पति समीम का बीती रात को किसी बात को लेकर कुछ कहासुनी भी हुई थी और दूसरे दिन उसकी लाश फंदे पर टंगी मिली। उधर घटना की जानकारी पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मृतका को ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। अब यहां पर यह भी बताना जरूरी होगा कि मृतका के पिता सैय्यद अली ने जो बीडियो में बयान दिया है उसमें वह साफ कह रहे हैं कि उनकी पुत्री को ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था, जिस पर दहेज प्रथा व मारपीट का मुकदमा भी दर्ज हुआ, जिसका मामला माननीय न्यायालय में चल रहा था। कुछ दिनों बाद आपसी सामांजस्य बना तो विवाहिता ससुराल में रहने लगी। इतना ही नहीं पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके दामाद मतलब मृतका के पति का घर में ही महिला से चक्कर था, जिसके चलते विवाहिता की हत्या कर दी गई। खैर पुलिस को जो तहरीर मिली है उसके मुताबिक पुलिस पड़ताल में जुट गई है। हालांकि इस बाबत कड़ाधाम थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित से जरिए दूरभाष बात की गई तो उन्होंने कहा कि तहरीर मिली है, उसमें प्रताड़ित करने की बात कही गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। हालांकि पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।



शव को अपने कब्जे में लेती पुलिस व जुटी भीड़

### मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**कौशाम्बी।** कड़ा के रहने वाले शमीम की कड़ा के ही कजियाना मुहल्ले के रहने वाले सैय्यद अली की बेटी सितारा से 16 वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद सितारा से तीन संताने हुई। जिसमें पहला बेटा फिरदौस उम्र 14 वर्ष दूसरी बेटी कुलसुम उम्र 12 वर्ष और तीसरी बेटी अदीबा उम्र 5 वर्ष है। घटना के बाद से मृतका के तीनों मासूमों का रो-रो कर बुराहाल है।

## एएसपी ने परखी भोजन की गुणवत्ता

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने मंगलवार को पुलिस लाइंस में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिसकर्मियों को नियमित व्यायाम करने व दौड़ लगाने को कहा। पुलिस लाइंस के मेस के भोजन की गुणवत्ता परखी और मेस प्रभारी को चेतावनी दी कि भोजन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर पर सीओ मंझनपुर योगेन्द्र कृष्ण नारायण के साथ सभी सीओ व आरआई लाइन मौजूद रहे।

# कड़ाधाम पुलिस ने क्षेत्र में किया पैदल मार्च

**दारानगर, कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव की सफलता व शांतिपूर्ण चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए, मंगलवार को सीओ सिराथू के साथ कड़ाधाम इंस्पेक्टर प्रिंस दीक्षित भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इस दौरान जहां उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने के लिए मतदाताओ से अपील किया वहीं दूसरी ओर आराजकतत्वों को भी इस बात का संदेश दिया कि यदि कहीं किसी प्रकार की गड़बड़ी करने की कोशिश की गई तो उनके खिलाफ पुलिस कड़ाई से पेश आएगी।

हालांकि यहां पर बताना जरूरी होगा कि इन दिनों जिले के दो नगर पालिका परिषद सहित आठ नगर पंचायतों में नगर निकाय चुनाव का घमासान चल रहा है। ऐसे में मतदान प्रक्रिया से लेकर मतगणना पूरे शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसके लिए एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव जिले की पुलिसिंग व्यवस्था पर अपनी पैनी निगाह रखे हुए हैं। ऐसे में मंगलवार को कड़ाधाम थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित मय फोर्स के क्षेत्र में पैदल मार्च किया। हालांकि इस दौरान उन्होंने बुद्धिजीवी मतदाताओं को भय मुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील किया। कहा कि आप लोग किसी के दबाव व डर में मतदान नहीं करेंगे। यदि ऐसा कोई करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्यवाही करेगी।



पैदल मार्च करती कड़ाधाम पुलिस

### उधारी की रकम मांगने पर दी धमकी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के जीत का पुरवा गांव की महिला से उधारी रकम लेने के बाद पड़ोसी ने देने से इनकार कर दिया। साल भर पहले पांच लाख रुपये महिला से लिया था। विरोध करने पर आरोपितों ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। अदालत के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जीत का पुरवा गांव की गंगा देवी पत्नी बिरजू ने बताया कि साल भर पहले उसने पड़ोसी राम प्रसाद व राजेश को पांच लाख रुपये उधार दिया था। रकम लेने के बाद आरोपितों ने जल्द वापस करने की बात कही थी। साल भर बीतने के बाद महिला ने दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपितों ने रुपये देने से इनकार कर दिया। उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता अदालत पहुंची। अदालत के आदेश पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित राम प्रसाद व राजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मारपीट में कार्रवाई न होने पर एसपी से शिकायत

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव में शनिवार की शाम खेत की ओर जा रहे पिता-पुत्र को सरंगह पट्टीदारों ने पीट दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। आरोप है कि नामजद तहरीर देने के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

ऊनो निवासी अजय कुमार ने बताया कि पड़ोसी पट्टीदार से उसकी रंजिश चल रही है। शनिवार की सुबह इसी अदावत में कहासुनी हो गई। शाम अजय बेटे रमाशंकर के साथ खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे आरोपितों ने दोनों को बेरहमी से पीट दिया। पिता-पुत्र को पिटता देख आस-पास मौजूद गांव के अन्य लोगों ने बीच-बचाव करते हुए, मामला शांत कराया। देर शाम पीड़ित शिकायत लेकर थाने पहुंचा। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### सात जुआरियों को पकड़ा, भेजा जेल

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाने की पुलिस ने रसूलपुर बदले गांव के समीप जुए की फड़ से सात जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने फड़ से करीब 13 हजार रुपये नकदी के साथ ताश के पत्ते बरामद किया है। पकड़े गए जुआरी राजा तिवारी, दिनेश कुमार, गप्पू निवासी सिरियांवा, रामबरन निवासी मुजाहिदपुर, आफान निवासी मूरतगंज, कमलेश निवासी मितवापुर, रज्जू निवासी दियापुर मझियावां हैं। पुलिस ने जांच सभी आरोपितों को जेल भेज दिया है।

## संक्षेप

### कोरोना के तीन मरीज फिर मिले

**प्रतापगढ़।** जिले में मंगलवार को कोरोना के तीन पॉजिटिव मिले। जबकि एक मरीज स्वस्थ हो गया तो उसे होम आइसोलेशन से मुक्त कर दिया गया। कोरोना की जांच में दो महिला और एक पुरुष पॉजिटिव मिला। तीनों को होम आइसोलेट कर दिया गया। इसके पहले कोरोना के आठ पॉजिटिव मरीजों को होम आइसोलेशन में रखकर इलाज चल रहा था। इसमें से एक मरीज को संक्रमण से मुक्ति मिल गई। इस समय कोरोना के 10 एक्टि व केस हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने पर भी सीएमओ कार्यालय के बगल बनाया गए कोविड कंट्रोल रूम में डॉक्टर लापरवाही कर रहे हैं। मंगलवार को सिर्फ एक कर्मचारी कंट्रोल रूम में ड्यूटी कर रहा था। इतना ही नहीं सीएमओ ऑफिस व राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय के कर्मचारी, मरीज तथा तीमारदार न तो मास्क लगा रहे हैं और न ही सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर रहे हैं। महिला अस्पताल की हालत और खराब रही।

# ट्रैक्टर से कुचलकर व्यापारी की दर्दनाक मौत



मृतक की फाइल फोटो



हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर का पलटा ट्राली व पहुंची पुलिस

**प्रतापगढ़।** बाइक से ससुराल जा रहे मिठाई विक्रेता की रानीगंज के रामापुर ओवरब्रिज के पास ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। ड्राइवर को लोगों ने पकड़ने की कोशिश की तो वह चलते ट्रैक्टर से कूदकर भाग निकला। बाइक में मिले रजिस्ट्रेशन से मृतक की पहचान हुई तो परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नगर कोतवाली के कटरा मेदनीगंज निवासी आशुतोष मोदनवाल (30) स्थानीय शीतलाधाम के पास मिठाई की दुकान चलाता था। मंगलवार सुबह वह अपनी ससुराल जौनपुर में मुंगरा बादशाहपुर के लिए निकला था। वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर फतनपुर के रामापुर में वह ओवरब्रिज के बजाए क्रॉसिंग से गुजरना चाहता था। क्रॉसिंग बंद होने पर लौटकर ओवरब्रिज पर जा रहा था, तभी ईंट लदे ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। ट्रैक्टर की ट्राली का चक्का उसके सिर से गुजरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने ट्रैक्टर का पीछा किया। करीब दो किलोमीटर आगे एक गांव में ड्राइवर चलते ट्रैक्टर से कूदकर भाग निकला। इससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक के रजिस्ट्रेशन कागजात से उसकी पहचान की और परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के पिता ने ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### कुंए में मिला लापता युवक का शव

**प्रतापगढ़।** नौ दिन पहले घर से निकला युवक अचानक लापता हो गया। मंगलवार को युवक का शव घर के बगल कुंए में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महेशगंज थाना क्षेत्र के छोटी नहर परियावां निवासी शिवम शुक्ला (20) पुत्र सनकादिक नाथ शुक्ल 17 अप्रैल को घर से किसी काम से निकला तो अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला तो घबराए परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने गुमगुशुदुगी दर्ज कर युवक की खोजबीन शुरू की लेकिन पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह परिजन घर के बगल कुंए की ओर गए तो शिवम का शव उतराता मिला। बेटे का शव देखते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस पहुंची तो शव को बाहर निकलवा कर कब्जे में लिया। एसओ प्रमोद सिंह का कहना है कि शव पीएम को भेजा गया है, मामले की जांच की जा रही है।

# वकीलों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**लालगंज।** तहसील में लेखपालों की कार्य दिवस मे भी गैरहाजिरी तथा वादकारी शेडो मे साफ सफाई न होने से नाराज वकीलो ने एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में वकीलों ने मंगलवार को एसडीएम उदयभान सिंह से मिलकर यह शिकायत दर्ज करायी कि लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षक कार्य दिवस मे भी तहसील मे मौजूद नही मिला करते। इसके कारण तहसील मे आने वाले वादकारियों को जरूरी कागजात बनवाने मे असुविधा हुआ करती है। वहीं संघ के महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल ने शिकायत दर्ज करायी कि वादकारी शेडो मे नियमित रूप से साफ सफाई न होने से गंदगी व्याप्त हुआ करती है। एसडीएम उदयभान सिंह ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर राजेश द्विवेदी, मनोज शुक्ला, शिवाकान्त शुक्ल, विभाकर शुक्ल, प्रभाकर पाल आदि अधिवक्ता रहे।

# हाईस्कूल की तीन व इण्टर के आठ परीक्षार्थियों के नाम यूपी की टाप लिस्ट में

## सम्मान

### डीआईओएस ने मेधावी छात्रा के घर पहुंचकर किया सम्मानित

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को यूपी बोर्ड के आए परिणाम में जिले से हाईस्कूल की तीन छात्राओं व इण्टर के आठ परीक्षार्थियों के नाम यूपी की टाप लिस्ट में शामिल हैं। वर्ष 2022-23 की बोर्ड परीक्षा में जिले का हाईस्कूल में 89.77 प्रतिशत व इण्टर में 78.05 प्रतिशत परिणाम रहा। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष का परीक्षा परिणाम कम रहा फिर भी यूपी की टाप लिस्ट में जिले के कुल दस मेधावियों ने जगह बनाने में सफलता हालिस की है। हाईस्कूल की प्रदेश स्तरीय लिस्ट में कृपालु बालिका इण्टर कालेज कुण्डा की छात्रा श्रेयम त्रिपाठी 97.33 प्रतिशत अंक पाकर पांचावें स्थान पर, पं0 रामानंद एसआइसी रामपुर बाबली की छात्रा प्रीति यादव 97.17 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश में छठें स्थान पर रही। जबकि कृपालु बालिका इण्टर कालेज कुण्डा की छात्रा जान्हवी यादव 96.83 प्रतिशत अंक पाकर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में आठवां स्थान बनाया है। इसी प्रकार इण्टर में प्रदेश की टॉप लिस्ट में बाल कृष्ण गुप्ता एसवीएम इण्टर कालेज लालगंज व शिव कमल मौर्य बाबूलाल इण्टर कालेज मऊदरा दोनों 96.40 प्रतिशत अंक हासिल कर छठा स्थान हासिल किया है। 96.2 प्रतिशत अंक पाकर एसवीएम इण्टर कालेज सगरा की छात्रा सुप्रिया मौर्य सातवें स्थान पर रही। आठवें स्थान पर 96 प्रतिशत अंक पाकर स्तुति सिंह एसआरएनआईसी सांगीपुर रही। जबकि प्रदेश की टॉप लिस्ट में दसवें नम्बर पर जिले के चार परीक्षार्थी छमा सिंह पीबी इण्टर कालेज सिटी, परीक्षित यादव बजरंग इण्टर कालेज कुण्डा, प्रियांशू यादव बीपीएस बीणा पाणि इंटर कलेज मुजाही व अंजली शाहू इण्टर कालेज मऊदरा कुण्डा के नाम शामिल हैं। चारों परीक्षार्थियों को 95.6 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते डीआईओएस

### डीआईओएस ने मेधावी के घर पहुंचकर किया सम्मानित

डीआईओएस डा0 ओपी राय ने फोन से वार्ता कर प्रदेश की मेरिट लिस्ट में आए सभी मेधावियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। डीआईओएस ने नगर कोतवाली के कटरा इंद्रकुॅवर स्थित पीबी इण्टर कालेज की छात्रा छमा सिंह के घर पहुंचकर वस्तुएं देते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर एडीआईओएस शिव पूजन द्विवेदी, प्रधानाचार्य डा0 अनूप कुमार सिंह, अमरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जनरथ बस में टैंकर ने सामने से मारी टक्कर, डेढ़ दर्जन सवारियां घायल



आमने सामने भिड़ी जनरथ बस व टैंकर



घायलों को अस्पताल ले जाती एंबुलेंस

**प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सैफू का पुरवा हिनांहू गांव के निकट सोमवार की शाम प्रयागराज से लखनऊ जा रही जनरथ बस से टैंकर की आमने-सामने टक्कर हो गई। बस पर बैठी सवारियों में चीखपुकार मच गई। धमाके की जोरदार आवाज सुनकर ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर एसओ सुधीर कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे और घायलों को इलाज को सीएचसी कालाकांकर भेजा। बस में बैठे ड्राइवर राजेश सिंह (40), परिचालक अंशुमान, संजीव शुक्ला (35) निवासी झूंसी प्रयागराज, प्रियंका सिंह (40) पत्नी संजय सिंह निवासी नाका हिंडोला लखनऊ, उनकी बेटी प्रिया (16), विवेक (35) पुत्र राम फेर निवासी लालगंज मिजार्पुर, तनवी सिंह (35) पत्नी उदयभान सिंह सीतापुर, महेन्द्र प्रताप (35) पुत्र राजाराम निवासी सीतापुर, मुकेश (40) पुत्र सतेन्द्र निवासी नेवादाकला कमलापुर, आरक्षी राकेश गोंड (50) पुत्र बैजनाथ निवासी रघुनाथगंज लालगंज रायबरेली जो कि प्रयागराज हाईकोर्ट में तैनात हैं, सुनीता (35) पत्नी राम सुमेर निवासी प्रीतम नगर लखनऊ, उनका बेटा राहुल (18), रानी वर्मा (30) निलासी लखनऊ, रवीन्द्र (40) पुत्र नागेन्द्र निवासी महेन्द्रगढ़ हरियाणा, अशरा (21) पुत्री खालिद निवासी बेली प्रयागराज, सुजीत सिंह (40) पुत्र काशी प्रसाद सिंह निवासी कृष्णा नगर प्रयागराज, दानिश खान (27) पुत्र मो0 आफाक खान निवासी दौलदा नगर गाजीपुर गंभीर रुप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद भी आरक्षी राकेश गौंड, सुनीता देवी की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। ड्राइवर ने टैंकर ड्राइवर के खिलाफ तहरी दी है। जबकि टैंकर छोड़कर ड्राइवर भाग निकला। सीओ कुंडा अजीत सिंह ने बताया की सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजा गया।

# ग्राम पंचायतों की शिकायतों की जांच प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से पूरी की जाये : डीएम

## समीक्षा

### डीएम ने ग्राम पंचायत की लम्बित शिकायतों, बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण व अन्त्येष्टि स्थल निर्माण के सत्यापन के सम्बन्ध में समीक्षा की

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने विकास भवन के सभागार में ग्राम पंचायत की लम्बित शिकायतों के निस्तारण, बहुउद्देशीय पंचायत भवन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण के सत्यापन हेतु नामित जांचध्सत्यापन अधिकारियों के साथ समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जांच/सत्यापन अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत की लम्बित शिकायतों की जांच पूरी कर रिपोर्ट उपलब्ध करायें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतों की शिकायतों की जांच जल्द पूरी की जाये ताकि भ्रष्टाचार में संलिप्त प्रधानों पर कार्रवाई की जा सके तथा ग्राम पंचायतों में विकास को मूर्त रूप दिया जा सके। जांच की प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से पूरी की जाये, इसमें किसी तरह की अनियमितता नहीं होनी चाहिये। ग्राम पंचायतों में लम्बित जांच की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करें ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके, जांच को बेवजह लम्बित रखना उचित नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान सभी की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुये निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ अधिकारीगण जांच करें। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायत की लम्बित शिकायतों के निस्तारण हेतु जो भी जांच अधिकारी नामित है वह अपने कार्यो एवं दायित्वों का शत प्रतिशत अनुपालन करें अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने बहुउद्देशीय पंचायत भवन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण के सत्यापन की समीक्षा कर जांचध्सत्यापन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, डीसी मनरेगा इन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों संग समीक्षा करते जिलाधिकारी

# मायके जाने से रोकने पर विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के संडिला गांव में सोमवार शाम एक विवाहिता का शव घर के भीतर फंदे से लटकता मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। देर शाम तक मायके वालों का इंतजार किया जा रहा था। संडिला निवासी अमरदीप वर्मा की शादी 15 फरवरी 2020 को नगर कोतवाली के गड़ई चकदेई गांव निवासी राम कृपाल वर्मा की बेटी करिश्मा (22) के साथ हुई थी। उसे एक माह की बेटी भी है। शाम को उसका शव घर के भीतर फंदे से लटकता मिला। जानकारी मिलने पर पुलिस के साथ ही गांव के लोग भी पहुंच गए। चर्चा रही कि करिश्मा का मायके जाने को लेकर घरवालों से सुबह विवाद हुआ था। मायके जाने की इजाजत न मिलने पर उसने फांसी लगाकर जान दे दी। एसओ सर्वेश सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर मौजूद है। मायके के लोगों के आने के बाद तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मोदी सरकार घरेलू तथा बाहरी मोर्चे पर है पूरी तरह विफल : प्रमोद तिवारी

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि देश में जिस तरह से विपक्षी एकता को रोज धार मिल रही है उससे घबराई भाजपा ऐन केन प्रकारेण जनता का ध्यान भटकाने के लगातार प्रयास मे जुटी हुई है। उन्होनें कहा कि जनता में लगातार मंहगाई तथा बेरोजगारी के बढते ग्राफ को लेकर देश भर में मौजूदा मोदी सरकार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है। केंद्र सरकार खाद्यान्न सामग्रियों के साथ जीवन रक्षक दवाईयों की भी रोज बढ रही कीमत पर अंकुश लगाने में अक्षम दिख रही है। उन्होने कहा कि कोरोना अभी भी खतरे का संकेत दिये हुए है। इसके बावजूद केंद्र सरकार के विफल आर्थिक प्रबंधन का खामियाजा दवाओं की आसमान छूती कीमतों से भी देशवासी भुगत रहे हैं। उन्होनें कहा कि दूध का दाम भी अब पेट्रोल के बढे दामों की तरह मध्यम वर्ग को चुभने लगा है। मंगलवार को यहां कैम्प कार्यालय पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित संगठनात्मक बैठक में बोलते हुए प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं से कहा कि वह जनता के बीच भाजपा की सूबे एवं केंद्र सरकार की मंहगाई तथा सुरक्षा के क्षेत्र में विफलता को मजबूती से पहुंचाए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार सीमाओं की सुरक्षा तथा आतंकवाद से भी निपटने मे कारगर कदम उठाए जाने मे हिचकिचा रही है। उन्होने कहा कि चीन का मसला हो या फिर जम्मू कश्मीर में फिर पनप रहे आतंकवाद का मसला कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष सरकार के हर कदम में साथ खड़ा है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद मोदी सरकार चीन के कूटनीतिक किसी भी कदम का सख्ती से अर्न्तराष्ट्रीय मंचो पर विरोध का साहस आखिर क्यों नही दिखला पा रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं का कर्नाटक चुनाव को लेकर मनोबल बढाते हुए कहा कि वहां जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व उप मुख्यमंत्री तथा भाजपा के दर्जनो पूर्व विधायकों ने भाजपा से किनारा कर कांग्रेस का दामन थामा है उससे तस्वीर साफ है कि कर्नाटक में भाजपा की जहाज डूब रही है और कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। श्री तिवारी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ विपक्षी एकता को धार देने के लिए किये जा रहे प्रयासों के भी दूरगामी परिणाम को समझाते हुए कहा कि अगले 2024 के चुनाव में गैरभाजपाई सरकार का बनना भी तय है। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। बैठक में प्रमुख अमित सिंह पंकज, माताफेर पाल, महमूद आलम, ददन सिंह, छोटे सिंह, पप्पू तिवारी, रवि सिंह आदि ने प्रमोद तिवारी व विधायक मोना के नेतृत्व में पार्टी की मजबूती का संकल्प जताया। इस मौके पर दयाराम वर्मा, आलोक सिंह, सिंटू मिश्र, मुरलीधर तिवारी, रवीन्द्र मिश्र, आरडी यादव, अंजनी कौशल आदि रहे।

# एसपी सतपाल अंतिल ने लीलापुर थाने के प्रभारी कक्ष का किया उद्घाटन



प्रभारी कक्ष का उद्घाटन करते एसपी सतपाल अंतिल

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल ने मंगलवार को नव निर्मित लीलापुर थाने के प्रभारी कक्ष का उद्घाटन किया। एसपी के आगमन पर लीलापुर थाने को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस दौरान थानाध्यक्ष अपने हमराहियों के साथ एसपी का स्वागत करने के लिए पूरी तैयार के साथ मुस्तैद रहे। एसपी ने थानाध्यक्ष को उनके कक्ष में रखे कुर्सी पर बैठाया और जिम्मेदारियों का एहसास कराया। एसपी ने मौजूदा पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी पूर्वी और पश्चिमी, सीओ लालगंज, रानीगंज व लक्ष्मणपुर के प्रमुख राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार्यक्रमों के जरिये विद्यार्थियों में बढ़ता है आत्म विश्वास : हरि प्रताप

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित रिवर डेल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव मंगलवार को नगर के प्लाजा पैलेस में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि व अभिभावकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ाने और उनको अच्छी सीख देने का कार्य कार्यक्रमों के जरिये होता है। बच्चों के शिक्षा के स्तर को मजबूत करने के लिए उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण शिक्षकों के द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि रिवरडेल स्कूल का यह वार्षिकोत्सव काबिले तारीफ है। मैं प्रबंधक मो0 इमरान खान का आभार जताता हूं कि उन्होंने अपने स्कूल के बच्चों द्वारा अच्छे संस्कार और तहजीब का संगम पेश किया। उन्होंने कहा कि मैंने 28 साल पहले रिवरडेल स्कूल की नींव रखी थी, जो आज ये स्कूल बुलंदियों को छू रहा है। इसका श्रेय मो0 इमरान को जाता है। प्रबंधक मो0 इमरान खान ने आए हुए अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। घर से ही बच्चों के संस्कार की शुरूआत होती है। अभिभावकों को इसका विशेष ध्यान देना चाहिये। इसके बाद दूसरी जिम्मेदारी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं की होती है जो बच्चों को अच्छे संस्कार का बोध कराते हैं। उन्होंने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर सह प्रबंधिका सादिया खान, प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, शिक्षिका पूनम सिंह, सानिया, सुनीता पाण्डेय, अलीशा पाल, महिमा रावत, रुची पाण्डेय, सनोबर, शालू, उशरा, आयशा, शिक्षक मारुत राय, करन शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन खां आदि का सहयोग रहा।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

# लालगंज क्षेत्र के मेधावियों ने लहराया परचम, खुशी

**लालगंज।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणामों मे लालगंज तहसील क्षेत्र के मेधावियो ने भी सफलता का परचम लहराया है। रामपुर बावली स्थित रामानंद सरस्वती इण्टर कालेज की मेधावी प्रीती पटवा ने हाईस्कूल परीक्षा में छात्राओं मे प्रदेश मे छठवां स्थान हासिल कर प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज जलेशरगंज की छात्रा इकरा बानो को जिले मे सातवें स्थान पर कामयाबी मिली है। वहीं इण्टरमीडिएट मे सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज लालगंज के मेधावी बालकिशन गुप्ता जिले के टॉपर बने हैं। सरस्वती विद्या मंदिर सगरा सुंदरपुर की छात्रा सुप्रिया मोदनवाल को जिले में दूसरा स्थान मिला है। वहीं रांकी स्थित सीताराम रामनरेश इण्टर कालेज की छात्रा स्तुति सिंह को जिले मे तीसरा स्थान मिला है। वही यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा मे बरेंद सांगीपुर निवासी संदीप कुमार तिवारी पंकज के पुत्र प्रणव तिवारी को जिले मे टॉप टेन मे जगह बनाने मे कामयाबी मिली है। प्रणव सांगीपुर के सराय दलपत स्थित रामा इण्टर कालेज का मेधावी है। प्रणव ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता पिता के साथ बाबा विजयपाल तिवारी व बहन खुशी तिवारी को भी अपनी हौंसला आफजाई के लिए दिया है। मेधावियो की सफलता पर विद्यालयों का नाम रोशन करने वाले शिक्षको मे खुशी देखी गयी। जगह जगह परिजनों व शिक्षकों ने सफलता का कीर्तिमान बनाने वाले मेधावियो को मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया।

### संस्कार की सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल



**प्रतापगढ़।** अंतू के भदौसी गांव ननिहाल में रहकर शिवराम इंटर कालेज कुशहा में पढ़ाई कर रहे संस्कार सिंह ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 71.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। संस्कार को गणित , हिंदी, अंग्रेजी विषय में विशेष योग्यता प्राप्त हुई है। उसकी सफलता पर परिजनों सहित स्कूल के शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

### छात्रवृत्ति योजना में चयनित छात्रों का सम्मान

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अव्वल आए छात्रों का अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक वजीर हसन अच्छे खान और वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर तिवारी ने छात्र मोहम्मद शोएब, उमर अदिल और मोहम्मद फरहान को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य व नोडल अधिकारी द्वारा छात्र वृत्ति योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि चयनित छात्रों को कक्षा नौ से बारह तक बारह हजार रूपए हर वर्ष चार साल तक छात्रवृत्ति के रुप में मिलेगा। प्रबंधक ने छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर छात्रों के अभिभावकों के साथ विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

जनसंपादकीय

# शंकराचार्य ने की थी हिंदू धर्म की पुनर्स्थापना

मुनीष त्रिपाठी



जो कार्य सैकड़ो राजा मिलकर भी हजारों सालों में भी नही कर सकते थे वह कार्य आदि शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्ष के जीवन में ही कर दिखाया। उन्होंने न केवल विस्मृत हो रहे हिंदू धर्म की पुनर्स्थापना की बल्कि भारतीय जनमानस को बौद्धों के प्रभाव से मुक्त कराया। आज जो रूप हिंदू धर्म का है वह शंकराचार्य के ही दर्शन पर आधारित है। चार मठों, अखाड़ों की स्थापना करके हिंदू धर्म को अनन्त काल के लिये संगठित, सुव्यवस्थित कर दिया। बहुत कम लोग जानते है कि एकात्म मानववाद के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय ने शंकराचार्य के जीवन पर 'आदि गुरु श्री शंकराचार्य' नामक पुस्तक भी लिखी। कैसे उन्होंने पाटलिपुत्र के महाविद्वान मंडन मिश्र को शास्त्रार्थ में पराजित कर अपना शिष्य बनाया और फिर इसी शिष्य का नाम सुरेशाचार्य रखकर श्रृंगेरी पीठ का पहला शंकराचार्य नियुक्त किया। दीनदयाल जी की इस पुस्तक में इसका वर्णन विस्तार से किया गया है। आदिगुरु शंकराचार्य का जन्म केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण दंपत्ति शिवगुरु नामपुद्रि और आर्यम्बा देवी के घर 788 ईसवी में भगवान शिव की कृपा से हुआ था। परन्तु धर्मिक मान्यता के अनुसार इनका जन्म 508 ईसा पूर्व माना जाता है। इस संबंध में कथा मिलती है कि शिवगुरु ने अपनी पत्नी के साथ पुत्र प्राप्ति के लिए शिवजी की आराधना की। इसके बाद शिवजी ने प्रसन्न होकर उन्हें एक पुत्र का वरदान दिया लेकिन यह शर्त रखी कि पुत्र सर्वज्ञ होगा तो अल्पायु होगा। यदि दीघार्यु पुत्र की कामना है तो वह सर्वज्ञ नहीं होगा। इसपर शिवगुरु ने अल्पायु सर्वज्ञ पुत्र का वरदान मांगा। इसके बाद भगवान भोलेनाथ ने स्वयं ही उनके घर पर जन्म लेने का वरदान दिया। इस तरह वैशाख शुक्ल पंचमी के दिन आदि गुरु का जन्म हुआ और उनका नाम शंकर रखा गया।

**शंकराचार्य जी की मां को स्नान के लिए पूर्णा नदी तक जाना पड़ता था, वह गांव से बहुत दूर बहती थी। लेकिन शंकराचार्यजी की मातृ भक्ति को देखकर नदी ने भी अपना रुख उनके गांव कालड़ी की ओर मोड़ दिया। कथा मिलती है कि एक दिन शंकराचार्य ने अपनी मां से संन्यास लेने की बात कही।**

बहुत ही कम उम्र में सिर से पिता का साया उठ गया। इसके बाद मां आर्यम्बा देवी ने शंकराचार्य को वेदों का अध्ययन करने के लिए गुरुकुल भेज दिया। गुरुजन इनके विलक्षण ज्ञान से चकित थे। शंकराचार्य को पहले से ही वेद, पुराण, उपनिषद्, रामायण, महाभारत सहित सभी धर्मग्रंथ कंठस्थ थे। शंकर ने भगवतगीता ,10 प्रमुख उपनिषदों पर टीका और ब्रह्मसूत्र पर भाष्य लिखा। उन्होंने अद्वैत मत का प्रतिपादन किया। बाद में स्वामी विवेकानंद ने शंकराचार्य के दर्शन के आधार पर वर्तमान परिस्थिति के आधार पर वेदांत की अद्वितीय व्याख्या की। विवेकानंद ने कहा था कि शंकराचार्य जैसी प्रखर ज्ञान वाला व्यक्ति हजारों सालों के में भी पैदा नही हुआ। किवदंती के अनुसार शंकराचार्य जी अपनी मां की इतनी सेवा और सम्मान करते थे कि उनके गांव से दूर बहने वाली नदी को भी अपनी दिशा मोड़नी पड़ी। कथा मिलती है कि शंकराचार्य जी की मां को स्नान के लिए पूर्णा नदी तक जाना पड़ता था, वह गांव से बहुत दूर बहती थी। लेकिन शंकराचार्यजी की मातृ भक्ति को देखकर नदी ने भी अपना रुख उनके गांव कालड़ी की ओर मोड़ दिया। कथा मिलती है कि एक दिन शंकराचार्य ने अपनी मां से संन्यास लेने की बात कही। एक मात्र पुत्र के संन्यासी बनने पर वह सहमत नहीं हुई। इसके बाद शंकराचार्यजी ने उनसे नारद मुनि के संन्यास जीवन में प्रवेश लेने की घटना का उदाहरण दिया कि किस तरह से वह संन्यासी बनने चाहते थे लेकिन उनकी मां ने आज्ञा नहीं दी। एक दिन सर्पदंश से उनकी मां का देहावसान हो गया। इसके बाद परिस्थितियों के चलते नारद मुनि संन्यासी बन गए। इसपर आर्यम्बा देवी को काफी दुःख हुआ। लेकिन शंकराचार्य ने कहा कि उनपर तो सदैव ही मातृछाया रहेगी। साथ ही उन्होंने अपनी मां को यह वचन दिया कि वह जीवन के अंतिम समय में उनके ही साथ रहेंगे। साथ ही उनका दाह-संस्कार भी स्वयं ही करेंगे। इस तरह उन्हें संन्यासी बनने की आज्ञा मिली और वह संन्यासी जीवन में आगे बढ़ गए। एक अन्य कथा मिलती है कि एक बार नदी में मगरमच्छ ने उनके पांव पकड़ लिए। इसपर उन्होंने अपनी मां से कहा कि मुझे संन्यासी जीवन में प्रवेश करने की आज्ञा दीजिए तभी यह मेरे पैर छोड़ेगा। बेटे के प्राण संकट में जानकर मां ने संन्यास की आज्ञा दे दी। मगरमच्छ ने शंकराचार्य के पैर छोड़ दिए। मां को दिए वचन के मुताबिक जब शंकराचार्य को अपनी मां के अंतिम समय का आभास हुआ तो वह अपने गांव पहुंच गए। मां ने उन्हें देखकर अंतिम सांस ली। इसके बाद जब दाह-संस्कार की बात आई तो सभी ने उनका यह कहकर विरोध किया कि वह तो संन्यासी हैं और वह ऐसा नहीं कर सकते। इसपर शंकराचार्य ने कहा कि उन्होंने जब अपनी मां को वचन दिया था तब वह संन्यासी नहीं थे। सभी के भारी विरोध करने के बाद भी उन्होंने अपनी मां का दाह-संस्कार किया। लेकिन किसी ने उनका साथ नहीं दिया। शंकराचार्य ने घर के सामने ही मां की चिता सजाई और अंतिम क्रिया की। शंकर ने अपने कर्म से बताया कि कोई भी परंपरा कितनी भी पुरानी क्यों न हो परन्तु उसका पालन देशकाल, परिस्थिति और मानव कल्याण के लिये ही होना चाहिए। इसके बाद यह परंपरा ही बन गई आज भी केरल के कालड़ी में घर के सामने ही दाह-संस्कार किया जाता है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क - 9412615163)**

# महामना के शिष्य गंगारत्न पाण्डेय

स्मरण



भारतेंदु मिश्र

महामना मालवीय जी के शिष्य गंगारत्न पाण्डेय जी से मेरी मुलाकात 1982 में हुई। वे केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय दिल्ली के उपनिदेशक पद से सेवामुक्त होकर लखनऊ पहुंचे थे।उनका जन्म उन्नाव के पड़री नामक गांव में 27 अप्रैल 1918को हुआ थो लंबी आयु पाकर 2015 में उनका देहांत हुआ।हमारे मित्र स्व.उमेशचंद्र पाठक के वे फूफा जी थे। उनदिनों उत्तर प्रदेश शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में उनका लिखा खंडकाव्य 'मेवाड़ मुकुट' प्रदेश के कुछ जनपदों में लगा हुआ था तो इस कारण लाखों विद्यार्थी और हिन्दी के शिक्षक उनसे सीधे परिचित थे। मैं भी तब 'मेवाड़ मुकुट' के अतिरिक्त उनके बारे में अधिक न जानता था लेकिन उनकी सहजता ने मुझे जोड़ लियो दिल्ली से आकर उन्होंने राजाजी पुरम में अपना आवास बनाया था, तब उनके पास चेतक स्कूटर था जिससे वे लखनऊ में विचरण करते थे। उनके दोनों बेटे और एक बेटी सभी बारी बारी अमेरिका की नागरिकता लेकर वहां व्यवस्थित हो गए थे। पाण्डेय जी सपत्नीक दिल्ली छोड़कर लखनऊ में रहने लगे।? बच्चों के पास उनका आना जाना साल दो साल पर होता रहता, कुछ दिनों के लिए अमेरिका जाते लेकिन उनका मन वहां न लगता था। अमेरिका यात्रा से लौटने पर हम लोग उनसे यात्रा वृत्तांत सुनते थे। सुकरात पर उपन्यास लिखने से पूर्व उन्होंने कई देशों की यात्रा भी की थी। पाण्डेय जी जितने उदार और सहज थे उससे भी अधिक उदार और ममतामयी उनकी पत्नी श्रीमती जगरानी देवी जी थीं।? जब कभी उनके घर गया उन्होंने बिना कुछ खाए पिए नही आने दिया। घर में पाण्डेय जी के न होने पर जब बाहर से हम वापस आने लगते तो वो कहतीं - 'पाण्डेय जी नहीं है तो क्या बाहर से ही चले जाओगे ? क्या हम कुछ नही हैं ? मेरे पास बैठो.. बताओ तनिक घर परिवार की राजीखुसी बताओ' यहाँ उन्होंने अपनी तरह का एक बड़ा साहित्यिक परिवार बना लिया था।

पाण्डेय जी का कद साढ़े पांच फुट से अधिक था। बंद गले का कोट या धोती कुर्ता पहनते तो उनका व्यक्तित्व और भी भव्य लगने लगता। विचारों से वे प्रगतिशील राष्ट्रवादी और एकात्म संस्कृति के समर्थक थे। उनके मित्र पड़ोसी प्रफेसर मुजम्मिल जी मेरे अर्थशास्त्र के शिक्षक थे। पाण्डेय जी के घर में एक दफा उन्हें भी कविता सुनाते देखा तो मालूम हुआ कि वे भी लिखते हैं। इसके अलावा लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक ,कुंवर चन्द्रप्रकाश सिंह , सूर्यप्रसाद दीक्षित,चंद्रिका प्रसाद शर्मा,नेत्रपाल सिंह अदि के साथ अनेक साहित्यिक कार्यक्रमों में भी उनसे मुलाकात होने लगी। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केशरीनाथ त्रिपाठी जी भी कई बार उनकी गृह गोष्ठियों में उपस्थित होते थे।? उन्ही दिनों पाण्डेय जी ने सात कवियों का एक कविता संग्रह संपादित किया जिसका शीर्षक था 'रंग अपने अपने।' इसकी चर्चा भी हुई थी। इसकी भूमिका प्रसिद्ध नवगीतकार डॉ.शंभुनाथ सिंह जी ने आत्मीय भाव से लिखी थी। पाण्डेय जी ने कई ग्रन्थ लिखे। वे तुलसीदास के अनन्य भक्त थे। कुशल वक्ता और अंगरेजी के अच्छे जानकार तो थे ही।? सन 1985 में जब मैं महमूदाबाद में था तब वहां के मित्रों के सहयोग से अनेक साहित्यिक आयोजन हुए थे। वहां निराला साहित्य परिषद् संस्था थी जिसमें महेंद्र कुमार बाजपेयी सरल, विनोद कुमार,अनिल ज्योति,श्रीप्रकाश,अवधेश गुप्त नमन ,रवि केडिया जैसे कई युवा साथी सक्रिय थे। मैं पहली बार पाण्डेय जी को एक कार्यक्रम में वहां बरबस ले गया। बाद में उन्हें बहुत अच्छा लगा, फिर तो वो कई बार वहां के आयोजनों में गए। वहां उनको सुनने के लिए सभी लालायित रहते थे। ब्लॉक रामपुर मथुरा में राजासाहब की कोठी पर 'तुलसी साहित्य परिषद' नामक संस्था द्वारा एक कविसम्मेलन का आयोजन किया गया। तब राजा शिवेंद्र प्रताप सिंह जी ने गंगारत्न पाण्डेय जी तथा हम सबको को रामचरितमानस के किष्किन्धा काण्ड की हस्त लिखित पोथी की प्रति दिखाई थी। वहां हनुमान जी की बहुत प्राचीन मूर्ति भी देखी थी। कहा जाता था कि तुलसीदास जी ने यहीं घाघरा ( सरयू) के तट पर रह कर किष्किन्धा काण्ड की रचना की थी और तभी हनुमान जी की मूर्ति भी स्थापित की थी। इसीलिये इस स्थान का नाम रामपुर पड़ा। हालांकि यह तथ्य अभी तक पुरातात्विक रूप से प्रमाणित नही हो सका।

उन्ही दिनों मैंने उनका एक साक्षात्कार किया था जो सीतापुर के किसी साप्ताहिक अखबार में प्रकाशित हुआ था। सन 1986 में जब मैं उत्तर प्रदेश की नौकरी छोड़कर दिल्ली आने लगा तो उन्होंने अपने परिचित दुबे जी को एक पत्र लिखकर दिया ताकि मुझे असुविधा न हो।मेरे लिए दिल्ली एकदम अपरिचित शहर था यहाँ मैं सबके लिए अजनबी था। उनके पत्र के कारण मुझे एक सप्ताह निशुल्क भोजन आवास की व्यवस्था हो गयी थी। उसके बाद मैंने अपना किराए का मकान लेकर दुबे जी से विदा ली। तब केवल पत्र का ही सहारा था, दफ्तरों के अलावा घरों में फोन प्रायः नहीं होते थे। बहरहाल मेरा पत्राचार जारी रहा और छठे छमाहें लखनऊ आने जाने पर पाण्डेय जी से मुलाकात होती रही। उन दिनों वे कठोपनिषद के प्रमुख पात्र 'नचिकेता' पर महाकाव्य लिख रहे थे। बाद में सुकरात के जीवन पर आधारित -एक और नीलकंठ शीर्षक आख्यान भी लिखा, तुलसीदास की रचनाओं का संचयन भी प्रकाशित किया था। प्रकाशकों से तंग आकर उन्होंने अपनी पुस्तकें स्वयं ही प्रकाशित की थीं वो कहते थे- 'मैं तो 'अप्प दीपो भव'का अनुगामी हूँ।' लेकिन उनकी किताबें अधिकाँश लोगों तक पहुँच न सकीं। साहित्यकार जब स्वयं प्रकाशक और विक्रेता बन जाता है तो उसकी रचनाओं का प्रसार बाधित हो जाता है। पुण्य पुराकृत , कायाकंथा- कहानी संग्रह,नए संदर्भों में - कविता संग्रह ,मृगजल- नाटक,कही अनकही -निबंध आदि पुस्तकें अपने समय में चर्चित हुईं देवव्रत उनकी आत्मकथा है। उनके गीत संग्रह की बेहतरीन भूमिका महादेवी जी ने लिखी थी। अपनी किताबें स्वयं प्रकाशित करने की जिद से सबसे अधिक उनकी पत्नी दुखी होती थीं। कईबार प्रूफ और प्रेस के चक्कर में शुगर बढ़ जाती, रक्त चाप बिगड़ जाता था। किताबों की बिक्री की कोई उचित व्यवस्था न हो पायी।कायदे से उनकी समीक्षा भी न हो सकी। उन्होंने निखिल हिन्दी परिषद संस्था बनायी जो बाद में उनके कक्ष तक ही सिमट कर रह गयी ।ऊपरी मंजिल को तो उन्होंने अपनी किताबों का गोदाम ही बना दिया था। व्यावसायिक ढंग से कोई प्रकाशन संस्थान बनता तो शायद और बात होती। सुना है उनके देहांत के बाद वे पुस्तकें अमीरुद्दुला पुस्तकालय को भेंट की गयीं। बेटे उनकी याद में समारोह शुरू कर रहे हैं।

एक जमाने में जब हिन्दी में सानेट लिखे जा रहे थे तब पाण्डेय जी ने बहुत अच्छे सानेट लिखे थे। त्रिलोचन जी भी उनके सानेट का जिक्र करते थे। अब मैं दिल्ली की भागमभाग में फंस गया था। तब बारह सौ वेतन था और यमुनापार की मलिन बस्ती में तीन सौ रुपए एक कमरे किचन का किराया था। दिल्ली आकर खुश भी था और तमाम कष्ट भी उठा रहा था। किरायेदारी में गिरिस्ती लेकर बार बार कमरा बदलना तो सामान्य बात थी। तब आर्थिक संकट से निपटने के लिए ट्यूशन पढ़ाना,पुस्तक समीक्षा आदि लिखना शुरू किया। अखबार और पैसा देने वाली पत्रिका,अकादमी आदि में कविता पाठ और लेखन के कारण कुछ अतिरिक्त आय होने लगी थी। सन 1991 में मैंने दिल्ली में सादतपुर के निकट चालीस वर्ग गज का टेढा सा टुकड़ा दयाल पुर में खरीदकर उसपर दो कमरे बनवाये थे। मकान मालिक से मुझे आजादी मिली थी। तब त्रिलोचन जी यमुनाविहार में रहते थे,मैं उनसे संपर्क में था। वो मेरे मकान बना लेने से बहुत खुश थे। त्रिलोचन जी मेरा मकान देखने आये उन्हें वह छोटा सा टेढा मकान बहुत पसंद आया।? वो कई बार यमुनाविहार से पैदल सादतपुर आते जाते बीच में मेरे घर हो लेते। पत्नी और बच्चे भी उन्हें पहचान गए थे। एक बार मुझे खोजते हुए गंगारत्न पाण्डेय जी त्रिलोचन जी के आवास पर गए फिर उन्होंने तय किया कि दोनों पैदल ही चलते हैं। यमुनाविहार स्थित त्रिलोचन जी के आवास से मेरा घर तीन किमी.जरूर रहा होगा। गर्मी के दिन थे दोनों मित्रों ने पैदल ही मेरे घर के लिए तान दिया , ऐसे सहज और धुन के पक्के थे वे लोग।



राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा जी लखनऊ में पांडे जी के शिक्षक रह चुके थे। उनका पत्राचार होता था। 'नचिकेता' का लोकार्पण राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुआ। संयोजक ने सबको वितरित करने हेतु एक फोल्डर मुझे तैयार करने के लिए कहा। मैंने रातदिन एक करेक जल्दबाजी में उसे प्रकाशित करवाया। बाद में उसे किन्ही औपचारिक कारणों से वितरित नही किया गया। आर्थिक और मानसिक क्षति हुई किन्तु किसी से कुछ कहना मुझे ठीक नही लगा। जयशंकर प्रसाद उनके आदर्श थे। पाण्डेय जी प्रसाद की दार्शनिकता से आगे नही बढ़े , हालांकि छायावाद को अस्त हुए पचास वर्ष बीत गए थे। वह गहन भाषा वह दार्शनिक भावबोध बीते जमाने की बात हो चुकी थी। उनकी कहानियाँ निबंध और फुटकर कवितायें मुझे अधिक अच्छी लगती थीं। मेरे मन में उनका आदर कभी कम नही हुआ। नवीन भाई से उनके बारे में लगातार पत्राचार होता रहा, अब तो फोन पर बात होती है। दिल्ली आने के बाद धीरे धीरे मैं उनसे दूर हो गया। लखनऊ जाने पर अक्सर उनसे मिलता अवश्य था। मेरे कारण लखनऊ स्थित मेरे परिजनों का भी उनके घर आना जाना हो गया था। उन्होंने स्वीकार कर लिया था कि उनकी संतानें अमेरिका से लौट कर भारत नहीं आ सकतीं लेकिन उन्हें यहीं अंतिम सांस लेनी है। पति पत्नी दोनों का शरीर अमेरिका की लंबी यात्रा के लिए अशक्त हो चुका था। सन 2014 में उनसे अंतिम बार मुलाकात हुई थी,कुछ दिनों बाद ही वे दिवंगत हो गए।?अब तो उनकी पत्नी भी नहीं रहीं। उनकी सुधि को नमन।

**(संपर्क- सी-45 /वाई-4, दिलशाद गार्डन, दिल्ली- 110095 फोन-98680313 84)**

**साहित्यकार जब स्वयं प्रकाशक और विक्रेता बन जाता है तो उसकी रचनाओं का प्रसार बाधित हो जाता है। पुण्य पुराकृत , कायाकंथा- कहानी संग्रह,नए संदर्भों में - कविता संग्रह ,मृगजल- नाटक,कही अनकही -निबंध आदि पुस्तकें अपने समय में चर्चित हुईं देवव्रत उनकी आत्मकथा है। उनके गीत संग्रह की बेहतरीन भूमिका महादेवी जी ने लिखी थी। अपनी किताबें स्वयं प्रकाशित करने की जिद से सबसे अधिक उनकी पत्नी दुखी होती थीं। कईबार प्रूफ और प्रेस के चक्कर में शुगर बढ़ जाती, रक्त चाप बिगड़ जाता था।**

# जम्मू कश्मीर की शांति भंग करने की कोशिशें

प्रसंगवश



राजेश माहेश्वरी

पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एक ट्रक पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पांच जवान शहीद हो गए। हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद से ही जुड़े एक आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। इस खबर के प्रसारित होते ही देश में शोक की लहर दौड़ गई। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से आतंकी हमलों में कमी दर्ज की गई है। इसके बावजूद आतंकियों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई जा सकी है।

पिछले दो वर्षों की बात करें तो इस अवधि में जम्मू-कश्मीर में 4 बड़े आतंकी हमले हुए हैं। 11 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले के सुरंग कोट तहसील में हुए एक आतंकी हमले में पांच भारतीय सेना के जवानों की शहादत हुई थी। 16 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले में हुए आतंकी हमले में 4 जवान शहीद हुए थे। 11 अगस्त, 2022 को राजौरी के परगल इलाके में आर्मी कैंप में हुए एक आतंकी हमले में 5 जवान शहीद हुए थे, जबकि इस हमले को अंजाम देने वाले दोनों हमलावर फिदायीन को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। वहीं, 1 जनवरी, 2023 को राजौरी के डांगरी में हुए एक आतंकी हमले में हिंदू समुदाय के 7 लोगों को आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया था।

वास्तव में कभी पुलिस या सेना के जवान तो कभी कस्बों में बचे-खुचे कश्मीरी पंडितों की हत्या जैसी वारदातों के जरिये तनाव जारी रखने का षडयंत्र रचा जाता है। लेकिन इससे इतर सेना के काफिलों पर हमला करने की वारदातें भी होती रहती हैं जिनसे ये प्रमाणित होता है कि तमाम चौकसी के बावजूद सीमा पार से आने वाले आतंकी कश्मीर घाटी में घुसने में कामयाब हो जाते हैं। इसका ताजा उदाहरण गत दिवस राजौरी के पास सेना के एक ट्रक पर हुआ हमला है जिसमें पांच सैनिक मारे गए और अनेक घायल हैं।

यह वारदात कई गंभीर सवाल खड़े करती है। वास्तव में इस वारदात से एक बात स्पष्ट हो गयी कि भले ही पर्यटकों को परेशान न किया जाता हो क्योंकि ऐसा करने से स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ता है, इसीलिये सैन्य ठिकानों के अलावा सेना के काफिलों पर घात लगाकर हमले करने की रणनीति पर अमल हो रहा है। हालांकि सेना काफी सतर्क रहती है लेकिन पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों के छिपने की ऐसी तमाम जगहें होती हैं जहां से वे इस तरह के हमले करने के बाद भाग निकलने में सफल हो जाते हैं। पुंछ में हुआ हादसा भी उसी शैली का लगता है। इससे ये बात भी साबित होती है कि सीमा पार से आने वाले भारत विरोधी तत्वों को घाटी में अभी भी शरण मिलती है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाइयों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों के मारे जाने से उनके आका बौखलाए हुए हैं। उनकी आर्थिक मदद करने वालों पर भी सख्त शिकंजा कसा गया है। बीते कुछ समय से सुरक्षा बल लगातार आतंकवादियों को ढूंढकर मार रहे हैं। सीमा पार से घुसपैठ में भी कमी आई है। इस कारण घाटी में बचे-खुचे अलगाववादी बौखलाहट में हैं। उनको सबसे ज्यादा गुस्सा इस बात पर है कि काफी हद तक आम जनता भी शान्ति के पक्ष में खड़ी नजर आ रही है। सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों ने घाटी के अलगाववादी नेताओं पर भी शिंकजा कसा है।

आतंकवाद से दिखावटी दूरी बनाये रखते हुए अलगाववाद और पाकिस्तान परस्ती का प्रतीक बन चुकी हुर्रियत कांफ्रेंस की कमर भी टूट चुकी है। उसके नेताओं पर नियन्त्रण लगाये जाने का असर ये हुआ कि सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने और आतंकवादियों के जनाजे में जनसैलाब के उमडने जैसे दृश्य अब नहीं दिखाई देते। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जिस कुशलता से घाटी के जिम्मेदार लोगों से सीधे संवाद का तरीका अपनाया उससे भी माहौल सकारात्मक होने लगा है। पिछले दिनों ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन और उसके बेटे की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ये संपत्तियां जम्मू कश्मीर के बडगाम में स्थित हैं। इससे पहले भी एनआईए ने कई आतंकियों के खिलाफ एक्शन लिया है।

आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित कश्मीर घाटी में भी अब इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर अमन बना हुआ है। पत्थरबाजी और बात-बात में सुरक्षा बलों का रास्ता रोकने जैसी घटनाएँ भी अतीत बन गयी हैं। जुमे की नमाज के बाद पाकिस्तान का झंडा फहराते हुए भारत विरोधी नारे लगाता जुलूस भी बरसों से नहीं निकला और न ही श्रीनगर के हृदयस्थल कहे जाने वाले लाल चौक पर अब कोई तिरंगा उतारने का दुस्साहस कर पा रहा है। हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों की बोलती बंद है।

घाटी में सुरक्षा बलों की चौकसी और सख्ती का लाभ ये हुआ कि घाटी में पर्यटकों की संख्या ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। ये जमीनी सच्चाई है। कश्मीरी युवाओं को काफी हद तक यह बात समझ आने आने लगी है कि उनका भविष्य अलगाववादियों के साथ रहने से अंधकारमय हो जाएगा और जिस बन्दूक को उठाकर वे निर्दोष लोगों की हत्या करेंगे वही एक दिन उनकी मौत का जरिया बनेगी। वहीं आम मानस की सोच में बदलाव से अलगाववादियों के आश्रयस्थल भी लगातार कम होते जा रहे हैं।

वहीं फारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की पूरी राजनीति भड़ास व्यक्त करने तक सीमित रह गयी है। घाटी के युवक-युवतियां भी इस बात को समझने लगे हैं कि धारा 370 हटने के पूर्व की स्थिति का वापस आना असम्भव है और उनका भविष्य अलगाववादियों के बहकावे में आकर पत्थरबाजी करने में नहीं अपितु पढ़ लिखकर आगे बढने में है। घाटी में विकास कार्य भी जिस तेजी से चल रहे हैं उसका भी जनमानस पर सकारात्मक असर है। लेकिन ये मानकर बैठ जाना आत्मघाती होगा कि कश्मीर घाटी में पाकिस्तान प्रवर्तित अलगाववाद की जड़ें पूरी तरह से उखड़ चुकी हैं, समझदारी नहीं होगी। असल में, धारा 370 की समाप्ति के बाद भी कश्मीर में एक वर्ग ऐसा हैं जो भारत में रहते हुए भी दिल से भारतीय नहीं है। और यही लोग बीच-बीच में ऐसा कुछ करवा देते हैं जिससे भय का माहौल फिर कायम हो जाए।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मारे गए माफिया अतीक अहमद ने भी पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में बताया था कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये पंजाब में हथियार भेजे जाते हैं। बीते एक-डेढ़ साल में जिस तरह से खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ीं उनसे ये साफ हो गया कि 370 खत्म होने के बाद से पाकिस्तान ने कश्मीर के समानांतर आतंकवाद के पुराने ठिकाने को आबाद करने की कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है।गत दिवस राजौरी में सेना के ट्रक पर हुए हमले का भले ही खालिस्तानियों से कोई सम्बन्ध न हो लेकिन उसमें पाकिस्तान की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। सेना का जांच दल घटना के दोषियों का पता लगाने में जुटा है। हो सकता है हमलावर जल्द पकड़ में भी आ जाएं किन्तु यह घटना इस बात की चेतावनी है कि घाटी को आतंकवाद मुक्त मान लेना आत्मघाती होगा। ये भी कहा जा रहा है कि कश्मीर घाटी में जी-20 की बैठक न होने पाए इसलिए पाकिस्तान भय के माहौल को पुनर्जीवित करना चाह रहा है। जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष कश्मीर और भारत सरकार की गलत तस्वीर पेश की जा सके। और विश्व बिरादरी को बताया जा सके कि कश्मीर में हालात अब भी बुरे हैं, और वहां कुछ बदला नहीं है। ऐसी घटनाएं पाकिस्तान और भारत विरोधी सोच वालों का षडयंत्र है। वहीं जून के अंत में पवित्र अमरनाथ यात्रा भी होनी है। ये देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही खुफिया तंत्र को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ेगी।


**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

**जुमे की नमाज के बाद पाकिस्तान का झंडा फहराते हुए भारत विरोधी नारे लगाता जुलूस भी बरसों से नहीं निकला और न ही श्रीनगर के हृदयस्थल कहे जाने वाले लाल चौक पर अब कोई तिरंगा उतारने का दुस्साहस कर पा रहा है। हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों की बोलती बंद है। घाटी में सुरक्षा बलों की चौकसी और सख्ती का लाभ ये हुआ कि घाटी में पर्यटकों की संख्या ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।**

## एक और नाम

अरे ओ तानाशाह!
तुम्हारे हठ के कारण
कथा-कहानियों सा खूबसूरत
एक देश
आज धधक रहा है
आग की लपटों में
जल रही हैं वहां
इस धरती की सबसे
खूबसूरत स्त्रियां
और कोखें उनकीं
धरती का वीभत्स रूप
देख रहीं हैं
नौनिहालों की निर्मल आंखें
मानवता दम तोड़ रही है
और तुम महाश्मशान
में अट्टहास कर रहे हो


ओ तानाशाह!
खून से रक्त रंजित
तुम्हारी इन हथेलियों को
वोल्गा नदी का
पवित्र जल भी
कभी धो नहीं पायेगा
और इतिहास के काले पन्नों में
रक्त की बूंदों से
खुदा होगा
तानाशाहों की
फेहरिस्त में
एक और नाम.



**- एम जोशी हिमानी**

**मो. 8174824292**

व्यंग्य



## लालकिले का भौकाल

**अरविंद तिवारी**

कल एक पुराने कवि मित्र मिल गए।उनके साथ एक और मंचीय कवि थे,सेवाराम फकीर।फकीर जी हास्य के कवि थे और लालकिले के कवि सम्मेलन में लगातार पंद्रह बार शिरकत कर चुके थे।कभी मेरी भी तमन्ना थी,एक दिन लालकिले के कवि सम्मेलन में कविता पाठ करूं।कुछ जुगाड़ हो पाता,उससे पहले ही गद्य व्यंग्य पूरी तरह मेरे ऊपर ऐसे छा गया,जैसे किसी मनचले पति को उसकी पत्नी,अपने कठोर अनुशासन में बांध लेती है।लालकिले का अपना महत्व है।भले ही पाठ्यक्रम में अब मुगलकाल न हो पर लालकिले का भौकाल पूरे देश में तारी है!मुगल काल में तो खैर लालकिला ही सब कुछ था,पर आजादी के बाद भी लालकिला अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है।किसान आंदोलन का जुलूस भी लालकिले तक जाता है।

जो लालकिले पर पंद्रह बार काव्यपाठ करके आया था,उस कवि से मैंने पूछ लिया,क्या आप तीन बार प्रधान मंत्री बने हैं?उस कवि के साथ मेरा पुराना मंचीय कवि साथी भी चौंक गया।तिवारी जी आपका स्वास्थ्य तो ठीक है न?अगर आपने मंच नहीं छोड़ा होता तो पैसे के साथ साथ,आप स्वास्थ्य के मामले में भी समृद्ध होते।फकीर साहब मंच के कवि हैं,इन्हें प्रधानमंत्री क्यों बता रहे हैं।जहां तक फकीर का सवाल है,ऐसे नाम राजनीति में नहीं होते,कवियों में ही होते हैं।इधर का पेच पुर्जा, उधर को मत घुमाओ।लगता है आपका लिखा गद्य व्यंग्य धुआं बनकर आपकी सांसों को ही हड़काने लगा है।लोकतंत्र के कथाशिल्पी भले ही मुगल काल को हटा दें,लालकिले को नहीं हटा सकते।आप मंच और गद्य लेखन के दोराहे पर भ्रमित लग रहे हैं।इससे पहले कि साहित्य के आलोचक आपको कूड़ेदान में डाल दें,आप मंच की कविता में लौट आओ।कुछ हासिल न हो तो भी,आपका मानसिक स्वास्थ्य जरूर सुधर जाएगा।लालकिले की तमन्ना है,तो अपने शहर के मंच पर ही लालकिले का सेट तैयार करवा देंगे,आप आराम से काव्य पाठ करना।

मेरा पुराना मित्र लालकिले में उलझ गया।बोला, लालकिले का सेट भी लालकिले से कम नहीं होता।बॉस जेल में हो तो भी माफिया की तस्वीर गुंडई करवा देती है।अभी बिहार में रोजा इफ्तार के समय लालकिले का सेट लगाया गया था,जिसमें प्रधानमंत्री पद के कट्टर दावेदार शामिल हुए थे।वर्तमान प्रधानमंत्री भी जब प्रधानमंत्री नहीं थे,तब एक बार लालकिले के सेट से बोल चुके हैं,जो गुजरात में लगाया गया था।यही कारण है,आजकल लालकिले के गत्ते से बने हुए सेट की डिमांड और प्रासंगिकता बढ़ गई है।आजकल बिहार,उप्र,और बंगाल के अलावा तेलंगाना में ऐसे सेटों की भरमार है।जो महत्वाकांक्षी कवि लालकिले पर जाकर काव्य पाठ नहीं कर पाए,उनके लिए ये लालकिले के सेट बहुत उपयोगी हैं।लालकिले को सियासत में सदाकत माना जाता है!लालकिला सत्ता की पहचान बन गया है।लालकिले से जो बुराई या भलाई शुरू होती है,वह शर्तिया हर जिले तक जाती है।लालकिला लाल होने के कारण भगवा राष्ट्रवाद और लालसलाम,दोनों से बावस्ता है।लालकिले में एक खाई है,जो अब सियासत की तरह उथली हो गई है।खंडहर टाइप लालकिला वक़्त की मार का परिणाम नहीं है,वह सियासत की मार का परिणाम है!

मित्र बोल रहा था और मैं दत्तचित्त होकर सुन रहा था।....लालकिले की उपयोगिता पंद्रह अगस्त तक सीमित नहीं है।वह केवल गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर काव्य पाठ के ही काम नहीं आता,वह कविता का विषय भी बनता है।लालकिला यह भी बताता है कि रंग रोगन से रौनकें नहीं लौटा करतीं।आकाशवृत्ति पर जीवन यापन करने वाले अक्सर हादसों का शिकार होते हैंऔर ये हादसे,लालकिले के आसपास ही होते हैं।लालकिला गवाह है,सियासत जब घुड़कती है,तब आजादी लुढ़कती है।गौर से देखें तो पता चलता है,लालकिला किसी दबंग आलोचक की तरह,किसी लेखक को देखकर कुटिल मुस्कान फेंक रहा है!यही कारण है हर खासो आम के लिए लालकिला भौकाल बना हुआ है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# उप चुनाव को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च


सड़कों पर फ्लैग मार्च करतीं पुलिस

**लालगंज।** विधानसभा छानवे उपचुनाव को शांति तरीके से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी लालगंज ज्ञानू प्रिया के नेतृत्व में बीएसएफ एवं पुलिस फोर्स के साथ बरौंधा बाजार में रूट मार्च करते हुए अगल बगल के गांवो में भी रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान थाना प्रभारी ने कस्बा वासियों से मिलकर कानून व्यवस्था के साथ ही चुनाव में आने वाली अड़चनों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने उप चुनाव को दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि अराजक तत्वों पर पुलिस की हमेशा नजर बनी रहेगी। अगर कोई शांति व्यवस्था में खलल डालने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि छानवे विधानसभा में कई गांव संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथ बनाए गए हैं जिस पर पुलिस की नजर है।

## सीमा सुरक्षा बल की चार बटालियन के जवानों ने किया रूट मार्च

**हलिया।** छानबे विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मंगलवार को सीमा सुरक्षा बल के चार बटालियन के जवानों ने नक्सल क्षेत्र सहित सीमावर्ती गांव में रूट मार्च किया। मंगलवार को हलिया थाना क्षेत्र के बछनार एवं बेलाही बॉर्डर पर एसएसबी 18 के कमांडर रोहिल बंसल तथा एसएस बी 48 के कमांडर सोमलाल तथा एसएस बी 51 के कमांडर चैन सिंह एवं एसएसबी बीबीएन के कमांडर वेद प्रकाश सहित थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह के साथ हलिया थाने की फोर्स तथा मतवार चौकी के पुलिस कर्मियों के साथ मध्य प्रदेश स्थित सिंगरौली जनपद के सीमावर्ती बछनार बॉर्डर तथा बेलाही बॉर्डर पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया जवानों तथा पुलिसकर्मियों ने थानाध्यक्ष विष्णुप्रभा सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में रूटमार्च किया। थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए जवानों संग क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रूटमार्च किया गया है।

## छानबे विस के उपचुनाव मैदान में 8 प्रत्याशी अजमा रहे हैं दांव

**उपचुनाव**

**सपा प्रत्याशी कीर्ति के लिए चाचा भतीजा सम्हालेंगे मोर्चा**

**रिंकी हैं अपना दल की उम्मीदवार, मैदान से बाहर हुए राजनारायण**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले की छानबे विधानसभा आरक्षित सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए अब महज 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। मड़िहान कुबरी पटेहरा निवासी राज नारायण ने अपना नामांकन वापस ले लिया। यह जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने दी। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर प्रत्याशियों के साथ नोटा भी बिना नामांकन, खर्च और प्रचार के वोट बटोरेगा।

2022 के चुनाव में महज 47.29 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया था। जिसमें 3224 वोट मतदान का 1.49 प्रतिशत नोटा को मिला था। जिला प्रशासन मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने में लगा है। पुलिस के जवान गस्त कर निर्भीक होकर मतदान का संदेश दे रहे है।

समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक भाईलाल कोल की पुत्री कीर्ति कोल के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं चाचा शिवपाल यादव स्टार प्रचारक के रूप में शामिल होंगे। इसके अलावा सपा के राष्ट्रीय महासचिव लालजी वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष नरेश, स्वामी प्रसाद मौर्य, बी पांडेय, मिठाई लाल भारती के साथ ही पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया चुनावी प्रचार के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है।

विधान सभा चुनाव 2022 में राहुल प्रकाश कोल को 1,02,502 मत मिला था। जबकि सपा प्रत्याशी कीर्ति कोल को 64,389 वोट मिला था। पोस्टल वोटिंग में कीर्ति कोल को 343 और राहुल प्रकाश कोल को महज 136 वोट मिला था। इस बार उप चुनाव में सपा ने इस कुर्सी पर काबिज होने के लिए पूरे दमखम के साथ मतदाताओं के बीच जाने की तैयारी में हैं। भाजपा से मिले इस सीट पर अपना दल सोनेलाल गुट से रिंकी कोल चुनावी मैदान में हैं। वह अपने पति के रिक्त हुए सीट पर अपना भाग्य आजमा रही हैं।

जिला पंचायत सदस्य रिंकी कोल की जीत के लिए भाजपा और अपना दल रणनीति बनाने में जुटीं हैं। कांग्रेस के अजय कुमार, राष्ट्रीय समाज पक्ष के शिव पूजन के अलावा निर्दल प्रत्याशी के रूप में अर्जुन, उमेश सिंह रावत, भीमराव एवं सर्वेश कुमार मैदान में है। इस सीट पर 10 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होगी। क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 3,64,218 हैं। जिसमें 192414 पुरुष तथा 171748 महिला मतदाता हैं।

# नहाने गयी दो बालिकाओं की डूबने से हुई मौत

**हादसा**

**सेवटी नदी नदौली घाट पर मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम**

जनसंदेश न्यूज


दो मौत के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

**हलिया।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के पटेहरा गांव के सेवटी नदी के नदौली घाट पर स्नान करने के लिए गयी दो बालिकाओं की पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक वापस नही लौटने पर घाट के पास पंहुचे बालिका की माता ने घाट पर कपड़ा देखकर शोर मचाया। तक मौके पर पंहुचे स्वजनों ने नदी के पानी से दोनों बालिकाओं के शव को बाहर निकलवाते हुए घटना की सूचना पुलिस को दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर स्वजनों में कोहराम मच गया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। पटेहरा गांव निवासी ज्ञानेंद्र की 10 वर्षीय पुत्री अर्चना व राजेश कुमार की 12 वर्षीय पुत्री साधना घर से करीब 400 मीटर दूर स्थित सेवटी नदी के नरौली घाट पर स्नान करने के लिए गई थी कि स्नान करते करते गहरे पानी में जाकर डूब गई। जिससे दोनों बालिकाओं की पानी में डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर साधना की मां नरौली घाट पर पहुंची तो देखा कि कपड़ा व चप्पल घाट पर पड़ा हुआ है लेकिन बालिकाएं मौके पर नहीं है जिस पर उसने शोर मचाया।

मौके पर पहुंची दोनों बालिकाओं के स्वजनों वह ग्रामीणों ने नदी में कूदकर दोनों बालिकाओं के शव को बाहर निकलवाते हुए घटना की सूचना ड्रमंडगंज पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज वीरेंद्र सिंह ने बालिकाओं के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुट गए। वही मृत बालिकाओं की परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

## विंध्याचल धाम में महिला से अभद्रता, सिपाही निलंबित

**मीरजापुर।** विंध्याचल धाम में वृद्ध महिला दर्शनार्थी के साथ अभद्रता के मामले में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया है। एक परिवार विंध्याचल धाम में सोमवार को अपनी मां के साथ दर्शन करने आया था। सायंकाल दर्शन के लिए जाते समय सेवा के नाम पर तैनात सिपाही ने महिलाओं के साथ अभ्रदता पूर्ण आचरण करने के साथ ही उनके साथ धक्का मुक्की की। जो महिलाओं को इतना नागवार लगा कि माता रानी को वही से नमन कर अपने घर के लिए लौट गई। रास्ते में दल बल के साथ खड़े मिले थाना प्रभारी को देखकर महिलाओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराया। पूछा कि सिपाही के घर में मां बहन नहीं है। जो आचरण उसने किया वह कही से भी सेवा की भावना के साथ नहीं था। लिहाजा शिकायत का वीडियो वायरल होने के बाद उसे संज्ञान में लेते हुए एसपी ने जांच तक के लिए दोषी आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। थाना प्रभारी ने महिलाओं को समझा कर खुद दर्शन कराने के लिए साथ चलने का अनुरोध किया लेकिन पुलिस के व्यवहार से मर्माहत महिलाओं ने दर्शन करने से इंकार कर दिया। पुलिस को भले ही उन्होंने कोई तहरीर नहीं दिया। लेकिन माँ से अपना दर्द बयां कर दोषी को दंडित किये जाने की गुहार लगाकर चली गई। पुलिस अब जांच में जुटीं हैं। सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि मंदिर बन्द होने के भीड़ होने पर पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं को बाहर निकला जा रहा था।

## कृषक फार्मेसी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन


रक्तदान करने के लिए एकत्र हुए लोग

**सैकड़ों छात्रों ने किया रक्तदान**

**संस्थापक एवं संरक्षक पारस नाथ सिंह ने किया प्रोत्साहित**

जनसंदेश न्यूज

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के ददरा बाजार स्थित कृषक कॉलेज ऑफ फार्मेसी और कृषक पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विंध्यवासिनी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विनोद कन्नौजिया एवं उनकी टीम के लोगों ने अध्यापकों व छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा स्वेच्छा से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कृषक कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉक्टर प्रकाश मिश्रा ने कहा, रक्तदान महादान है और सभी को रक्तदान करना चाहिए। जिससे जरुरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सके। कॉलेज प्रबंधन ने ब्लड बैंक से आई टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक एवं संरक्षक पारसनाथ सिंह ने इस तरह के आयोजनों को आगे भी संचालित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना महादान होता है तथा जिंदगी और मौत से जूझ रहे लोगों के लिए आपका ब्लड जीवनदान दे सकता है। इसलिए ऐसे आयोजनों का समय समय पर आयोजित किया जाना पुण्य का कार्य होता है। फामेर्सी कॉलेज के विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार सरोज, विपिन कुमार, सूरज मौर्य, अंजली कुमारी, अनूप पांडे व अन्य फामेर्सी फैकेल्टी के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर संपन्न कराया गया।

# दसवीं में रोशनी, बारहवीं में गौरव बने जिले के टॉपर

जनसंदेश न्यूज


गौरव को मिठाई खिलाते परिजन

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें दसवीं की परीक्षा में केवलपत्ती बैजनाथ माध्यमिक विद्यालय परसोधा की रोशनी यादव टॉपर बनी। इंटर की परीक्षा में मिश्रीलाल मवैया इंटर कॉलेज के छात्र गौरव दुबे ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। छात्रों की सफलता से परिजनों में हर्ष व्याप्त है। लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

दसवीं की परीक्षा में जिले में टाप थ्री की सूची में दूसरा स्थान छानबे विकास खंड के कोलही बजहा स्थित आर पी वाई इंटर कॉलेज के आयुष यादव तथा जमुआ बाजार के एसडब्ल्यू जटाधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज की खुशी सिंह पटेल दूसरे नंबर पर हैं। जमालपुर देवकली इंटर कॉलेज के नीतीश कुमार मौर्य और केवलपत्ती बैजनाथ मा. विद्यालय की आशा सिंह ने तीसरे स्थान प्राप्त किया हैं। इसी प्रकार इंटर की परीक्षा में मिश्रीलाल इंटर कॉलेज मवैया के गौरव दुबे ने पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर मवैया के ही एसकेएसडी बालिका इंटर कॉलेज की प्रियंका पांडेय को मिला । तीसरा स्थान भटेवरा कोलना निवासिनी खुशी ने प्राप्त किया हैं। चौथे स्थान पर आर्यन शर्मा, संध्या मौर्य और अंकित मौर्या हैं। पांचवे स्थान पर पैड़ापुर के दिव्यांश त्रिपाठी एवं ओम साईं जनता इंटर कॉलेज की संध्या यादव को पांचवा स्थान है।

## टॉपटेन सूची में दो छात्रों ने दर्ज कराया नाम

**लालगंज।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उपरौध क्षेत्र के दो बच्चे जिले के टॉप टेन सूची में आने से खुशी की लहर छा गई। जिसमें बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज की इंटर की छात्रा प्रिया मौर्य 465 अंक प्राप्त कर 93 प्रतिशत व हाईस्कूल में लालगंज के उसरी पांडेय स्थित श्रीमती दलवंती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र पूर्णेन्दु 575 अंक प्राप्त करके 95.83 प्रतिशत के साथ जिले की टाप टेन सूची पांचवें स्थान पर रहे। दोनों मेधावियों का कहना है कि सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर देश के प्रति कर्तव्य निर्वहन करने का संकल्प है। इसी प्रकार भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मानशी मिश्रा प्राप्तांक 564 अंक 60.64 प्रतिशत, योगेश अनुक्रमांक 1232575908 ने 550 अंक 91.66 प्रतिशत, प्रदीप कुमार द्विवेदी ने542अंक के साथ 90.33 प्रतिशत प्राप्त किए। इसी विद्यालय के जयप्रकाश ने 538 अंक के साथ 89.60 प्रतिशत व श्रेया तिवारी ने 528 अंक 88 प्रतिशत प्राप्त कर सफलता अर्जित किया। विद्यार्थियों की सफलता को लेकर प्राचार्य डॉ धर्मजीत सिंह, दशरथ दूबे, राजेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों का प्रयास और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत ने नाम रोशन करने का काम किया है। बताया कि लगातार शिक्षा के प्रति अभिभावकों में सजगता बढ़ रही है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों ने परिजनों का बढ़ाया मान

अंशुमान पाण्डेय व निखिल द्विवेदी ने लगभग 90% अंक किया हासिल
वहीं बारहवीं में समीक्षा, प्रियांशी, तथा अभिषेक ने छुआ 90% का आंकड़ा

राजगढ़। मंगलवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा में शामिल छात्रों को अपने अच्छे अंक से सफल होने की उत्सुकता दिखाई दे रही थी जिसमें कुछ छात्रों ने सफलता हासिल करने पर अपने विद्यालय एवं परिवारजनों का मान सम्मान बढ़ाते हुए गौरवान्वित किया है। यूपी बोर्ड की ओर से 25 अप्रैल को परिणाम आने का छात्र बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्रों के इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई और परिणाम घोषित होने के बाद सफलता हासिल करने वाले छात्रों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र के किसान इण्टर मीडिएट कालेज, नदिहार, श्री बृजराज इण्टर मीडिएट कालेज चौखड़ा, एवं रामसूरत इण्टर मीडिएट कालेज राजगढ़ में शिक्षारत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के हजारों छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें राजगढ़ बाजार स्थित रामसूरत मालती इण्टरमीडिएट कालेज के भीटी निवासी अंशुमान पाण्डेय ने 540 नंबर प्राप्त कर 90% मेरिट हासिल किया। वहीं निखिल द्विवेदी निवासी भीटी ने भी 88% मेरिट के साथ विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। क्षेत्र के तीन इंटरमीडिएट कालेज से लगभग दर्जनों छात्रों ने अच्छे अंक हासिल किए और विद्यालय सहित माता-पिता का नाम रोशन किया।

# बिना पैथालॉजिस्ट के हो रही मरीजों की जांच, विभाग मौन

**लूट**

**सैंपल लेकर करा रहे फर्जी जांच**

**अवैध पैथोलाजी लैब पर हो रही है फर्जी जांच**

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** क्षेत्र में मरीजों से जांच के नाम पर इस समय लूट मची हुई है। बाजार से गांव तक बिना पेथालोजिस्ट और बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध पैथोलाजी संचालित की जा रहीं है। इसके बावजूद आज तक किसी भी पैथोलॉजी लैब पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इतना ही नहीं इन पैथोलाजी संचालकों ने सरकारी अस्पतालों को भी हाईजेक कर रखा है।

क्षेत्र में अधिकांश यह पैथोलाजी सरकारी अस्पतालों के आसपास व अगल बगल में बैठे हैं। इसके साथ ही कुछ चिकित्सक भी मरीजों को बाहर की लैब पर ही मरीजों को जांच कराने की सलाह दे रहे हैं।

क्षेत्र के हलिया, ड्रमंडगंज, रतेह चौराहा, नैड़ी कठारी, बरौंधा सहित कई जगहों पर दर्जनों की संख्या में अवैध पैथोलाजी संचालित किए जा रहे हैं। इनमें अधिकांश पैथोलाजी सरकारी अस्पतालों के आसपास बनी हुई है। जो अस्पतालों को पूरी तरह से हाईजैक किए है। साथ ही कुछ चिकित्सक तो आने वाले मरीजों को निजी पैथोलाजी सेंटरों पर ही जांच की सलाह देते हैं, तो वहीं कुछ संचालक चिकित्सकों के आस पास ही घूमते रहते हैं जो जांच का इशारा मिलते ही मरीज को अपने सेंटरों पर ले जाते हैं। जहां पर जांच के नाम पर मरीजों से मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। वहीं इन सेंटरों में मरीजों की खून, मलेरिया, पेशाब की जांच तो सेंटरों का सामान्य कर्मचारी ही कर देता है। जबकि पैथलोजिस्ट के नाम पर तो केवल सेंटर ही चल रहा है। हद तो तब हो गई जब स्वास्थ्य विभाग द्वारा किसी भी सेंटर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# तीन तिथियों में होगा अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का निरीक्षण

**बैठक**

**बैंक खातों से अभ्यर्थी क्रास एकाउंट पेई चेक द्वारा ही निर्वाचन में करेगा व्यय**

**निर्वाचन के दौरान दस हजार तक कर सकता है नगद भुगतान**

**राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को दी गई निर्वाचन व्यय लेखा के रखखाव की जानकारी**

जनसंदेश न्यूज


राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को संबोधित करते प्रेक्षक

**मीरजापुर।** 395-छानबे (अ0जा0) उप निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला पंचायत सभागार में पेक्षक सामान्य देवेन कुमार प्रधान एवं व्यय प्रेक्षक वेंकटेश जाधव ने प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा/मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचन व्यय लेखा के रखरखाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्य कोषाधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के दौरान अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर का कम से कम तीन बार यथा प्रथम बार 27 अप्रैल 2023, द्वितीय 02 मई 2023 एवं तृतीय 06 मई 2023 को व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में सहायक व्यय प्रेक्षक के समक्ष निरीक्षण कराना अनिवार्य होगा।

उन्होने बताया कि उपरोक्त तिथियों में पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत सभागार में पहुंचकर निर्वाचन खर्चों के दैनिक लेखे का रजिस्टर, कैश रजिस्टर, बैंक रजिस्टर एवं खर्च किये गये समस्त बिल/बाउचरों का निरीक्षण अवश्य कराया जाय। निर्वाचन के उद्देश्य से खोले गये बैंक खातों से अभ्यर्थी क्रास एकाउंटपेई चेक द्वारा सभी निर्वाचन व्यय उपगत करेगा तथापि यदि अभ्यर्थी द्वारा व्यय के किसी भी मद के लिये किसी व्यक्ति/हस्ती को राशि देय है तथा सर्म्पूण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान यह राशि रूपया दस हजार से अधिक नही है तो निर्वाचन प्रयोजनार्थ खोले गये बैंक खाते इस राशि का आहरण कर यह व्यय नगद के रूप में उपगत किया जा सकता हैं। व्यय प्रेक्षक जाधव ने कहा कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यथियों के निर्वाचनों के परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अन्दर जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों की लेखे की सही प्रतिलिपि दाखिल करना अनिवार्य होगा। बैठक में सभी राजनैतिक दल के मान्यता प्राप्त व गैर मान्यता प्राप्त पदाधिकारी व प्रतिनधि उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### नगर निकाय चुनाव : मीरजापुर नगर में 12 और चुनार में हैं 7 दावेदार

**मीरजापुर।** नगर निकाय चुनाव के नामांकन का समय समाप्त होने के बाद मीरजापुर नगर पालिका सीट पर 12 दावेदारों का पर्चा वैध पाया गया। जबकि चुनार में 7 दावेदारों का नामांकन पत्र सही मिला है। चुनाव आयोग के द्वारा नाम वापसी की तिथि 27 अप्रैल तय किया गया है। जबकि चुनावी मैदान में कूदे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन 28 अप्रैल को किया जायेगा। चुनाव चिन्ह राजनैतिक दलों के तो तय है। लेकिन निर्दल प्रत्याशियों को उनसे वार्ता कर तय चिन्ह में से छांटने का मौका दिया जायेगा। इसके बाद पूरे दम खम के साथ प्रत्याशी चुनाव चिन्ह लेकर जनता के दरबार में कूद पड़ेंगे। मिजार्पुर नगर पालिका सीट पर नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के पर्चा की जांच की गई । जिसमें 12 उम्मीदवारों का नामांकन सही पाया गया। इसमें एआईएमआईएम के जुलकदर, कांग्रेस की प्रियंका जैन, बसपा के श्याम सुंदर, भाजपा के श्यामसुंदर केसरी, सपा के सतीश मिश्र, आम आदमी पार्टी के सुनील कुमार पांडेय, निर्दल प्रत्याशी पुनम केसरी, मनीष सिंह, मनोज श्रीवास्तव, मुस्ताक अहमद, सुधेश्वर शुक्ला एवं हरिओम सिंह का नामांकन पत्र वैध पाया गया। इसी प्रकार चुनार में सपा के अशोक उर्फ संतोष, आम आदमी पार्टी के मोहन कांग्रेस के मंसूर अहमद, बसपा के रमाशंकर सिंह, भाजपा के विजय बहादुर, जन अधिकार पार्टी के अनवर अली एवं निर्दल प्रत्याशी विजय कुमार का चुनावी मैदान में डटे हैं।

### 10वीं में फेल होने पर छात्रा ने फांसी लगाकर दे दी जान

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा 10 की छात्रा ने परिणाम आने पर घर के अंदर फांसी लगा लिया। परिजनों ने निजी साधन से आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी कक्षा 10 की छात्रा मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने पर अनुत्तीर्ण हो गई आत्मग्लानि में आकर घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन में परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले। आए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि छात्रा कक्षा 10 में अनुत्तीर्ण होने के कारण हार्ट अटैक आ गया। चिकित्सक अभिषेक जायसवाल का कहना है कि फांसी लगाने से छात्रा की मौत हुई है। परिजन उपचार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए मौत हो गई थी। घर लेकर चले गए। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को जानकारी दिए बगैर ही दाह संस्कार कर दिया।

### ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार की मौत

**चुनार।** बीती रात कोतवाली क्षेत्र के एच एन 7 राष्ट्रीय राज्य मार्ग मीरजापुर वाराणसी रोड सुंदरपुर के पास इमलिया चट्टी से आ रहे रईस पुत्र शरीफ उम्र 35 वर्ष निवासी शिवपुर थाना चुनार को चुनार कि ओर से आ रही टैक्कर ने टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही रईस की मौत हो गई। ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेजा।

### 25 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना लालगंज पुलिस द्वारा 25 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा छानवें विधानसभा उप-चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। मंगलवार को उ0नि0 संजय कुमार मय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से आरोपी जुगेश कुमार पुत्र पारस नाथ कोल निवासी बनवारी थाना लालगंज मीरजापुर बबलेश पुत्र रामसहाय निवासी बनवारी थाना लालगंज मीरजापुर को क्रमशः 12 लीटर व 13 लीटर (कुल 25 लीटर) अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने किसान की मौत

**अहरौरा।** अदलहाट थाना क्षेत्र के मदनपुरा गांव के किसान का सोमवार शाम अचानक मौसम परिवर्तन होने के कारण घर से भोजन कर किसान सोने जा रहा था। तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया जो कि मौके पर ही किसान कल्लू सिंह पुत्रस्व0 बुधू सिंह की मौत हो गई। किसान की मृत्यु की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान मृतक के घर पहुँचकर परिवार वालों को ढांढस बंधाया व मृतक के परिवार को शासन व प्रशासन की तरफ से बीस लाख रुपए देने के लिए किसानों ने मांग किया। भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, धर्मनाथ सिंह, शिवाजी सिंह, दयाल सिंह परशुराम मोर्य, पंचम सिंह अरविंद सिंह मौजूद रहे।

### संचारीरोग नियंत्रण अभियान की ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**मड़िहान।** विकास खण्ड सभागार में संचारीरोग नियंत्रण अभियान की ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ शैलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें संचारी रोग से बचाव हेतु समस्त विन्दुओं पर चर्चा की गई। मच्छर से बचाव हेतु दवाओं का छिड़काव, साफ सफाई हेतु सफाई कर्मियों को गांव की गलियों, ग्रामीण बस्ती की सफाई करने के लिए 11 क्लस्टर बनाया गया। टीकाकरण में विरोधी परिवारों को प्रेरित करने के लिए समूह के सदस्यों को प्रत्येक वीएचएनडी सत्र से पहले माता बैठक करके जानलेवा 12 बीमारियों से बचाव हेतु सत्र पर जाने के लिए प्रेरित करने की योजना बनाई। बैठक में बीडीओ शैलेन्द्र सिंह, एडीओ (प) श्रीकृष्ण उपाध्याय, राजेश गौतम, डब्ल्यूएचओ प्रतोष दूबे, डाक्टर राजकुमार, डा वाजिद जमील, डॉ संदीप सिंह प्रदीप सिंह,बीएमसी शैल सिंह रहे।

### मार्ग पर चिर प्रतीक्षित निर्माण शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी

**सीखड़।** जनपद (संयुक्त) के प्रथम विधायक पंडित विजयानंद मिश्र के नाम से बनी खैरा सीखड़ संपर्क मार्ग पर टेस्टिंग रोड के चिर प्रतीक्षित निर्माण का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। पंचराव के बाहरी तरफ से बारी गांव तक 100 मीटर टेस्टिंग रोड बनाया जाएगा जो गुणवत्ता परक होगा। पहले इसे 100 मीटर बनाकर टेस्टिंग की जाएगी। सब कुछ सही रहा तो आगे का कार्य होगा। जेई प्रिया सिंह एवं पारसनाथ सिंह ने बताया कि एफडीआर के अंतर्गत रोड टेस्ट के लिए 100 मीटर बनाया जाएगा। पास होने पर खैरा चौराहे से सीखड गंगा घाट तक कुल 6.5 किलोमीटर की सड़क बनेगी। बरसों से उपेक्षित पं विजयानंद मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र वासियों में खुशी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की हुई मौत

**मीरजापुर।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। मंगलवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पानी टंकी के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस में वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक जीआरपी पुलिस शव की शिनाख्त कर रही है।

### दो पुलिसकर्मियों के मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**मड़िहान।** संतनगर थाना परिसर में रविवार शाम मेस में खाना खाने के दौरान दो पुलिसकर्मी आपस में मारपीट करने लगे। मारपीट का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बताया जाता है कि डायल 112 वाहन के चालक देवप्रकाश पाण्डेय व थाने के सिपाही नामवर सिंह के अलावा थाना के अन्य कर्मचारी खाना खाने हेतु मेस में गये हुये थे कि इसी दौरान नामवर सिंह व देवप्रकाश पाण्डेय में किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी व विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों मारपीट पर उतर गये। विवाद बढ़ता देख अन्य कर्मचारी दोनों को अलग - अलग किया। मामले की जानकारी होते ही थानाध्यक्ष कमल टावरी ने दोनों को डाट फटकार लगाया। विवाद के दो दिन बाद सिपाही नामवर सिंह पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र के पास पहुँचकर आपबीती बताई। लोगों का मानना है कि सिपाही नामवर सिंह आये दिन शराब के नशे में धूत रहता है विवाद के समय भी शराब का सेवन किया हुआ था। जिससे किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और मामला मारपीट तक पहुँच गया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लिया।

### फुलहां गांव की आयुषी ने 94.33% अंक हासिल कर मान बढ़ाया

**सीखड़।** क्षेत्र के फुलहाँ गाँव निवासी विमलेश उपाध्याय की बेटी आयुषी ने हाईस्कूल में 94.33 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। आयुषी को 600 में 566 अंक प्राप्त हुए। वह श्री शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हांसीपुर की छात्रा थी। तीन बहन भाई ने सबसे छोटी आयुषी ने सफलता का श्रेय माता पिता सहित चाचा प्रमोद कुमार को दिया। पिता खेती करते हैं तथा माता रीना गृहणी हैं। आयुषी की सफलता पर प्रधान मनोज मिश्रा, शिवम पांडेय, अशोक उपाध्याय, राहुल त्रिपाठी, बबलू मिश्रा, राजन नेता आदि ने उसके घर जा कर बधाईयां दी।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**जिगना।** थाने के अंतर्गत यादव पुर गांव के समीप विंध्याचल थाने के अंतर्गत कोलाही गांव निवासी छोटकी देवी उर्फ ननकी देवी पत्नी स्वर्गीय माता अंबर बिंद उम्र 65 वर्ष मंगलवार की सुबह 9 अपने गांव से बाबा बदेवरा नाथ दर्शन करने के लिए जा रही थी कि रेलवे ट्रैक पार करते समय वह मालगाड़ी की चपेट में आ गई, और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतका को दो लड़के व चार लड़कियां हैं। घटना के बारे जानकारी होने पर घरवाले रेलवे ट्रैक पर पहुंचे। घटना को देखकर घरवालों में कोहराम मच गया।

## बेंगलुरु दौड़ की अंतरराष्ट्रीय दूत होगी सान्या रिचर्ड्स रॉस



**बेंगलुरु।** पूर्व ओलंपिक और 400 मीटर में विश्व चैंपियन सान्या रिचर्ड्स रॉस को 21 मई को यहां होने वाली विश्व 10 किमी बेंगलुरु दौड़ का अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा दूत नियुक्त किया गया है। अमेरिका की एथलीट सान्या रिचर्ड्स रॉस विश्व एथलेटिक्स की नामी खिलाड़ियों में शामिल है। वह ओलंपिक में लगातार तीन बार चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ जीतने वाली दुनिया की एकमात्र महिला एथलीट हैं। जमैका में जन्मी सान्या रिचर्ड्स रॉस ने ओलंपिक तथा विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 14 पदक जीते हैं। इसके अलावा विश्व रिले में उनके नाम पर तीन स्वर्ण पदक दर्ज है। उन्होंने डायमंड और गोल्डन लीग में भी कई पदक जीते हैं। सान्या रिचर्ड्स रॉस ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, मैं टीसीएस विश्व 10 किमी बेंगलुरु का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। भारत में इस तरह की दौड़ तेजी से विकास कर रही है और मैं 2018 में देश के पिछले दौरे के दौरान दिल्ली में इसकी गवाह रह चुकी हूं।

# टीम इंडिया का ऐलान, रोहित शर्मा की कप्तानी में रहाणे को भी मिली जगह

## कई उन प्लेयर्स को भी टीम में शामिल किया गया है, जो लंबे अर्से से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2023 के बीच एक बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई की ओर से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला सात जून से इंग्लैंड में खेला जाएगा।

इसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें पहले ही क्वालीफाई कर चुकी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान पहले ही कर दिया गया था, अब बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान एक बार फिर से रोहित शर्मा के ही हाथ में रहेगी, वहीं कई उन प्लेयर्स




को भी टीम में शामिल किया गया है, जो लंबे अर्से से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे। आईपीएल में सीएसके के लिए खेल रहे और बेहतरीन खेल दिखा रहे अजिंक्य रहाणे को बीसीसीआई की ओर से इनाम दिया गया है। उन्हें एक बार फिर से टीम इंडिया का टिकट मिल गया है।

बीसीसीआई ने सात जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय स्क्वाड में अजिंक्य रहाणे का नाम शामिल किया है। रहाणे ने भारत के लिये आखिरी टेस्ट 11 जून 2022 को दक्षिण अफ्रीका में खेला था, हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में वह शानदार फॉर्म में रहे हैं। रहाणे ने आईपीएल 2023 में अब तक पांच मैच खेलकर 199.04 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाये हैं, जिसके कारण उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये चुनने पर विचार किया गया। उल्लेखनीय है कि रहाणे के टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रेयस अय्यर को उनकी जगह दी थी, लेकिन अय्यर कमर की सर्जरी करवाने के कारण करीब छह माह के लिये क्रिकेट से दूर हो गये हैं।

भारतीय सरजमीन पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 से पहले अय्यर का वापसी करना मुश्किल है।

## डेविड मिलर और अभिनव मनोहर के बीच अच्छी साझेदारी, गुजरात का स्कोर 150 रन के करीब



आईपीएल में मंगलवार को रोहित शर्मा की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस का सामना रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस से है। दोनों टीमें अंक तालिका में बीच में हैं और इस मैच में जीत के साथ प्लेऑफ की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाना चाहेंगी। गुजरात की टीम जीत के साथ इस मैच में आ रही है, वहीं मुंबई को पिछले मैच में हार मिली थी। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। 101 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद गुजरात की पारी लड़खड़ाई थी, लेकिन डेविड मिलर और अभिनव मनोहर ने शानदार साझेदारी कर गुजरात को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया है।

## पिंडली की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हटी ओंस जाबूर



**मैड्रिड।** गत चैम्पियन ओंस जाबूर बायीं पिंडली में चोट के कारण मैड्रिड ओपन टेनिस टूनामेंट से हट गई है जिससे उनकी फ्रेंच ओपन की तैयारियों को करारा झटका लगा है। ट्यूनीशिया की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने जर्मनी के स्टुटगार्ट में चल रहे क्ले कोर्ट टूनामेंट के सेमीफाइनल में तब मैच से हटने का फैसला किया जब वह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक के खिलाफ पहले सेट में 0-3 से पीछे चल रही थी। जाबूर ने इसके बाद ट्विटर पर पोस्ट किया कि उनकी पिंडली चोटिल हो गई है और उन्हें कई तरह की जांच करानी पड़ेगी। उन्होंने कहा, मुझे इस चोट से उबरने के लिए समय चाहिए। मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मैं मैड्रिड में नहीं खेल पाऊंगी। जाबूर पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही थी। उन्हें पिछले साल फ्रेंच ओपन में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन वह पहले दौर में हारकर बाहर हो गई थी। फ्रेंच ओपन 28 मई से पेरिस में शुरू होगा।

# आरसीबी ने राजस्थान के खिलाफ की बड़ी गलती, विराट कोहली पर लगा दोगुना जुर्माना

## लग सकता है प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान विराट कोहली ने टीम को लगातार दो मैचों में जीत दिलाई है। उन्होंने 18 महीने बाद आईपीएल में कप्तानी करते हुए पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स को हराया। हालांकि, कोहली के लिए इस बीच एक बुरी खबर आई है। विराट पर रविवार (23 अप्रैल) को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुमार्ना लगाया गया है।

इस बार यह जुमार्ना सिर्फ टीम के कप्तान को नहीं, बल्कि पूरी टीम पर लगी है। कोहली पर 24 लाख रुपये का



जुमार्ना लगाया गया। वहीं, आरसीबी के अन्य खिलाड़ियों को भी सजा मिली है। उनके मैच फीस का 25 फीसदी हिस्सा काटा गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में यह बताया गया कि आरसीबी की टीम राजस्थान के खिलाफ समय पर पूरे ओवर नहीं डाल सकी। सीजन में टीम ने दूसरी बार ऐसा किया है।

***लखनऊ के खिलाफ मैच में भी की थी गलती***

विराट पर 24 लाख रुपये और इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 के अन्य खिलाड़ियों पर छह-छह लाख रुपये या मैच की 25 फीसदी का जुमार्ना लगाया गया है। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस पर लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मिली हार के बाद जुमार्ना लगा था। टीम की दूसरी गलती के कारण इस बार बड़ा जुमार्ना लगा है। अब अगर टीम ने एक बार फिर ये गलती की तो कप्तान पर एक या उससे ज्यादा मैचों का प्रतिबंध भी लग सकता है। ऐसे में विराट आगामी मैच में कप्तानी करते हैं तो उन्हें संभलकर रहना होगा, नहीं तो बड़ी सजा मिल सकती है।

***मैच में क्या हुआ था?***

आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट खोकर 189 रन बनाए थे। फाफ डुप्लेसिस ने 62 और मैक्सवेल ने 77 रन की पारी खेली थी। राजस्थान के लिए ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा ने दो-दो विकेट लिए थे। इसके जवाब में राजस्थान की टीम छह विकेट खोकर 182 रन ही बना पाई। देवदत्त पडीक्कल ने 52 और यशस्वी जायसवाल ने 47 रन बनाए। अंत में ध्रुव जुरेल ने 16 गेंद में 34 रन की पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। आरसीबी के लिए हर्षल पटेल ने तीन विकेट लिए।

## आज कोहली-फाफ मिलकर मचाएंगे धमाल, आंद्रे रसेल भी करेंगे कमाल



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के 36वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भिड़ंत कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ होगी। बैंगलोर की टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में है और आखिरी मैच में आरसीबी ने राजस्थान को पटखनी दी थी। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पिछले चारों मैच में हार का मुंह देखा है। केकेआर के लिए पिछले कुछ मैच बुरे सपने से कम नहीं रहे हैं। टीम के ना तो बल्लेबाज कुछ खास कमाल दिखा सके हैं और ना ही गेंदबाजी में वो धार नजर आई है। सलामी जोड़ी हर सीजन की तरफ ही इस बार भी टीम की बड़ी समस्या रही है। कप्तान नीतिश राणा अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में तब्दील करने में नाकाम रहे हैं।

वेंकटेश अय्यर इकलौते ऐसे बल्लेबाज रहे हैं, जिनके बल्ले से रन निकले हैं। हालांकि, लास्ट मैच में जेसन रॉय ने भी 26 गेदों में 61 रनों की विस्फोटक पारी खेली थी। गेंदबाजी में भी उमेश यादव कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके हैं। वहीं, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती की भी बल्लेबाजों ने जमकर धुनाई की है। रसेल गेंद और बल्ले दोनों से इस सीजन अभी तक बुरी तरह से फ्लॉप रहे हैं।

***शानदार फॉर्म में आरसीबी***

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पिछले दोनों ही मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। आखिरी मुकाबले में टीम ने राजस्थान को हार का स्वाद चखाया था। बल्लेबाजी में फाफ डुप्लेसी का बल्ला इस सीजन खूब चल रहा है। कोहली ने आखिरी मैच में साफ किया था कि डुप्लेसी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और अगले कुछ मैचों में वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर ही खेलते नजर आएंगे।

वहीं, विराट कोहली और ग्लेन मैक्सवेल ने भी आईपीएल 2023 में खूब धूम मचा रखी है। हालांकि, गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज को छोड़कर टीम के अन्य तेज गेंदबाज कारगर साबित नहीं हुए हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर संभावित प्लेइंग 11: विराट कोहली, शाहबाज अहमद, ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर, दिनेश कार्तिक, एस प्रभुदेसाई, वानिंदु हसरंगा, डेविड विली, विजय कुमार, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल।

कोलकाता नाइट राइडर्स संभावित प्लेइंग 11: एन जगदीशन, सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, नीतिश राणा, जेसन रॉय, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल, डेविड विसे, उमेश यादव, वरुण चक्रवर्ती, सुयश शर्मा।

# यौन शोषण के आरोप : डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत पर दिल्ली पुलिस को नोटिस

***एससी ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ आरोपों को गंभीर बताया***

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और कहा कि ये गंभीर आरोप हैं। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर करते कहा कि यह मामला एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित है। पीठ ने सिब्बल की दलीलों पर सहमति व्यक्त करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया



और कहा कि मामले की अगली सुनवाई वह शुक्रवार को करेगी। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि पहलवानों द्वारा रिट याचिका में लगाए गए आरोपों की प्रकृति को देखते हुए याचिकाकताओं के नामों में संशोधन किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने अपना आदेश पारित करने से पहले शुरू में कहा था कि सामान्य रूप ऐसे मामलों में पीड़ित व्यक्ति दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत उपचार का लाभ उठा सकता है।

इस पर सिब्बल ने तर्क दिया कि इस प्रकार की शिकायतों पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के लिए यहां तक कि पुलिस कर्मियों पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख सिंह पर यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाते हुए भारतीय पहलवान विनेश फोगट और अन्य ने दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान इस मामले उठाया? था। अधिवक्ता ने याचिकाकताओं का पक्ष रखते हुए पीठ से इस मामले पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी। पीठ ने याचिका के सूचीबद्ध नहीं होने की बात बताते हुए हुड्डा से इस मामले का मंगलवार को फिर से उल्लेख करने को कहा और आज हुड्डा के समर्थन में सिब्बल ने इस मामले को उठाया।

याचिका के अनुसार, फोगट और अन्य पहलवानों ने दिल्ली पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने में 'अत्यधिक देरी' का हवाला देते हुए भूषण के खिलाफ मामला दर्ज करने का पुलिस को निर्देश देने की गुहार लगाई थी। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 23 जनवरी को खेल मंत्रालय ने मशहूर मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अप्रैल के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, लेकिन इसके निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

मैरी कॉम के अलावा समिति के अन्य सदस्यों में ओलंपिक पदक विजेता-पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन और भारतीय खेल प्राधिकरण के पूर्व कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन शामिल थे। ओलंपियन पहलवान बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगट और अन्य शीर्ष भारतीय पहलवानों ने दिल्ली के जंतर मंतर पर एक बार फिर रविवार से डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश पत्रकारों से बात करते हुए रो पड़ीं थीं। विनेश ने पहले आरोप लगाया था कि वह सिंह द्वारा मानसिक उत्पीड़न का शिकार हुई थीं और ( दावा किया था) उसने आत्महत्या के बारे में भी सोचा था। उन्होंने कहा था कि रविवार को एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों ने फिर पुलिस से शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की है, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने हालांकि कथित तौर पर कहा , ह्लहमें सात शिकायतें मिली हैं और फिलहाल उन सभी की जांच कर रहे हैं। ठोस सबूत मिलने के बाद हम प्राथमिकी दर्ज करेंगे। अपनी पूछताछ के दौरान हमने पुलिस से एक रिपोर्ट मांगी है।

# सनराइजर्स के बल्लेबाजों को अधिक सक्रियता दिखानी चाहिए थी: लारा



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य का पीछा करने में असफल रहने के लिए अपने बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्होंने अपना आक्रामक रवैया दिखाने में काफी देर कर दी थी। सनराइजर्स को सोमवार की रात को दिल्ली के हाथों सात रन से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार तीसरी पराजय है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके सामने 145 रन का लक्ष्य था लेकिन आखिर में वह छह विकेट पर 137 रन ही बना पाया। लारा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,पिच में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं थी तथा हमें पूरी पारी के दौरान अधिक सक्रियता दिखानी चाहिए थी। उन्होंने कहा, हमने सब कुछ आखिर के लिए छोड़ दिया। मुझे अच्छा लगता अगर हमारे बल्लेबाज पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते। हमने उन्हें बीच के ओवरों में विकेट लेने और हावी होने का मौका दिया। सनराइजर्स पावर प्ले में 36 रन ही बना पाया जबकि उसकी आधी टीम 14.1 ओवर में 85 रन पर पवेलियन लौट गई थी। लारा ने कहा, पहले 15 ओवर काफी महत्वपूर्ण होते हैं और तब तक हमें काफी बेहतर स्थिति में होना चाहिए था। सनराइजर्स को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अब प्रत्येक मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लारा ने कहा, हमें अब आगे के बारे में सोचना होगा और जल्द ही एकजुट होना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि अब हमारे लिए राह मुश्किल है और हमें अधिक जिम्मेदारी से खेलना होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 144 रन का स्कोर बनाया था लेकिन स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि टीम को विश्वास था कि वह अपने स्कोर का बचाव करने में सफल रहेगी। कुलदीप ने कहा,, शत प्रतिशत एक टीम के रूप में हमें अपनी गेंदबाजी इकाई पर पूरा भरोसा था और हमने पूरे टूनार्मेंट में अच्छी गेंदबाजी की है और यहां पर हमारे पास अपना कौशल दिखाने का मौका था। उन्होंने कहा, हमने पावर प्ले में अच्छी गेंदबाजी की। इसके बाद बीच के ओवरों में मैंने और अक्षर पटेल ने हमें मैच में बनाए रखा जबकि अंतिम चार ओवरों में एनरिक नोर्किया और मुकेश कुमार ने अच्छी गेंदबाजी की।

## चैपमैन के शतक से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को हराया, श्रृंखला की बराबर



**रावलपिंडी।** मार्क चैपमैन के करियर के पहले शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 के बराबर की। न्यूजीलैंड के सामने 194 रन का लक्ष्य था लेकिन 10वें ओवर तक उसका स्कोर चार विकेट पर 73 रन था। चैपमैन ने यहीं से जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 57 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 104 रन बनाए तथा जेम्स नीशम (25 गेंदों पर नाबाद 45) के साथ पांचवें विकेट के लिए नौ ओवर में 121 रन की अटूट साझेदारी की। इससे न्यूजीलैंड ने 19.2 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर पांच विकेट पर 193 रन बनाए थे। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने 62 गेंदों पर नाबाद 98 रन बनाए जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज के अलावा इफ्तिखार अहमद ने 36 और इमाद वसीम ने 31 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ब्लेयर टिकनर ने 33 रन देकर तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भारत में इंडियन प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं। उसने पाकिस्तान के खिलाफ खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया। न्यूजीलैंड की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 100वीं जीत है। दोनों टीमों के बीच अब पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी जिसका पहला मैच गुरुवार को रावलपिंडी में होगा।

# कांग्रेस पर शाह का निशाना

## कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने कमर कसी, शाह बोले- 'गलती से भी कांग्रेस आई तो पूरा कर्नाटक दंगे से ग्रस्त हो जाएगा'

**बगलकोट (कर्नाटक)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने कमर कस ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को प्रचार करने उत्तर कर्नाटक क्षेत्र में पहुंचे है। जहां उन्होंने विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि अगर कांग्रेस गलती से भी आ गई तो ऑल टाइम हाई करप्शन होगा, तुष्टिकरण होगा ओर पूरा कर्नाटक दंगों से ग्रस्त होगा। क्या आप चाहते हैं कि पीएफआई से बैन हट जाए? उन्होंने कहा कि एक तरफ डबल इंजन की सरकार बीजेपी की है तो दूसरी तरफ रिवर्स गियर सरकार है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण खत्म करने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के फैसले का



मंगलवार को बचाव करते हुए कहा कि पार्टी ने कभी धर्म आधारित आरक्षण में विश्वास नहीं किया। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सत्ता में आने पर आरक्षण बहाल करने के कांग्रेस के रुख पर भी निशाना साधा। शाह ने तेरदल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण धर्म आधारित था। वोट बैंक की राजनीति में पड़े बिना भाजपा सरकार ने मुस्लिम आरक्षण को रद्द कर दिया।

उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि धर्म आधारित आरक्षण नहीं होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि मुस्लिम आरक्षण रद्द करने के बाद भाजपा ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, वोक्कालिगा और लिंगायत समुदाय के लिए आरक्षण बढ़ाया है। कर्नाटक की बसवराज बोम्मई नीत सरकार के अनुसूचित जाति (एससी) के आरक्षण को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने के फैसले का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि एससी (लेफ्ट) के लिए अब छह प्रतिशत आरक्षण है, एससी (राइट) 5.5 प्रतिशत और अन्य एससी समुदाय के लिए 5.5 प्रतिशत आरक्षण है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी. के. शिवकुमार के उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर मुस्लिम आरक्षण को बहाल करने के वादे पर शाह ने कहा कि वह जानना चाहते हैं कि वह सरकार बनाने पर किस समुदाय का आरक्षण खत्म करेंगे। मंत्री ने पूछा, ह्यह्य मुसलमानों का चार प्रतिशत आरक्षण बहाल करने के लिए किस का आरक्षण खत्म किया जाएगा? क्या वे वोक्कालिगा या लिंगायत, दलित, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग होगा? अपने कार्यकाल के अंत में भाजपा सरकार ने 2-बी श्रेणी के तहत मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने का निर्णय किया है। इस चार प्रतिशत आरक्षण में से वोक्कालिगा को 2-सी श्रेणी का दो प्रतिशत आरक्षण और लिंगायत को 2-डी श्रेणी का दो प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। वोक्कालिगा और लिंगायत कर्नाटक के दो प्रभावशाली समुदाय हैं। शाह का यह बयान ऐसे दिन आया है, जब उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि कर्नाटक सरकार का मुस्लिमों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण खत्म करने का फैसला नौ मई तक लागू नहीं होगा। *एजेंसी*

### हेमवती नंदन को उनकी जयंती पर सीएम योगी ने किया याद, अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश के विकास के लिए हेमवती नंदन बहुगुणा की दृष्टि स्पष्ट थी। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमवती नंदन बहुगुणा की 104वीं जयंती के अवसर पर यहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर योगी ने कहा कि बहुगुणा ने देश की आजादी के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई थी। योगी आदित्यनाथ ने बहुगुणा को याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 25 अप्रैल 1919 को आज के उत्तराखंड के पौड़ी जिले के एक गांव में हुआ था। उन्होंने कहा कि बहुगुणा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही एक स्कूल में ग्रहण की जबकि उच्च शिक्षा के लिए प्रयागराज का रुख किया और फिर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहुगुणा मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश और देश की सेवा के लिए सदैव स्मरण किए जाएंगे।

## आर्या 3 के सेट पर वापस लौटीं सुष्मिता सेन: शेयर किया दमदार वीडियो



**मुंबई।** हार्ट अटैक से रिकवर होने के बाद सुष्मिता सेन एक बार फिर आर्या 3 के सेट पर लौट आई हैं। उन्होंने दोबारा से वेब सीरीज की शूटिंग शुरू कर दी है। मंगलवार को इंस्टाग्राम पर सीरीज का प्रोमो शेयर करते हुए सुष्मिता ने सेट पर अपनी वापसी का ऐलान किया है। चर्चित वीडियो में सुष्मिता दमदार अंदाज में एक्शन सीन करती नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरूआत में सुष्मिता के हाथ में एक तलवार नजर आती है, जिसके जरिए वो अपनी तलवारबाजी की स्किल्स दिखाती हैं। इसके बाद सुष्मिता के दोनों हाथ में तलवार नजर आती है, जिसके साथ वो दमदार एक्शन करती नजर आती हैं। सुष्मिता ने कैप्शन में लिखा- वो मतलबी है, वो निडर है। वह वापस आ गई है। आर्या सीजन 3 की शूटिंग फिर से शुरू। प्रोमो में एक्ट्रेस ऑल ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं।

## खास खबर

### संजय राउत ने शिकायत दर्ज कराई

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) पार्टी के नेता संजय राउत ने भीमा पाटस सहकारी चीनी मिल में 500 करोड़ रुपये के कथित धन शोधन मामले में केन्द्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) में शिकायत दर्ज कराई है। श्री राउत ने मंगलवार सुबह मीडियाकर्मियों को बताया कि महाराष्ट्र सरकार इस मामले में संज्ञान लेने में विफल रही है। राउत ने बताया कि उन्होंने सीबीआई मुख्यालय में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा, मैंने भीमा पाटस सहकारी चीनी मिल की 500 करोड़ के धन शोधन के संबंध में सीबीआई मुख्यालय में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। चूंकि श्री देवेंद्र फडणवीस ने मेरी शिकायत को नजरअंदाज किया इसलिए मैंने सीबीआई का दरवाजा खटखटाया है। देखते हैं आगे क्या होता है।

### दक्षिण दिल्ली: सरोजिनी नगर बाजार में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के सरोजिनी नगर बाजार में सोमवार देर रात को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आग एक घंटे के भीतर ही बुझा ली गई। दमकल विभाग के अधिकारियों को देर रात करीब दो बजकर 20 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर दमकल की पांच गाड़ियों को भेजा गया और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया, ह्यह्यआग देर रात करीब दो बजे लगी थी। आग से, सड़क के किनारे बने करीब 20 स्टॉल और छह से सात दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। दमकल विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर देर रात करीब ढाई बजे पहुंचे। सरोजिनी नगर लघु बाजार संघ के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने कहा, ह्यह्यअगर दमकल विभाग समय पर नहीं पहुंचा होता तो और अधिक क्षति हो सकती थी। फिर भी करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

## वाईएस शर्मिला को राहत

### हैदराबाद में पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में वाईएस शर्मिला को मिली जमानत

**हैदराबाद।** एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला को जमानत दे दी। एक दिन पहले शहर में उनके आवास के बाहर पुलिसकर्मियों से कथित तौर पर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं।

शर्मिला को सोमवार को गिरफ्तारी के बाद एक अदालत के समक्ष पेश किया गया जिसने उन्हें आठ मई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया और उन्हें यहां जेल में रखा गया था। शर्मिला ने एक जमानत याचिका भी दी थी जिसे अदालत ने पुलिस को नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को सुनवाई के लिये सूचीबद्ध किया था। दलीलों और प्रतिवादों को सुनने के बाद, अदालत ने मंगलवार को 30,000 रुपये के जमानती बॉन्ड और दो मुचलकों पर सशर्त जमानत दे दी। उन्हें पुलिस को बताए बिना स्थान नहीं छोड़ने को कहा गया है। पुलिसकर्मियों की शिकायत के आधार पर शर्मिला के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उन



पर एक उपनिरीक्षक के साथ मारपीट करने, एक पुलिस कांस्टेबल पर अपना वाहन चढ़ाने और उसके पैर को घायल करने तथा पुलिस अधिकारियों को गाली देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि शर्मिला एवं उनके चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 353 (सरकारी कर्मचारी को कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना), 332 (जान-बूझकर सरकारी कर्मचारी को ड्यूटी से रोकने के लिए चोट पहुंचाना), 324 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना) और 509 (महिला की मयार्दा के हनन के लिए शब्द, इशारा या कार्य) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि टीवी फुटेज में शर्मिला उन पुलिसकर्मियों से बदसलूकी करती हुई नजर आ रही हैं।

### महाराष्ट्र की अदालत ने अनिल देशमुख को मुंबई से बाहर जाने की दी अनुमति

**मुंबई।** महाराष्ट्र की एक विशेष अदालत ने राज्य के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को 18 जून तक मुंबई से बाहर देश में कहीं भी यात्रा करने की अनुमति दे दी और कहा कि यात्रा का अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अभिन्न अंग है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता देशमुख फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर हैं। उनकी जमानत शर्तों में अदालत की अनुमति के बिना शहर से बाहर नहीं जाने की शर्त भी शामिल थी। देशमुख धनशोधन और भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, जिनकी जांच क्रमशः प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है।

धनशोधन मामले की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश आर.एन. रोकड़े ने सोमवार को पारित आदेश में कहा, यात्रा का अधिकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का एक अभिन्न अंग है। आवेदन में उल्लिखित कारणों को ध्यान में रखते हुए मेरा मानना ??है कि आवेदक को ग्रेटर मुंबई के बाहर यात्रा करने की अनुमति दी जानी चाहिए भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई कर रही सीबीआई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को उन्हें भारत में यात्रा करने की अनुमति दे दी।

## तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण पर जोर: पीएम मोदी

### सिलवासा में बोले पीएम-जब सरकार खुद लोगों के पास जाती है तो भेदभाव खत्म होता है

**सिलवासा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दादरा और नगर हवेली के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सिलवासा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 4,873 करोड़ की लागत से 96 प्रोजेक्ट का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सिलवासा में नमो चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान का दौरा कर संस्थान देश को समर्पित किया। पीएम मोदी ने सिलवासा में एक भव्य रोडशो में भी हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सिलवासा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी की कुछ लाभार्थियों को घर की चाबी सौंपी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता है कि इतने छोटे क्षेत्र में चहुं दिशा में आधुनिक विकास कैसे होता है, ये हमने देखा है। अब हमारा सिलवासा पहले वाला नहीं है, ये अब कॉस्मोपॉलिटन हो गया है। हिन्दुस्तान का कोई कोना नहीं होगा जिसके लोग सिलवासा में न रहते हों। उन्होंने कहा कि आज मुझे फिर लगभग 5,000 करोड़ के नए प्रोजेक्ट्स का



उद्घाटन करने का मौका मिला है। आज जिन प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण हुआ है उनमें से कई का शिलान्यास का मौका आपने मुझे ही दिया था। पिछले 9 वर्षों में हमने देश में एक नई कार्यशैली विकसित की है। अब जिस कार्य की नींव रखी जाती है, उसे तेजी से पूरा करने का भी भरसक प्रयास किया जाता है। एक काम पूरा करते ही हम दूसरा काम शुरू कर देते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में तुष्टीकरण पर नहीं संतुष्टीकरण पर बल दिया जा रहा है। जब सरकार खुद लोगों के दरवाजे तक जाती है तो भेदभाव खत्म होता है, भ्रष्टाचार खत्म होता है, भाई-भतीजावाद खत्म होता है।

उन्होंने कहा कि आजादी के दशकों दशक बीत गए लेकिन दमन, दीव, दादरा और नगर हवेली में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बना...जिन्होंने दशकों तक देश पर शासन किया उन्हें यहां के युवाओं के साथ हो रहे अन्याय की चिंता कभी नहीं हुई। वे समझते थे कि इस छोटे से केंद्र शासित प्रदेश का विकास करके उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा।

***प्रधानमंत्री ने रामानुजाचार्य की जयंती पर उन्हें नमन किया***

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 11वीं सदी के हिंदू संत श्री रामानुजाचार्य की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में काम किया, जो आधुनिक और सौहार्दपूर्ण हो। रामानुजाचार्य वैष्णव परंपरा के महान दार्शनिक के तौर पर जाने जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि उनका जन्म 1017 ई. में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में हुआ था।

## बंगाल में फूंका थाना

### नाबालिग के शव को घसीटने के मामले ने पकड़ा तूल, प्रदर्शनकारियों ने फूंका कलियागंज थाना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में पिछले सप्ताह किशोरी के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या और पुलिसकर्मियों द्वारा उसका शव घसीट कर ले जाने का मामला तूल पकड़ चुका है। अब इस घटना का विरोध कर रहे स्थानीय लोगों ने कालियागंज थाने में आग लगा दी है।

पुलिस ने इस घटना के बारे में ताजा जानकारी देते हुए बताया कि कथित तौर पर आदिवासी और राजबंशी समुदायों से जुड़े लोगों ने पुलिस का करते हुए मंगलवार दोपहर को 'थाना घेराव' किया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ दिए और थाने पर पथराव भी किया। कलियागंज के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने जब भीड़ पर लाठीचार्ज किया तो उन लोगों ने थाने में आग लगा दी। इस दौरान एक वाहन को भी आग के हवाले कर दिया गया।

आईपीएस अधिकारी ने बताया कि हम स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

## बीजेपी पर बरसे सपा प्रमुख

### अखिलेश यादव ने कहा- शहरों में सभी समस्याएं भाजपा सरकार की देन है

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव के लिए उनकी पार्टी को वोट देने की लोगों से अपील की और शहरों की समस्याओं के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया। सपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी प्रमुख यादव ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाताओं को सजग करते हुए कहा कि यह चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण है कि आज हमारे शहरों में आबादी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि शहरों में जितनी भी समस्याएं हैं, सब भारतीय जनता पार्टी की देन है। उन्होंने कहा, सबसे लंबे समय तक इन शहरों में भाजपा के महापौर रहे हैं। उदाहरण के लिए सबसे ज्यादा लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आगरा में उन्हीं के महापौर रहे। यादव ने कहा, सरकार कह रही है कि ट्रिपल इंजन



चाहिए, ट्रिपल इंजन तो बहुत दिनों से चल रहा है लेकिन भाजपा स्मार्ट सिटी तो नहीं बना सकी, नालियां खुली पड़ी है, गंदगी है, सड़कों पर गड्ढे हैं, गलियों में दुर्दशा है और इन सबके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। सपा प्रमुख ने कहा, मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार न जाने किन मुद्दों को छेड़ रही है। समाजवादियों का मानना है कि शहर साफ सुथरे बने और शहर अच्छे हो इसीलिए लोग निकाय चुनाव में जिन मुद्दों पर बहस करना चाहते हैं, हमने वह मुद्दे रखे हैं।

अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा, भ्रष्टाचार के लिए महापौरों का टिकट भाजपा ने काटा। अयोध्या में रजिस्ट्री घोटाले के लिए महापौर का टिकट काटा। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर में भाजपा को उम्मीदवार ही नहीं मिला।

गौरतलब है कि भाजपा ने अपने 14 निवर्तमान महापौर में सिर्फ तीन को दोबारा मौका दिया है और अयोध्या की अनारक्षित सीट होने के बावजूद निवर्तमान महापौर की जगह भाजपा ने दूसरा उम्मीदवार उतारा है। हाल में भाजपा द्वारा सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ एक गाना प्रसारित किए जाने के मामले पर अखिलेश यादव ने कहा कि यह मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए किया गया है।

## सिसोदिया की पत्नी अस्पताल में भर्ती

### जेल में बंद मनीष सिसोदिया की पत्नी ऑटोइम्यून डिसऑर्डर से हैं पीड़ित



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पत्नी ऑटोइम्यून डिसऑर्डर से पीड़ित हैं और उन्हें यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक सूत्र ने कहा, सीमा सिसोदिया एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर, मल्टीपल स्केलेरोसिस रोग से पीड़ित हैं। उनकी हालत बिगड़ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। सूत्रों ने कहा कि उन्हें इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आबकारी नीति मामले में फरवरी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान ने सिसोदिया के आवास पर उनकी पत्नी से मुलाकात कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया था। केजरीवाल ने कहा था कि सीमा सिसोदिया एक बहुत ही गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा था, यह मल्टीपल स्केलेरोसिस है, जिसमें दिमाग धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खो देता है। वह घर पर अकेली हैं। मनीष उनकी देखभाल करते थे।₹ केजरीवाल ने कहा था कि सिसोदिया का बेटा पढ़ाई के लिए विदेश में है।

## पिछले 24 घंटे में 24 लोगों की गई जान

### देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 63,380 हुई

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,660 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4.49 करोड़ हो गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 63,380 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार को सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से 24 और मरीजों की मौत के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,369 हो गई। इनमें नौ वे लोग शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में जोड़े हैं। अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी 63,380 लोगों



का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.14 प्रतिशत है।

दैनिक संक्रमण दर 3.52 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 5.42 प्रतिशत है। भारत में मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.67 प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल 4,43,11,078 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220,66,44,679 खुराक लगाई जा चुकी हैं।

गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी।


संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।


### राजनाथ प्रधानमंत्री के सीरियस उम्मीदवार : मलिक

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रधानमंत्री पद का "सीरियस उम्मीदवार" बताते हुए कहा कि अगर उनके भाग्य में है तो वह प्रधानमंत्री जरूर बनेंगे। मलिक ने यह भी कहा कि उन्होंने पुलवामा आतंकी हमले का मुद्दा, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के दिन भी उठाया था और बाद में भी उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह किसानों का मुद्दा भी उन्होंने समय समय पर उठाया है। उल्लेखनीय है कि मलिक ने हाल ही में एक साक्षात्कार में पुलवामा हमले के बारे में कहा था कि यह केंद्र सरकार की विफलता थी। उनके (मलिक के) इस बयान पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सवाल किया था कि जब मलिक राज्यपाल थे तब उन्होंने कुछ क्यों नहीं कहा था? सीकर के दौरे पर आए मलिक ने सोमवार को कहा मैंने तब भी पुलवामा मुद्दे को उठाया था।



**प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दो दिन की केरल यात्रा के दौरान कई परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ-साथ राज्य को वंदे भारत ट्रेन की सौगात भी दी है। पीएम अपने दो दिन के इस दौरे को लेकर खासे चर्चाओं में हैं। चर्चा की एक वजह पीएम का ईसाई समुदाय के सात पादरियों से मुलाकात करना भी है। माना जा रहा है कि पीएम का इन पादरियों से मिलने से आने वाले चुनाव में बीजेपी को बड़ा फायदा हो सकता है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद एक पादरी ने कहा कि केरल इसके लिए पीएम की सराहना कर रहा है।**


**सेंसेक्स**
74.61 अंक यानी 0.12 फीसदी मजबूत होकर 60,130.71 अंक पर बंद


**सोना**
80 रुपये की तेजी के साथ 60,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो

# सेंसेक्स 60,130 के ऊपर बंद बजाज फाइनैंस टॉप पर

## सेंसेक्स 74.61 अंक यानी 0.12 फीसदी मजबूत होकर 60,130.71 अंक पर बंद



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बावजूद सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में हल्की तेजी देखी गई। आज के कारोबार में शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 75 अंक मजबूत हुआ। वहीं, निफ्टी में 26 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। कारोबार के अंत में निफ्टी 17,769.25 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 74.61 अंक यानी 0.12 फीसदी मजबूत होकर 60,130.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 60,268.67 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 59,967.02 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 25.85 अंक यानी 0.15 फीसदी की तेजी देखी गई। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,769.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 17,807.45 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 17,716.85 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 17 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। बजाज फाइनैंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल और ,एसबीआई सेंसेक्स के टॉप 5 गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा बजाज फाइनैंस के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 2.38 फीसदी तक चढ़े। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 13 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी , टेक महिंद्रा, सन फार्मा और एक्सिस बैंक सेंसेक्स के टॉप 5 लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.47 फीसदी तक गिर गए। मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अस्थिरता देखने को मिली और मानक सूचकांक सेंसेक्स तथा निफ्टी सपाट खुले। दरअसल अर्थव्यवस्था में मांग परिदृश्य का आकलन करने के लिए निवेशक कॉरपोरेट नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। एक दिन पहले, सोमवार को 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 60,000 के स्तर को पार कर गया था। हालांकि मंगलवार को इसमें गिरावट का रुख रहा और यह मामूली रूप से गिरकर 60,045.23 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल 14 कंपनियों के शेयर लाभ में कारोबार कर रहे थे जबकि 16 शेयरों में गिरावट रही। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी में भी मामूली गिरावट रही और यह 17,740.60 पर सपाट कारोबार कर रहा था। इसके आधे शेयर लाभ में जबकि आधे नुकसान में कारोबार कर रहे थे। अन्य एशियाई बाजारों में, जापान के बाजार लाभ में कारोबार कर रहे थे जबकि हांगकांग और चीन के बाजार नुकसान में रहे।

## यूपी की जेल सीसीटीवी एआई सिस्टम से लैस




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की जेलों में लगे सीसीटीवी कैमरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सिस्टम से लैस किया गया है ताकि प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद माफियाओं और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए ऐसा किया गया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, राज्य की पांच उच्च सुरक्षा जेलों में डुअल व्यू स्कैनर बैगेज, फुल ह्यूमन बॉडी वार्न स्कैनर, मीटिंग रूम के लिए कॉन्टेक्टलेस ग्लास और नई टेक्नोलॉजी से लैस अन्य डिवाइस लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जेलों में अत्याधुनिक गैजेट्स लगाने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद राज्य सरकार को भेजा गया था, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को जेलों की सुरक्षा में कमियों को दूर करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने वार्षिक बजट 2023-24 में जेल प्रशासन और सुधार विभाग को फंड आवंटित किया है। राज्य की जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 100 प्रतिशत रिमांड पर भेजने के लिए अब तक 145 वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल स्थापित किए गए हैं, जिनमें 72 जेल और 73 जिला अदालतें शामिल हैं। लखनऊ, आजमगढ़, चित्रकूट, गौतम बुद्ध नगर और सेंट्रल जेल बरेली की जिला जेलों सहित पांच उच्च सुरक्षा जेलों में पांच डुअल व्यू स्कैनर बैगेज, पांच फुल ह्यूमन बॉडी वॉर्न स्कैनर, मीटिंग रूम के लिए 130 कॉन्टेक्टलेस ग्लास, 5 पैनिक अलार्म सिस्टम, 15 नाइट विजन दूरबीन और 5 लाइट प्रोटेक्शन सिस्टम ईएसई यूनिट स्थापित की गई है। जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाने के लिए चरणबद्ध तरीके से सीसीटीवी सर्विलांस यूनिट्स स्थापित की जा रही हैं। हर जेल में करीब 30 कैमरे लगाए गए हैं। *एजेंसी*

## शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में रहा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निकासी ने भी रुपये को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 81.95 पर खुला। शुरुआती सौदों में इसने 81.86 के ऊपरी स्तर को छुआ। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81.92 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.33 पर था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.01 प्रतिशत गिरकर 82.72 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 412.27 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## एयर इंडिया के पायलटों की मांग : एयरलाइंस के एचआर विभाग में हस्तक्षेप करें रतन टाटा



**चेन्नई।** एयर इंडिया के पायलटों ने टाटा संस लिमिटेड के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा को एक ऑनलाइन आवेदन में कहा है कि उनका मनोबल गिरा हुआ है, क्योंकि एयरलाइन के मानव संसाधन (एचआर) विभाग उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं कर रहा है। यह कहते हुए कि वे अपने काम और वैश्विक मंच पर टाटा समूह और भारत का प्रतिनिधित्व करने में अपनी भूमिका पर बहुत गर्व महसूस करते हैं, पायलटों ने कहा : एचआर विभाग के रवैये के कारण इस समय हम मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं। हमें लगता है कि हम एयर इंडिया के कर्मचारियों के रूप में जिस सम्मान और गरिमा के हकदार हैं, वैसा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आवेदन में कहा, यही वजह है कि हमारा मनोबल गिरा हुआ है और हम चिंतित हैं कि इससे हमारी क्षमताओं के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने की हमारी क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आवेदन की एक प्रति आईएएनएस के पास है। पायलटों ने यह भी कहा कि वे एयरलाइन के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं और जटिल समाधान खोजने के लिए कंपनी के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे सभी हितधारकों को लाभ होगा। आवेदन में कहा गया है, हालांकि, हमें लगता है कि हमारी चिंताओं पर एचआर टीम ध्यान नहीं दे रहा है। इसलिए, हम इन मुद्दों को हल करने में आप से सहायता करने का सम्मानपूर्वक अनुरोध कर रहे हैं। यदि यह मुद्दा इतना महत्वपूर्ण नहीं होता तो हम आपको परेशान नहीं करते। लेकिन हम मानते हैं कि एयर इंडिया के सेवानिवृत्त चेयरमैन के रूप में आपका उदार नेतृत्व हमें एक ऐसा समाधान खोजने में मदद कर सकता है, जो सभी पक्षों के लिए उचित और सम्मानजनक हो। इससे पहले दो पायलट निकायों - इंडियन कमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन (आईसीपीए) और इंडियन पायलट्स गिल्ड (आईपीजी) ने टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन को एक पत्र लिखकर उनके हस्तक्षेप की मांग की थी, क्योंकि एयर इंडिया की एचआर नीति विश्वास की कमी से प्रेरित है। इंडियन कमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन (आईसीपीए) और इंडियन पायलट्स गिल्ड (आईपीजी) के एक संयुक्त पत्र में कहा गया है, टाटा ने हमेशा अपनी निष्पक्षता और नैतिक मूल्यों को कायम रखा है। हालांकि, पायलटों के संबंध में मानव संसाधन विभाग की कार्रवाई पूरी तरह से इन मूल्यों के विपरीत है। पायलटों के साथ अनुचित व्यवहार किया जा रहा है। कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए मौजूद कानूनों और नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। पायलटों को एक शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण के अधीन किया जा रहा है।

## क्रिप्टो एक्सचेंज कुकॉइन का ट्विटर अकाउंट हैक, 22,600 डॉलर से अधिक की चोरी

**नई दिल्ली।** सिंगापुर स्थित क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज कुकॉइन ने कहा है कि उसका ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया था, जिससे धमकी देने वाले हैकरों को एक धोखाधड़ी देने वाले घोटाले को बढ़ावा देने की अनुमति मिली, जिसके परिणाम स्वरूप 22,600 डॉलर से अधिक मूल्य की क्रिप्टोकरेंसी की चोरी हुई। कंपनी ने एक ट्वीट में कहा, एएटीएट कुकॉइनकॉम हैंडल को 00:00 अप्रैल 24 से लगभग 45 मिनट के लिए हैक किया गया था। एक नकली गतिविधि पोस्ट की गई और दुर्भाग्य से कई उपयोगकर्ताओं के लिए संपत्ति का नुकसान हुआ। कृपया ध्यान दें कि इस घटना में केवल कुकॉइन के ट्विटर खाते से छेड़छाड़ की गई थी। हमने घटना के बाद आधिकारिक ट्विटर समर्थन से खाते का नियंत्रण पुनः प्राप्त करने के लिए तुरंत कार्रवाई की। हालांकि, कंपनी ने कहा कि वह सोशल मीडिया के उल्लंघन और नकली गतिविधि के कारण होने वाले सभी वेरिफाइड संपत्ति नुकसान की पूरी तरह से प्रतिपूर्ति करेगी।

## टाटा कंज्यूमर ने 845% फाइनल डिविडेंड की घोषणा की



**नई दिल्ली।** एफएमसीजी प्रमुख टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 845% का अंतिम लाभांश घोषित किया, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए। लार्ज-कैप कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 8.45 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की, जो कि 845% लाभांश के रूप में अनुवादित है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स कंपनी के पात्र शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान या प्रेषण करेंगे यदि कॉर्पोरेट इनाम को आगामी वार्षिक आम बैठक में इसके सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाता है। कंपनी ने मंगलवार को कहा कि मंजूरी मिलने के 30 दिनों के भीतर लाभांश का भुगतान कर दिया जाएगा। टाटा समूह की कंपनी मंगलवार, 6 जून, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम से अपनी 60वीं एजीएम आयोजित करेगी। कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शनिवार, 20 मई, 2023 से शुक्रवार, 26 मई, 2023 तक बंद रहेंगे, जिसमें दोनों दिन शामिल हैं। एफएमसीजी प्रमुख ने मार्च में समाप्त तिमाही में 289.6 करोड़ रुपये के समेकित शुद्ध लाभ में 21% की वृद्धि दर्ज की, और परिचालन से राजस्व 14% बाईओवाई से बढ़कर 3,618.73 करोड़ रुपये हो गया, दोनों आंकड़े क्यू4 वाई23 में स्ट्रीट के अनुमानों से अधिक हैं।

## स्पॉटीफाई के सक्रिय उपभोक्ताओं की संख्या 51.5 करोड़ पर पहुंची

**नई दिल्ली।** स्वीडिश म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म स्पॉटिफाई ने मंगलवार को कहा कि 2023 की पहली तिमाही में उसके मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं (एमएयू) की संख्या 51.5 करोड़ को पार कर गई है, जो पिछली तिमाही के 48.9 करोड़ से 22 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) ज्यादा है। शेयर बाजार में 2018 में सूचीबद्ध होने के बाद से यह सबसे मजबूत पहली तिमाही है।यूरोप और लैटिन अमेरिका के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के साथ वर्ष-दर-वर्ष आधार पर प्रीमियम सब्सक्राइबर की संख्या 15 प्रतिशत बढ़कर 21 करोड़ हो गए। कंपनी का कुल राजस्व 14 प्रतिशत बढ़कर तीन अरब यूरो पर पहुंच गया। इसमें सब्सक्राइबरों की संख्या बढ़ने का विशेष योगदान रहा। विज्ञापन समर्थित बिक्री में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 32.9 करोड़ यूरो हो गई। कंपनी ने पहली तिमाही में पर्सनलाइजेशन के अपने प्रयासों को मजबूत करते हुए उत्तरी अमेरिका में एआई डीजे का बीटा वर्जन लॉन्च किया।

## एसके ऑन के साथ अमेरिका में ईवी बैट्री प्लांट लगाएगी हुंडई



**सोल।** हुंडई मोटर ग्रुप ने मंगलवार को कहा कि वह एसके ग्रुप की बैटरी यूनिट एसके ऑन के साथ अमेरिका में 65 खरब-वॉन ( 4.9 अरब डॉलर) की लागत से अमेरिका में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी प्लांट का निर्माण करेगी।हुंडई मोटर ग्रुप की तीन प्रमुख सहयोगी कंपनियों - हुंडई मोटर, किआ और हुंडई मोबिस - ने मंगलवार को आयोजित अपनी अलग-अलग बोर्ड बैठकों में निवेश योजना को मंजूरी दी। एसके ऑन गुरुवार को योजना को मंजूरी देने के लिए बोर्ड की बैठक आयोजित करेगी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों दक्षिण कोरियाई कंपनियां हुंडई मोटर ग्रुप और एसके ऑन ने 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी वाले संयुक्त उद्यम के तहत 2025 की दूसरी छमाही में उत्पादन शुरू करने के लक्ष्य के साथ बाटरे काउंटी, जॉर्जिया में बैटरी प्लांट लगाने की योजना बनाई है। बैटरी संयंत्र एक वर्ष में कुल 35 गीगावाट घंटे (जीडब्ल्यूएच) क्षमता की बैटरी का उत्पादन करेगा, और अधिकांश बैटरी का उपयोग हुंडई मोटर और किआ के अमेरिकी संयंत्रों में एक वर्ष में लगभग 300,000 ईवी की असेम्बली के लिए किया जाएगा। नया बैटरी प्लांट हुंडई के अलबामा प्लांट, किआ के जॉर्जिया प्लांट और जॉर्जिया में वाहन निर्माता समूह के निमाणाधीन ईवी और बैटरी प्लांट के पास स्थित होगा। टोयोटा मोटर और वोक्सवैगन समूह के बाद हुंडई मोटर और किआ बिक्री के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी कार निर्माता हैं। यह घोषणा हुंडई मोटर ग्रुप और बैटरी निर्माता एसके ऑन के बीच अमेरिका में ईवी बैटरी निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के पांच महीने बाद हुई है।

## ऑटो कंपनियों के लिए बेहतर रह सकती है चौथी तिमाही, एबिटा मार्जिन में फिर सुधार के आसार



**मुंबई।** कच्चे माल की लागत में कमी और अनुकूल विदेशी मुद्रा के दम पर लगातार चौथी तिमाही में वाहन उद्योग के एबिटा मार्जिन में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के दौरान सुधार होने की उम्मीद है। विश्लेषकों ने यह उम्मीद जताई है। ऐक्सिस सिक्योरिटीज के विश्लेषकों ने बताया कि उन्हें चौथी तिमाही में सालाना आधार पर राजस्व, एबिटा और टैक्स के बाद लाभ में क्रमशः 19 प्रतिशत, 29 प्रतिशत और 29 प्रतिशत इजाफे की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2023-34 की चौथी तिमाही में स्थिर मांग का माहौल दिखा है, हालांकि कुछ सेगमेंट में मात्रात्मक वृद्धि के भी संकेत थे। मोतीलाल ओसवाल के विश्लेषकों ने बताया कि (मध्य और भारी वाणिज्यिक वाहन), ट्रैक्टर और घरेलू दोपहिया की मांग काफी हद तक बरकरार रही, जबकि यात्री वाहनों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए वृद्धि में कमी आई। दोपहिया निर्यात कमजोर रहा। ब्रोकर ने कहा कि थोक बिक्री के वॉल्यूम के लिहाज से हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में यात्री वाहनों का वॉल्यूम सालाना आधार पर 11 प्रतिशत तक बढ़ेगा, जो मध्य और भारी वाणिज्यिक वाहन के लिए लगभग 17 प्रतिशत, ट्रैक्टर के लिए लगभग 21 प्रतिशत और तिपहिया वाहनों के लिए लगभग नौ प्रतिशत होगा। निर्यात में 32 प्रतिशत की गिरावट के कारण दोपहिया वाहनों का वॉल्यूम सालाना आधार पर ?स्थिर रहा, हालांकि घरेलू वॉल्यूम में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एलसीवी का वॉल्यूम एक प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। इस बीच इस तिमाही के दौरान कच्चे माल की कीमतों में अपने निचले स्तर की तुलना में फिर से तेजी आने लगी है। मूल उपकरण विनिमाता ने भी 6 चरण-2 के मानदंडों (अप्रैल 2023 से शुरू) की दिशा में जाने की प्रतिक्रिया में ताजा मूल्य वृद्धि की घोषणा कर चुके हैं और सेमीकंडक्टर चिप सप्लाई की दिक्कतों की भी आने वाले महीनों में उत्पादन योजना में परेशानी पैदा करने के लिए वापसी हो गई है। इसलिए कुछ विश्लेषकों का मानना है कि सकल मार्जिन शीर्ष स्तर पर पहुंच जाएगा। मिसाल के तौर पर आइसीआइसीआई डायरेक्ट रिसर्च ने कहा है कि प्रमुख कच्चे माल के दामों में लगातार इजाफे के बीच अतीत में कच्चे माल की कीमतों में गिरावट का अधिकांश लाभ ओइएम द्वारा अर्जित किया गया है। टायर सेक्टर में वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के दौरान पहले से अनुमानित सकल मार्जिन विस्तार नजर आने वाला है, इसलिए हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में हमारे क्षेत्र के मामले में सकल मार्जिन काफी हद तक टॉप लेवल पर रहेगा। *एजेंसी*

## आईएसआईई इलेक्ट्रिक सोलर व्हीकल चैंपियनशिप ईएसवीसी 3000 भारत की पहली सोलर कार रैली



**गाजियाबाद।** भारत की पहली सोलर कार रैली, आईएसआईई इलेक्ट्रिक सोलर व्हीकल चैंपियनशिप ईएसवीसी3000, जो कि इंपीरियल सोसाइटी ऑफ इनोवेटिव इंजीनियर्स (आईएसआईई इंडिया ) द्वारा आयोजित एवं गलगोटियास यूनिवर्सिटी एंड नॉलेज पार्टनर, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) द्वारा सह.आयोजित है, का आयोजन 14 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2023 तक किया गया। आईएसआईईइंडिया के फाउंडर एवं प्रेसिडेंट विनोद गुप्ता ने कहा कि आईएसआईई इंडिया एक अलग तरह के इम्पैक्ट और इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है। रैली का परिणाम बेहद प्रभावशाली रहा जिसमे 2 करोड़ से अधिक लोगों को ईवी अपनाने एवं सड़क सुरक्षा को लेकर, साथ ही भारत के अपस्किल18 राज्यों के 1500 से अधिक इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स शामिल हुए। इलेक्ट्रिक सोलर व्हीकल चैंपियनशिप 3000 की यह योजना एवर्ल्ड सोलर चैलेंज, ऑस्ट्रेलिया की थीम पर तैयार की गई है। इसके साथ ही यह भारत का पहला सोलर व्हीकल चैलेंज है, जिसमें गलगोटिया यूनिवर्सिटी मथुरा से लेकर गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा (यूपी) तक 3 दिनों में 350 से अधिक किलोमीटर की दूरी को तय किया गया। उद्घाटन समारोह का आयोजन 14 अप्रैल को श्री ध्रुव गलगोटिया सीईओ गलगोटिया यूनिवर्सिटी, विनोद गुप्ता , (अध्यक्ष ,आईएसआईईइंडिया ) प्रो प्रकाश जोशी (फाउंडर एवं जॉइंट मैनेजिंग ट्रस्टी ए एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) , डॉ के सी वोरा (एमेरिटस प्रोफेसर, सीओईपी टेक्निकल यूनिवर्सिटी) , श्री प्रवीण कुमार (सीनियर एआर ऑफिसर) , श्री अमित सिंह (कस्टमर सक्सेस मैनेजर, अल्टेयर इंजीनियरिंग) , श्री अक्षय कुमार (हेड बिजनेस डेवलपमेंट, ई फिल इलेक्ट्रिक एंड चार्जिंग सॉल्यूशन) तथा कई अन्य इंडस्ट्री एवं एकेडमिक डेलिगेट्स की उपस्थिति में किया गया था। इस रैली के चैंपियन विद्यावर्धनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग मुंबई की टीमें, रनर .अप सिंहगड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे व सेकंड रनर अप पिंपरी चिंचवाड़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग पुणे रहा। इसके साथ ही बंगलौर, कोयंबटूर, मैंगलोर, हैदराबाद तथा पंजाब की टीमों ने भी विभिन्न अवार्ड्स एवं पुरस्कार राशि हासिल की। इसके अलावा आईएसआईईइंडिया द्वारा विजेताओं को कुल 12 लाख से अधिक के नकद पुरस्कार भी वितरित किए गए।

## संक्षेप

### वेलस्पन वन तमिलनाडु में 700 करोड़ रुपये के निवेश से दो वेयरहाउस परियोजना विकसित करेगी

मुंबई। एकीकृत कोष और विकास प्रबंधन मंच वेलस्पन वन लॉजिस्टिक्स पार्क्स (डब्ल्यूओएलपी) जीआरटी समूह के साथ संयुक्त उपक्रम में तमिलनाडु में 700 करोड़ रुपये के निवेश से दो वेयरहाउस परियोजनाओं विकसित करेगी। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बाबत डब्ल्यूओएलपी ने पिछले वर्ष नवंबर में तमिलनाडु सरकार के साथ शुरुआती समझौता किया था। इस करार के तहत यह मंच पांच वर्ष के दौरान राज्य में करीब 2,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। कंपनी ने बताया कि प्रत्येक पार्क 60 एकड़ भूमि में फैला होगा और इसमें 13 लाख वर्गफुट क्षेत्र विकसित किया जा सकता है। उसने बताया कि ए श्रेणी की पहली वेयरहाउस परियोजना जीआरटी समूह और डब्ल्यूओएलपी के बीच 50:50 के अनुपात में संयुक्त उपक्रम में विकसित की जा रही है। डब्ल्यूओएलपी ने कहा कि इन परियोजनाओं में कुल 700 करोड़ रुपये का निवेश होगा और विकास चरणों के दौरान 3,000 रोजगार का सृजन होगा।

### जिप इलेक्ट्रिक, जोमैटो अंतिम छोर तक डिलिवरी के लिए तैनात करेंगे एक लाख ई-स्कूटर

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक मोबिलिटी स्टार्टअप जिप इलेक्ट्रिक ने कहा कि वर्ष 2024 तक अंतिम छोर तक डिलिवरी की सुविधा देने के लिए उसकी योजना जोमैटो के साथ मिलकर एक लाख इलेक्ट्रिक स्कूटर तैनात करने की है। जिप इलेक्ट्रिक ने बयान में कहा कि समझौते के तहत, कंपनी देश भर के विभिन्न शहरों में अंतिम छोर तक डिलिवरी सुविधा के लिए जोमैटो को डिलिवरी भागीदारी भी प्रदान करेगी। कंपनी ने कहा कि टिकाऊ परिवहन योजना के हिस्से के रूप में इस समय उसके 13,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सेवा में हैं। कंपनी का लक्ष्य कार्बन उत्सर्जन में 3.5 करोड़ किलोग्राम तक की कमी लाना है। बयान में कहा गया है कि कंपनी का 2024 तक ईवी के जरिये से एक करोड़ से अधिक हरित डिलिवरी प्राप्त करने का लक्ष्य है।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बोलेरो मैक्स पिकअप की नई श्रृंखला की पेश

**नई दिल्ली।** वाहन कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बोलेरो मैक्स पिक-अप की नई श्रृंखला पेश की है। कंपनी ने मंगलवार नयी दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलेरो पिक-अप की नई श्रृंखला के तहत आठ नए वाहन पेश किए। इस श्रृंखला में वाहनों की शुरुआती कीमत 7.85 लाख रुपये है। इस श्रृंखला में वाहन दो खंडों- एचडी और सिटी में पेश किए गए हैं। एचडी में एचडी 2.0 एल, 1.7 एल और 1.7, 1.3 वाहन हैं जबकि सिटी खंड में सिटी 1.3, 1.4, 1.5 और सिटी सीएनजी वाहन हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के ऑटोमोटिव खंड के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा, भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के प्रति समर्पित कंपनी के तौर पर हम न सिर्फ ग्राहक केंद्रित बल्कि देश की आर्थिक वृद्धि के लिए उत्पाद बनाते हैं। उन्होंने बताया कि नई श्रृंखला में वीएक्सएसडी खंड अत्याधुनिक आईमैक्स तकनीक से लैस है, जिसमें 50 से ज्यादा फीचर्स हैं, जिन्हें मोबाइल ऐप से संचालित किया जा सकता है। छह भाषाओं में संचालित आईमैक्स से वाहन की निगरानी करने, रास्ता पता करने, खर्च प्रबंधन आदि में मदद मिलेगी।

### सरकार के फैसले का कृषि समुदाय ने किया व्यापक तौर पर स्वागत

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने हाल ही देश में 24 कीटनाशकों के उपयोग को जारी रखने का निर्णय किया है। यह निर्णय कीटनाशक उद्योग द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा और प्रभावकारिता पर पर्याप्त डेटा के आधार पर नियुक्त विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बाद किया गया है। कमेटी ने 27 कीटनाशकों की व्यापक समीक्षा के बाद अपनी रिपोर्ट पेश की थी। सरकार के इस निर्णय का कृषि समुदाय ने व्यापक तौर पर स्वागत किया है। ज्यादातर कृषकों ने इस फैसले की सराहना की है, जिनमें छोटे जोत वाले किसान भी शामिल हैं, क्योंकि वे पिछले दशकों से कई फसलों पर इन उत्पादों का सुरक्षित रूप से उपयोग कर रहे हैं। इस कदम से यह भी सुनिश्चित होगा कि भारतीय किसानों को उचित मूल्य पर फसल सुरक्षा के लिए टैक्नोलॉजी तक पहुंच जारी रहेगी, क्योंकि ये कीटनाशक भारत में निर्मित होते हैं। इन महत्वपूर्ण 24 कीटनाशकों के उपयोग को जारी रखने का सरकार का निर्णय कृषि की वास्तविकताओं और टैक्नोलॉजी तक किसानों की पहुंच के महत्व को प्रदर्शित करता है। ये कीटनाशक उन्हें किफायती भी पड़ते हैं, क्योंकि उन्हें महंगे आयातित कीटनाशकों की तुलना में सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण अनाज का उत्पादन करने की आवश्यकता है। देश भर के किसानों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि फसलों की सुरक्षा और अच्छी फसल सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित और प्रभावी कीटनाशकों तक पहुंच महत्वपूर्ण है। इन 24 महत्वपूर्ण कीटनाशकों को निरंतर उपयोग भारत की खाद्य उत्पादन प्रणाली की सुरक्षा की दिशा में एक आवश्यक कदम माना जा रहा है।

### नाइका ने नये सीनियर लीडर्स का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** भारत का प्रमुख ब्यूटी और फैशन डेस्टिनेशन, नाइका अपने विकास के अगले चरण को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी, वित्त, व्यवसाय और मार्केटिंग में कई नए सीनियर लीडर्स का स्वागत करता है। नए लीडर्स मौजूदा नेतृत्व में शामिल होंगे, जिसमें अभी 50 से अधिक लीडर शामिल हैं, और वो कंपनी के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रत्येक लीडर को उनकी परिपक्वता, समृद्ध अनुभव, उद्योग विशेषज्ञता, और नवाचार और विकास के जुनून के लिए ध्यानपूर्वक चुना गया है। नाइका की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फाल्गुनी नायर ने कहा, इकंपनी के महत्वपूर्ण व्यवसायों और कार्यों को चलाने वाले प्रमुख भूमिकाओं में इन नए लीडर्स का स्वागत करते हुए हमें प्रसन्नता हो रही है। एकसमान उद्यमशील प्रकृति और मानसिकता के साथ, यह नेतृत्वकारी टीम नाइका के पारिस्थितिकी तंत्र के के दायरे एवं पैमाने में विस्तार को देखते हुए सफलता के लिए अच्छी तरह से तैयार है। इराजेश उप्पलपति ने मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। अभिषेक अवस्थी, ईश्वर परेला, ध्रुव माथुर और अमित कुलश्रेष्ठ मौजूदा टेक्नोलॉजी लीडरशिप टीम में शामिल हुए हैं। मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में पी. गणेश नाइका के फाइनेंस हेड हैं। अशोक लेलैंड, फ्लिपकार्ट, और आदित्य बिड़ला समूह जैसी कंपनियों में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ टी.वी. वेंकटरमन, आंतरिक लेखापरीक्षा और जोखिम प्रबंधन चार्टर के लिए जिम्मेदार टीम में शामिल हुए।

### जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने नए प्रोडक्ट कैंपेन की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** भारत की पर्यावरण-अनुकूल पेंट्स और 22 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू पेंट्स, हेलो वॉल फिनिशेस की अपनी लग्जरी रेंज के तहत एक नए प्रोडक्ट कैंपेन की शुरुआत कर रही है। हर भारतीय ग्राहक की यही मंशा होती है कि उनके घर की दीवारें सबसे खास और अलग हों। हालाँकि, सर्वश्रेष्ठ पेंट्स के चयन में आँख मूँदकर खरीदारी करने वाले ग्राहक कहीं न कहीं धोखा खा जाते हैं और न होते हुए भी वे अपने द्वारा खरीदे जाने वाले पेंट को श्रेष्ठ मान बैठते हैं। इस प्रक्रिया में,कुछ लोगों को थोड़े लाभ मिलते हैं,बल्कि नुकसान ज्यादा होते हैं। जेएसडब्ल्यू पेंट्स ग्राहकों को सूचित विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसकी शुरुआत सवालिया के इस प्रश्न से हुई कि 'रंग के लिए अधिक भुगतान क्यों करें ?' इस कैंपेन में सवालिया, ग्राहकों से यह प्रश्न करती हैं कि क्या वे एक सर्वश्रेष्ठ पेंट से मिलने वाले तमाम लाभ उठा रहे हैं। जेएसडब्ल्यू पेंट्स की फिनिशेस की हेलो रेंज अपनी श्रेणी की सर्वोत्तम पेशकश है, जो कई सुविधाएँ प्रदान करती है। यह एंटी-स्टेन (जो दीवार से दाग को साफ करना आसान बनाता है) के साथ आता है। 'एंटी कलर वन प्राइज' को प्रखर रखते हुए, यह जर्म ब्लॉक (जो बैक्टीरिया, फंगस और वायरस से घर के अंदरूनी हिस्सों की रक्षा करता है) को शामिल करता है और चमक व सौंदर्य प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, इसकी पानी आधारित और कम वीओसी इसे पूरी तरह नॉन-टॉक्सिक और फैमिली-फ्रेंडली बनाती है।

# सड़क दुघर्टना में चार घायल

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** क्षेत्र के अलग अलग स्थान पर हुए सड़क दुघर्टना में कुल चार लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के बडौना गांव में सोमवार की रात सडक पर टहल रहे उक्त गांव निवासी 70 वर्षीय दिनेश पुत्र अशोक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सुल्तानपुर जनपद के कादीपुर तहसील क्षेत्र के मछगवां गांव निवासी 35 वर्षीय विजय बहादुर पुत्र राम अचल सोमवार की देर रात सड़क पर टहल रहे जानवरों की चपेट में आने से बाइक से गिरकर सरायमोहिद्दीनपुर बाजार के समीप गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरी घटना सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्दर पुर गांव निवासी 30 वर्षीय धीरज पुत्र सुरेश खुटहन रोड स्थित कटहिया पुलिया के समीप बीती रात बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। चौथी घटना मंगलवार की सुबह स्थानीय




रेलवे स्टेशन से टेम्पो पकडकर आजमगढ़ जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज गांव निवासी 21 वर्षीय उमेश कुमार पुत्र इंद्रजीत घर जाते समय आजमगढ़ मार्ग स्थित पावर हाउस के समीप टेम्पो अनियंत्रित होकर पलटने से उमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देकर इलाज के लिए सभी को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार चिकित्सकों ने किया।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर तीन घायल

**चंदवक।** चंदवक गाजीपुर मार्ग पर जमुनीबारी गांव के पास हुंडई कार ने बाइक व साईकल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व लोगों की मदद से सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जमुनीबारी गांव निवासी 32 वर्षीय अखिलेश पुत्र अंगनु राम बाइक से घर जा रहे थे। गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही हुंडई कार वढ14 इ7326 जोरदार टक्कर मारते हुए उसी गांव के साईकिल सवार 17 वर्षीय सुवेश सिंह पुत्र अजीत व 20 वर्षीय राज यादव पुत्र हरगेन को भी टक्कर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों व पुलिस के मदद से तीनों घायलों को सीएचसी डोभी ले जाया गया जहां डॉक्टरों स्थिति गंभीर देखते देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस गाड़ी को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# कमला त्रिपाठी की पुण्यतिथि मनी

याद

### राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

जनसंदेश न्यूज



पुण्यतिथि पर गरीब महिलाओं को साड़ी वितरित करती सीमा द्विवेदी

**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के बरपुर गांव में स्वर्गीय कमला त्रिपाठी पत्नी प्रभाकर मणि त्रिपाठी ग्राम सभा बरपुर की तीन बार प्रधान रह चुकी थी, चौथी बार प्रधान पद निर्वाचित हुई लेकिन दुर्भाग्यवश कोरोना काल में 24 अप्रैल 2021 को उनकी मौत हो गई।

उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी सहित प्रबंधक डा. जयप्रकाश तिवारी, ब्लाक प्रमुख श्रीप्रकाश शुक्ला, थाना प्रभारी घनश्याम शुक्ला, फादर पी विक्टर, संतोष तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख शारदा प्रसाद मिश्र पूर्व प्रधानाचार्य, वित्तविहीन विद्यालय संघ ब्लॉक अध्यक्ष मंगला प्रसाद गिरी, डा. विनय त्रिपाठी, राकेश मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि कमला त्रिपाठी कम्युनिस्ट विचार धारा की महिला थी। जो करना है तो करना है, सही कार्य के लिए कृत संकल्प रहती थी। वह हमेशा गरीबों की मदद के लिए किसी भी अधिकारी से कार्य करा लेती थी। उनके न रहने पर मेरी अपनी अपूर्णीय क्षति हुई है। उनका जुझारू तेवर पूरे ब्लॉक में विख्यात था। प्रबंधक जयप्रकाश तिवारी ने कहाकि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई थी। प्रधानाचार्य सेंट जॉन्स ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है जो उनमें कूट-कूट कर भरा हुआ था, उनके कृत्य को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्य अतिथि सहित प्रबुद्ध गणों के हाथों गरीब महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कमला त्रिपाठी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संचालन ओमप्रकाश दुबे ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सड़क पर मृत मिले राष्ट्रीय पक्षी को तिरंगे में लपेटकर दफनाया



**सिकरारा।** थाना क्षेत्र के देवीगंज बाजार में मंगलवार सुबह एक राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत पाया गया। बाजार वासियों के मुताबिक उक्त पक्षी को रात में किसी वाहन से धक्का लगने से मौत हो गई थी। सुबह लोगों ने इसकी सूचना वनविभाग व ग्राम प्रधान को दी। प्रधानपति मोहम्मद असलम, सफाईकर्मी देवेंद्र सिंह, विवेक कुमार, राहुल विश्वकर्मा व गांव निवासी व भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी अभिषेक सिंह के साथ मृत राष्ट्रीय पक्षी को तिरंगे में लपेटकर खेत में दफना दिया। बाजारवासियों की सूचना के बावजूद वनविभाग का कोई कर्मी मौके पर नहीं पहुँच सका।

### तमंचा व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**खेतासराय।** पुलिस ने मंगलवार को अमरेथुआ मोड़ पर चेकिंग के दौरान एक बदमाश को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया गया। थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अपराध की रोकथाम और अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एसपी के निर्देशन में वह पुलिस बल के साथ अमरेथुआ मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद अमीन पुत्र मोहम्मद मुख्तार निवासी सोंगर बताया।

### वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** विगत दिनों क्षेत्र के भटौली गांव में दो चचेरे भाईयों के बीच हुई मारपीट में घायल रविन्द्र पाल की हुई मौत के मामले का वांछित मंगलवार को आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय को भेज दिया। पुलिस मामले में भटौली गांव निवासी वांछित विकास कुमार पाल पुत्र स्व श्यामलाल थाना क्षेत्र के जहरुद्दीनपुर के पास मामले में प्रयुक्त लाठी के साथ थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह व उपनिरीक्षक सुनील कुमार व हमराह के हत्थे चढ़ गया। मामले मे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कार्रवाई के साथ ही उसे न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्सटेबल द्वय विजय सिंह और रामदवन यादव मौजूद रहे।

### चोरी का पकड़ा गया सामान

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली के अहन गांव में चोरी किये गये सामान से भरी एक पिकअप गाड़ी पकड़ी गयी। चौकी प्रभारी चंदन राय अपने हमराहियों के साथ मुखबिर की सूचना पर अहन गांव में छापा मार कर चोरी की गयी मोटर साइकिल, बैट्री, इनवार्टर, सबमर्सिबल सहित तमाम सामान पिकअप सहित बरामद साथ में एक चोर भी पकड़ा गया है। चौकी प्रभारी से फोन पर हुई बात पर कितने का सामान है तो उन्होने बताया कि अभी कोई अनुमान नहीं लगाया गया है एक चोर की गिरफ्तारी हुई और लोगों की तलाश है। पूछताछ चालू है कि इसके पीछे कितने लोग है।

### पिकअप की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर गांव में सोमवार के शाम घर के बाहर खेल रहे बच्चे की पिकअप के धक्के से दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार इम्तियाज का 8 वर्षीय पुत्र आयान की घर के बाहर खेलते समय पिकअप से धक्का लगने से घायल हो गया। घायल बच्चे को उसके स्वजन लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना थाने पर दे दी गई है। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुटी रही। मृतक अपने स्वजनों के साथ अपने ननिहाल में रहता था। यह मूल रूप से चंदवक थाना क्षेत्र के कनौरा गांव निवासी है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

### तेज आंधी ने मचाई तबाही, गिरी दिवार, उड़े टिन शेड

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय क्षेत्र में सोमवार की शाम 7 बजे के आसपास आयी तेज आंधी तूफान व बारिश के कहर से शहाबुद्दीनपुर गांव में शिवशंकर मुसहर नई कालोनी बनवा रहे थे जिसकी दो दीवार तेज तूफान व पानी के बीच गिर गई। वही श्यामपाल निषाद निवासी नैपुरा अपना एक मकान बनवा रहे थे उसकी दीवार भी हवा के तेज झोकं से गिर गई। नैपुरा बाजार में सड़क किनारे गुमटी रख कर चाय बनाने वाले महेंद्र माली, संदीप नागर आदि लोगों का पतरा उड़ गया वहीं सड़क पर सोसा पट्टी गांव में एक नीम का पेड़ गिर जाने से रात में गाड़ियों का आना जाना बंद रहा। सुबह पेड़ काटकर हटाया गया तब आने जाने वालों को राहत मिली।

# धूमधाम से मनाया गया साईं बाबा का 27वां स्थापना दिवस



साईं बाबा की पालकी निकालते अकीदतमंद

**जौनपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को हुसैनाबाद स्थित साईं बाबा मंदिर का 27वाँ वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा मंदिर में आरती के उपरांत हुआ। मंदिर के पुजारी पंकज पांडे, लोलारक नाथ पाठक व रितेश उपाध्याय ने बाबा की आरती कराई। तदोपरांत पालकी अपने कदीम रास्तों से चलते हुए माँ गायत्री माता मंदिर तक हाथी-घोड़ा पालकी के साथ पहुंची। वहां मां गायत्री की आरती के पश्चात पुनः पालकी साईं बाबा मंदिर धाम में पहुंची जहां आरती के उपरांत पालकी का समापन किया गया। भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह, संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह, इंद्रभान सिंह, तेज बहादुर सिंह, सत्य प्रकाश सिंह प्रबंधक तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज, दीपक श्रीवास्तव पत्रकार सहित मंदिर परिवार के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में पालकी की शोभायात्रा निकालने में पालकी संयोजक जगदीश सेठ, दीपक, बृजेश कुमार, डॉ. अभिषेक मिश्रा, अजय सिंह, सत्य प्रकाश, रमेश सिंह, डॉ. अंजना सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, आशीष बरनवाल, डॉ. अशोक चक्रवर्ती, अमित श्रीवास्तव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## आंधी-तूफान और बारिश के चलते जन जीवन अस्त-व्यस्त

**सुइथाकला।** सोमवार शाम क्षेत्र में आयी आंधी तूफान के साथ बारिश से समूचा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शाम को तेज आंधी तूफान के साथ ही लगभग देर रात तक झमाझम बारिश होती रही। कुछ जगहों पर ओले भी पड़ने की भी सूचना पायी गयी। हालांकि इस आसमानी आफत का खेती पर बहुत प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन आम की फसल को काफी नुकसान हुआ। वहीं मांगलिक कार्यों में लगे लोगों को अच्छी खासी समस्याओं का सामना करना पड़ा। आंधी तूफान के चलते कई जगहों पर पेड़ व टेन्ट तक उखड़ गए। वाहनों से चलने वाले राहगीर सुरक्षा की दृष्टि से खुली जगहों पर सड़क के किनारे अपने वाहनों को खड़ा करके आफत के थमने का इन्तजार करते देखे गए। इसी बीच मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गयी, हालांकि आफत थमने के बाद कुछ जगहों पर आपूर्ति बहाल की गई। लेकिन मौजूदा समय में वह कोढ़ में खाज की स्थिति जैसी पैदा कर दी थी।

# भागवत कथा पर झूमे श्रद्धालु, उमड़ा जनसैलाब

जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को क्षेत्र के अरसिया स्थित पैतृक आवास पर पूरे विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें दूर दराज के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस के जवान भी लगे हुए थे। तयशुदा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कथा का शुभारंभ चिन्मयधाम हरिद्वार से पधारे अन्तरराष्ट्रीय कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द बापू द्वारा श्रीमद्भागवत कथा के महात्म्य से किया गया।

उन्होंने श्रीमद्भागवत को जीवन का सार बताया। कथा के दौरान अपनी कथा रूपी गंगा बहाकर श्री स्वामी बापू द्वारा उपस्थित जनसैलाब को सराबोर करते हुए मन्त्र मुग्ध कर दिया गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान के रूप में विधायक



परिवार द्वारा श्री बापू को पुष्पाहार अर्पित कर श्रीमद्भागवत पुराण की आरती की गई इस दौरान लोग महात्म्य की गंगा में गोते नजर आए। कार्यक्रम आयोजक के रूप में विधायक मिश्र ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कथा के अन्त में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में रामउदित मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, अशोक मिश्र व राकेश मिश्र समेत विजय शंकर मिश्र, ब्लाक प्रमुख श्रीमती विद्या तिवारी, प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द्र तिवारी समेत अन्य तमाम देवतुल्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

## औचक निरीक्षण में 28 अध्यापक मिले अनुपस्थित बीएसए ने रोका वेतन


**भदोही।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व उनके टीम के अधिकारियों ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्कूलों में तैनात कुल 28 शिक्षक अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए हैं। अनुपस्थित शिक्षकों व अनुदेशको के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान बच्चों को खुद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रार्थना करवाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि अग्रिम आदेश तक शिक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाई गई है सभी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के शिक्षकों को हिदायत दी है कि सभी लोग समय से स्कूल पहुंचे और समय पूरा होने के बाद ही स्कूल से जाएं। उन्होंने कहा कि अगर निदेर्शों का पालन नहीं किया गया तो कड़ी कार्रवाई होगी।

# यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित छात्रों के चेहरे पर छायी खुशी

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** उत्तर प्रदेश हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का रिजल्ट मंगलवार को घोषित हो गया है। रिजल्ट आते ही छात्र छात्राओ के चेहरे पर खुशी देखी गयी। जनपद में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में छात्राओ का दबदबा कायम रहा। रिजल्ट देखने के लिए साइबर कैफे के साथ मोबाइल पर भी छात्र देखते रहे।

परीक्षा में अच्छा परीणाम आने पर छात्रो को अभिभावको ने मिठाई खिलाकर आगे और भी अधिक लगन के साथ मेहनत करने की सलाह दी। उत्तीर्ण छात्र छात्राओ से बातचीत करने पर छात्रो ने इंजीनियर डाक्टर सिविल सेवा सहित अन्य क्षेत्र में जाने की बात कही। गोपीगंज प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के पूरे रामगुलाम स्थित भारत भारती इण्टर मीडिएट कालेज के दो छात्र हाई स्कूल की परीक्षा के टॉप टेन



शिवम कुमार यादव

की सूची में रहे। मंगलवार को हाई स्कूल के आए रिजल्ट में श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के छात्र रहे शिवम कुमार यादव पुत्र माता प्रसाद यादव निवासी पिपरिस आधारपुर भदोही ने जहां 96 प्रतिशत अंक पाकर माँ बाप का सर ऊंचा कर दिया है। शिवम ने सारा श्रेय अपने शिक्षक माता पिता को दिया। छात्र ने कहा वो इंजीनियर बनना चाहता है। भारत भारती इण्टर मीडिएट कालेज के होनहार छात्र सूरज यादव पुत्र दिनेश चन्द निवासी दुलहीपुर छत्रशाहपुर ज्ञानपुर जहां टॉप टेन की सूची में 95.33 प्रतिशत पाकर सातवें स्थान पर रहे वही निखिल गुप्ता पुत्र राजकुमार निवासी घुरीपुर जखाव 95 प्रतिशत अंक पाकर नवे स्थान पर रहे। टॉप टेन सूची में आने पर विद्यालय के प्रबन्धक माता प्रसाद चौबे ने दोनो होनहार छात्रों को विद्यालय परिसर में सम्मानित करते हुए मिस्ठान खिलाई।

### मकान पर पेड़ गिरा,धराशायी

चंदवक। क्षेत्र के मूर्खा गांव में बीती रात आयी तेज आंधी व बारिश से जामुन का पेड़ जोखन राम के मकान पर गिर गया जिससे वह धराशायी हो गया। उसमें रखा खाद्यान्न व गृहस्थी का सामान सब नष्ट हो गया। संयोग रहा कि कोई चोटिल नहीं हुआ। घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

# भदोही नगर पालिका से अध्यक्ष पद के लिए 23 ने किया नामांकन

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन- 2023 के क्रम में मंगलवार 25 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत सभी सातों नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं सदस्य के वैध प्रत्याशियों का विवरण का आंकड़ा है।

जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद भदोही अध्यक्ष हेतु 23, सदस्य हेतु 255, नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अध्यक्ष हेतु 06, सदस्य हेतु 126, नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष हेतु 10, सदस्य हेतु 64, नगर पंचायत सुरियावां अध्यक्ष हेतु 11, सदस्य हेतु 77, नगर पंचायत नई बाजार में अध्यक्ष हेतु 09, सदस्य हेतु 62, नगर पंचायत खमरिया अध्यक्ष हेतु 27, सदस्य हेतु 90, नगर पंचायत घोसिया में अध्यक्ष हेतु 07, सदस्य हेतु 54 है। संविक्षा के उपरांत अध्यक्ष के कुल 93 व सदस्य के कुल 728 उम्मीदवार कुल 821 है।



तहसील भदोही में आवेदन पत्रों की जांच के दौरान मौजूद प्रत्याशी

# मतदेय स्थल पर किसी का भी आतिथ्य ना करें स्वीकार: डीएम

निर्देश

### नगरीय चुनाव को लेकर कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने सेंट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाये, आनन्द एवं उल्लास के साथ मतदान सम्पन्न करायें, अराजकतत्वों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। उन्होने कहा कि सभी कर्मचारी यह मानकर कि वे पहली बार मतदान करा रहे है, कार्य करें। अनुभवों पर निर्भर ना रहते हुए मतदान प्रक्रिया की समस्त जानकारियों को पुनः सीखने का प्रयास करें। हर बार कुछ नया सीखने को मिलता है। मतदान प्रक्रिया के दौरान विनम्रता एवं शालीनता के साथ मतदाताओं से व्यवहार करें। मतदेय स्थल पर किसी का भी आतिथ्य स्वीकार ना करें।

उन्होने कहा कि निर्वाचन में समयबद्धता का विशेष महत्व है।



प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को संबोधित करते जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी

मतदान के पूर्व की तैयारी मतदेय स्थल पर पहुँचने पर ही पूरी कर लें। सभी सांविधिक, असांविधिक लिफाफो एवं उसमें रखे जाने वाले प्रपत्र का अध्ययन कर लें। मतदान के दिन सुबह उठकर स्वयं को तैयार करे तथा मतपेटिका की सीलिंग करें, ताकि प्रातः 07.00 बजे समय से मतदान शुरू हो सकें। उन्होने कहा कि मतदान में दिव्यांगजन को प्राथमिकता पर मतदान कराये।

जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि मतदान पार्टी के लिए नियुक्त सभी कार्मिको का प्रशिक्षण के दौरान मतदान कराने की व्यवस्था की जायेंगी। उन्होने कहा कि जिस मतदेय स्थल पर अधिक संख्या में दिव्यांग होंगे वहाँ पर स्काउट गाइड लगाकर उन्हें मतदान की सुविधा प्रदान की जायेंगी। उन्होंने कहा कि एक मतदाता के साथ एक सहायक की अनुमति होंगी परन्तु वही सहायक दूसरे मतदाता के साथ सहायक नही बन सकेंगा। सहायक बनने के लिए उसे फार्म भरना होंगा। निर्वाचन मास्टर ट्रेनर राकेश सिंह ने चुनाव से संबंधित ट्रेनिंग कार्मिकों को दी।

# सपा से टिकट कटने पर कांग्रेस प्रत्याशी बनी तरन्नुम, चढ़ा सियासी पारा

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर निकाय की राजनीति से भदोही जनपद में कई उठापटक देखने को मिल रहें हैं। कही टिकट मिलने का मंसूबा पाले उम्मीदवार बगावत पर उतर गए हैं तो कही टिकट कटने पर दूसरे पार्टी से पर्चा दाखिल करने की प्रकिया पूर्ण करके चुनाव मैदान में उतर कर मतदाताओं को रिझाने का कार्य प्रारम्भ कर दिए हैं। नगर पालिका भदोही से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रही तरन्नुम आरा को चार दिन पहले अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया था। सपा जिलाध्यक्ष ने बकायदा प्रेसवार्ता कर उन्हें सपा प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन सोमवार को नामांकन के अंतिम दिन उनका टिकट काट कर कांति देवी पत्नी पन्ना लाल यादव को दे दिया गया। इससे नाराज तरन्नुम



तरन्नुम आरा

आरा ने सोमवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। वह कांग्रेस की टिकट पर नगर पालिका का चुनाव भी लड़ेंगी। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के सम्भावित उम्मीदवार रही शिवशंकर यादव की पत्नी ने टिकट न मिलने पर निर्दल प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। भदोही जिले में टिकट बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी के अंदरखाने घमासान मचा हुआ है। जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने बीते दिनों भदोही, गोपीगंज नगर पालिका के अलावा ज्ञानपुर, सुरियावां, नईबाजार और खमरिया के प्रत्याशियों की घोषणा की थी। दूसरी तरफ खमरिया की स्थिति और भी विकट बनी हुई है। यहां तीन-तीन प्रत्याशी खुद को सपा का टिकट मिलने का दावा कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष के अनुसार राम संजीवन मौर्य को सपा का टिकट मिला है।

दूसरी तरफ नंदलाल मौर्य भी टिकट मिलने का दावा करते हुए प्रपत्र दिखा रहे हैं। अभी दो प्रत्याशियों को लेकर खींचतान चल ही रहा था कि रविवार देर शाम हाजी महमूद ने सपा का टिकट मिलने का दावा करते हुए नामांकन दाखिल किया।

जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव इस मुद्दे पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। उनका कहना है कि भदोही नगर पालिका से सपा का टिकट कटा है, लेकिन खमरिया के संबंध में उन्हें ऊपर से कुछ भी आदेश नहीं मिला हैं। खमरिया नगर पंचायत में भाजपा के युवा संदीप कुमार मौर्य ने टिकट न मिलने पर अपने समर्थकों के साथ निर्दल प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल कर राजनितिक सरगर्मी बढा दी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# मलेरिया रोकने के लिए अब फॉगिंग का कार्य चलेगा पूरे साल: सीएमओ

पहल

### मलेरिया दिवस पूरे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों व शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से मना

**भदोही।** जनपद में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकतर स्वास्थ्य केंद्रों व शैक्षणिक संस्थानों आदि पर पर विविध कार्यक्रम हुए। शिविर, गोष्ठी, परिचर्चा और पेंटिंग प्रतियोगिता के जरिए जनपदवासियों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया गया।

मुख्य चिकित्साधिकारी सन्तोष कुमार चक ने बताया कि मच्छरों का प्रकोप पहले सिर्फ बारिश के दौरान और बारिश के बाद दिखता था जबकि अब 2-3 महीने छोड़ दीजिए तो पूरे साल ही दिखते हैं। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर मलेरिया रोकने के लिए अब फॉगिंग का कार्य पूरे साल चलेगा। साथ ही हमारी स्वास्थ्य टीमें सर्वाधिक मच्छर वाले इलाकों को चिन्हित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस बार विश्व मलेरिया दिवस की थीम शून्य मलेरिया देने का समय रू निवेश नवाचार कार्यान्वयन है। इस थीम का उद्देश्य वैश्विक उन्मूलन लक्ष्यों को प्राप्त करने में नवाचार की ओर ध्यान आकर्षित करना और उनको जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करना है। जिला मलेरिया अधिकारी राम आसरे पाल ने बताया कि वर्तमान में संचालित संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के प्रजनन स्त्रोतों को नष्ट कराया जा रहा है। एंटी लार्वा का छिड़काव तथा फागिंग भी कराया जा रहा है। इस कार्य में नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया की जांच व उपचार की सुविधा जिला मुख्यालय के अलावा सभी सीएचसी, पीएचसी पर उपलब्ध है।

### हफ्ते भर में अंडा बन जाता है मच्छर

मलेरिया का प्रसार मादा एनोफिलीस मच्छर के काटने से होता है। एक अंडे से मच्छर बनने की प्रक्रिया में पूरा एक सप्ताह का समय लगता है। इस कारण सप्ताह में एक बार एंटीलार्वा का छिड़काव किया जाता है। यदि किसी जलपात्र में पानी है तो उसे सप्ताह में एक बार जरूर खाली कर दें। जैसे कूलर, गमला, टीन का डिब्बा, नारियल का खोल, डिब्बा, फ्रिज के पीछे का डीफ्रास्ट ट्रे की सफाई हमेशा करते रहना आवश्यक है। मलेरिया से संक्रमित व्यक्ति का समय से इलाज शुरू होने पर जान जाने का खतरा कम हो जाता है।

### क्या करें

मलेरिया से बचाव के लिए रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। आसपास दूषित पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए। साफ-सफाई रखनी चाहिए। बुखार होने पर तत्काल आशा से संपर्क करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर परामर्श लें। सही समय पर निदान उपचार होने से रोगी पूर्णतः स्वस्थ हो जाता है।

## अंतर्जनपदीय अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**ज्ञानपुर।** आगामी नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत मादक तस्करों व आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जारही है। जिसके क्रम में गांजा के साथ अंतर्जनपदीय अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके कब्जे से 1.400 कि.ग्रा. नाजायज गांजा बरामद किया गया। थाना औराई पुलिस टीम इसे बड़ी कामयाबी मान रही है।

गिरफ्तारशुदा गांजा तस्कर के विरुद्ध जनपद भदोही व वाराणसी में लूट चोरी एनडीपीएस व आयुध अधिनियम के अंतर्गत आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। आगामी नगर निकाय निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम व अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी हेतु डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।

पुलिस का दावा है कि उक्त कार्यवाही के क्रम में थाना औराई पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त निवासी ग्राम नरथुआ थाना औराई जनपद भदोही को 1.400 कि.ग्रा. नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

# यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों की उड़ान



## हाईस्कूल में नमन और इंटर में सिमरन ने मारी बाजी

**जनपद में हासिल किया पहला स्थान, परिवार का बढ़ाया मान**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मंगलवार को कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) और 12वीं (इंटरमीडिएट) के बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी हुए। नमन गुप्ता ने 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हाईस्कूल और सिमरन पटेल ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट में जनपद में पहला स्थान प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया है। नमन के अलावा हाईस्कूल के टॉप टेन में अर्चना 97.33 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे, अंकिता 96.67 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे, अभय वर्मा 96.50 प्रतिशत अंक पाकर चौथे, सुहानी कुमारी 96.17 प्रतिशत अंक पाकर पांचवें, मोना पटेल 96 प्रतिशत अंक पाकर छठवें, खुशी पटेल 95.83 प्रतिशत अंक पाकर सातवें, ओम प्रसाद मौर्या और संकेत विश्वकर्मा 95.50 प्रतिशत अंक पाकर आठवें, राज पटेल, स्मृति पटेल, अमीषा वर्मा और अनुराग यादव 95.33 प्रतिशत अंक पाकर नौवें व कीर्ति सिंह, अमित गौतम, सर्वेश मौर्या, आर्यन मौर्या और सृष्टि जायसवाल 95.17 प्रतिशत अंक पाकर दसवें स्थान पर रहें। वहीं इंटरमीडिएट के टॉप टेन में सिमरन के अलावा दिव्यांशी सिंह और सुहानी मोदनवाल 96.20 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे, हर्ष कुमार, दिव्यकांत और सोनल सिंह 95.40 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे, अनु पटेल, गुंजन सिंह और अमित कुमार मौर्या 95.20 प्रतिशत अंक पाकर चौथे, श्रेयश जायसवाल और प्राची 95 प्रतिशत अंक पाकर पांचवें, अमरिन सिद्दीकी 94.80 प्रतिशत अंक पाकर छठवें, सुभम कुमार सिंह 94.60 प्रतिशत अंक पाकर सातवें, विभा पाल, अमित सिंह, विशाल पटेल और मनीषा यादव 94.20 प्रतिशत अंक पाकर आठवें, वैष्णो केशरी, विकास कुमार, सुभम कुशवाहा, ऋषिका मौर्या और ऋषभ यादव 94 प्रतिशत अंक पाकर नौवें व आलोक कुमार मौर्या, करिश्मा पटेल और श्रेया केशरी 93.80 प्रतिशत अंक पाकर दसवें स्थान पर रहें। जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश कुमार सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा सत्र 2022-23 में जनपद से एक लाख 59 हजार 65 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे। इसमें हाईस्कूल में 77,307 एवं इंटर में 81,758 विद्यार्थी शामिल हैं। वर्ष 2022 की परीक्षा की अपेक्षा इस बार करीब 24 हजार परीक्षार्थी ज्यादा रहे। 16 फरवरी से आरंभ हुई बोर्ड परीक्षा चार मार्च तक चलीं और जिले के 168 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। जबकि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य 18 मार्च से आरंभ होकर 27 मार्च तक चला, जिसमें जिले में चार मूल्यांकन केंद्रों पर करीब पांच लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ था।

### चार केंद्रों पर जांची गईं कॉपियां, 139 पर हुई परीक्षा

जिले में 10वीं और 12वीं की परीक्षा 139 केंद्रों पर कराई गई। 18 मार्च से चार केंद्रों पर कॉपियों का मूल्यांकन कराया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. गिरीश कुमार सिंह के निर्देशन में राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज, प्रभुनारायण इंटर कॉलेज रामनगर, महाबोधि इंटर कॉलेज सारनाथ और भारतीय शिक्षा मंदिर इंग्लिशिया लाइन में मूल्यांकन हुआ।

### ग्राम प्रधान ने लैपटॉप देने की घोषणा की

आयर गांव के ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश मौर्य ऊर्फ भीम मौर्य ने अर्चना की उपलब्धि पर लैपटॉप देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही पंचायत भवन पर एक कार्यक्रम में यह उपहार दिया जायेगा। अर्चना की उपलब्धि से अन्य बच्चों में पढ़ने की रूचि जागेगी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय, अहिरौली प्रधान खरपत्तू यादव, गुंजन, प्रधान सुलेमापुर दिनेश यादव, डॉ. बृजराज आदि लोगों ने अर्चना यादव के मेहनत लगन की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

## हलुवाई की बिटिया ने रचा इतिहास

**उपलब्धि**

**यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में यूपी में पांचवा रैंक**

**स्कूल से लेकर घर तक बधाइयों का लगा तांता**

**चांदमारी।** यूपी बोर्ड की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा में पास विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। जनपद के हरहुआ ब्लाक की आयर, अहिरौली निवासी हलुवाई की बेटी अर्चना यादव ने हाई स्कूल की परीक्षा में यूपी में पांचवीं रैंक और जनपद में दूसरा स्थान लाकर घर परिवार, स्कूल के साथ पूरे जनपद का नाम रौशन किया है।



अर्चना यादव आयर स्थित शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की छात्रा है। उसने 97.33 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्तर प्रदेश की रैंक में पांचवा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर स्कूल से लेकर घर जश्न का माहौल रहा। लोग बधाईयां देते रहे। अर्चना के पिता कृपाशंकर एवं माता माधुरी देवी बिटिया की उपलब्धि पर फुले नही समा रही थी। उन्होने कहा कि बिटिया जहां तक पढ़ना चाहेगी हम उसकी इच्छा जरूर पूरी करेगें। चाचा उमाशंकर यादव एवं दादी इसरावती देवी ने मिठाई खिलाकर अर्चना का उत्साहवर्धन किया। चाचा और पिता आयर बाजार में मिठाई की दुकान है। इसी दुकान से परिवार का भरण पोषण होता है। अर्चना की उपलब्धि से बेखबर दुकानदारी में व्यस्त रहे। मीडिया के पहुचने पर जब जानकारी दी गयी तो वे भागे भागे घर पहुंचकर बिटिया को आशीर्वाद दिया। शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सावित्रि देवी ने अर्चना के मेहनत की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र एवं जनपद के लिए गौरव की बात है।

### आईएएस बनकर देश को सेवा देना चाहते हैं नमन



रामनगर। यूपी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में चौथा और जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले पंचवटी निवासी नमन गुप्ता बड़े होकर आईएएस या इंजीनियर बनना चाहते हैं। नमन ने 97 .50 प्रतिशत अंको के साथ हाईस्कूल की परीक्षा पास करके न सिर्फ रामनगर बल्कि पूरे बनारस का गौरव बढ़ाया है। नमन के टॉप करने की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई वैसे ही उसके पंचवटी स्थित आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। नमन रामनगर के तपोवन स्थित श्रीमती प्यारी देवी इंटर कालेज के छात्र हैं। उसके पिता राजहंस गुप्ता पंचवटी पर ही बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान के अलावा जनरल मर्चेंट की दुकान चलाते हैं। जबकि उसकी मां सुषमा गुप्ता गृहणी के अलावा दुकान पर भी पति का हाथ बटाती हैं। नमन का पसंदीदा विषय विज्ञान है। नमन ने बताया वह स्कूल के अलावा प्रतिदिन तीन घंटे घर पर पढ़ाई करते हैं। लेकिन परीक्षा से दो माह पहले से उन्होंने पांच घंटे पढ़ना शुरू कर दिया था। कोचिंग के अलावा वह ऑनलाइन भी पढ़ाई करते थे। नमन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। नमन के एक भाई एक बहन है। नमन बड़ा है छोटी बहन भी उसी विद्यालय में कक्षा नौ की छात्रा है। नमन को बधाई देने के लिए उसके स्कूल के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में लोग उसके आवास पर जुटे रहे।

### जनपद में 10 वां स्थान पाकर बढ़ाया माता पिता का मान

बड़ागांव। विकास खंड बड़ागांव के साधोगंज की रहने वाली सृष्टि जायसवाल मां भगवती इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा हैं, जिसने 95 .16% अंक प्राप्त कर जनपद में 10 वां स्थान पाकर जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा के पिता शिवनारायण गुप्ता पेशे से शिक्षक एवं मां अर्चना देवी गृहणी है। इंजिनियर बनने की तमन्ना रखने वाली छात्रा अपनी सफलता का श्रेय कालेज के शिक्षकों एवं माता पिता को देते हुए बताया की वह प्रतिदिन छह घंटे खुद से और दो घंटे कोचिंग में पढ़ती हैं।

## 12वीं में संकल्प की दिव्यांशी सिंह का प्रदेश में 7वां स्थान



**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में संकल्प की 12वीं की छात्रा दिव्याशी सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां और जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिससे संस्था को गौरवान्वित हुई। इसके अतिरिक्त दरक्शा निगार, 93.6% अदिति सिंह 91.6%, कीर्ति यादव 90.4%, पवन मौर्या, 90.2% और ऋतिक यादव ने 90% अंक प्राप्त कर संस्था का मान बढ़ाया। इसी क्रम में 10वीं की परीक्षा में संकल्प का छात्र अमित गौतम ने 95.17% अंक प्राप्त कर जनपद में 10वां स्थान प्राप्त किया। अरीफा बानो ने 92.33% अंक प्राप्त कर संस्था का मान बढ़ाया। इसके अतिरिक्त जानवी मौर्या और तान्या चौरसिया ने 91%, प्रतीक सिंह 90.5% व रवींद्र यादव ने 90% अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रौशन किया। इसके अतिरिक्त सतीश गुप्ता, हिमांशू सेठ, विशाल गुप्ता, विकास यादव, अभिषेक यादव, रूही सिंह, सतीश यादव आदि ने अच्छे अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। प्रबंध निदेशक अशोक चौरसिया ने बताया कि वर्ष 2023 की 12वीं एवं 10वीं की यू.पी. बोर्ड की परीक्षा में संकल्प के विद्यार्थियों ने बहुत शानदार सफलता प्राप्त की है। संकल्प के सभी 1265 विद्यार्थी इस परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए है। उन्होंने संस्था मेधावी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक संजय भगत, डॉ. आर. एन. यादव, विनोद पाल, अखिलेश प्रजापति, अमन श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### इंजीनियर बन देश की सेवा करने का लक्ष्य : अंकिता

**पिंडरा।** क्षेत्र के कठिरांव स्थित सरयू प्रसाद इंटर कालेज की छात्रा अंकिता देवी द्वारा हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में तीसरा स्थान (96 .67 फीसदी) मिलने पर विद्यालय व छात्रा के परिवार में खुशी का माहौल दिखा। इस दौरान परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। कठिरांव के फतूपुर निवासी मंगला पटेल की सबसे बड़ी पुत्री अंकिता इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को देते हुए इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। दो भाइयों में सबसे बड़ी अंकिता एक गरीब परिवार से हैं। पिता मजदूरी कर बच्चों का जीवन पालन करते हैं और मां बबीता देवी गृहणी है। प्रबंधक अदित्यनारायन दुबे ने इस सफलता पर प्रसन्नता जाहिर की।



### 90% से ज्यादा अंक प्राप्त कर गांव का नाम किया रोशन



मिजार्मुराद। राजकीय हाईस्कूल ठठरा के तीन बच्चों ने हाईस्कूल में 90% से ज्यादा अंक पाकर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया। हाईस्कूल की छात्रा अंकिता बिंद का 91.16% अंक पाकर अपने विद्यालय में पहले स्थान पर रही वही आदित्य शर्मा ने 90 .83% पाकर अपने विद्यालय में दूसरे स्थान पर रहा वही श्रेया विश्वकर्मा ने 90 .33% पाकर अपने विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही ।तीनों बच्चों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन हाईस्कूल में किया ।विद्यालय की शिक्षिका डॉ विशालाक्षी ने बताया की ये बच्चे पूरे मेहनत के साथ पढ़ाई करते थे ,जिसके वजह से आज इन बच्चों ने विद्यालय के साथ-साथ अपने गांव व माता-पिता का नाम रोशन किया है ।वही विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका वीणा गौण ने बताया कि हमारे विद्यालय का रिजल्ट 99 .99% रहा। विद्यालय की अध्यापिका श्वेता कुमारी, गीता सिंह, कुमारी श्वेता व स्मिता सिंह समेत समस्त अध्यापकों ने सभी टॉपर बच्चों को हार्दिक बधाई दिया और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### श्रेयश ने इंटर में जनपद की सूची में बनाया पांचवां स्थान

**चांदमारी।** हरहुआ ब्लाक के चौका गांव में एस बी पब्लिक इंटर मीडिएट कॉलेज के



इंटर का छात्र श्रेयश जायसवाल ने जिले में पांचवा हासिल कर विद्यालय और गांव का नाम रौशन किया है। मुर्दहां के रहने वाले श्रेयश जायसवाल के पिता विजय जायसवाल के जनरल स्टोर्स की दुकान चलाते है। श्रेयश की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव सिंह को घर वालों ने बधाई दी। श्रेयश ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

### 12वीं में जनपद की सूची में नौवा स्थान पाया

बड़ागांव। बड़ागांव बाजार निवासी वैष्णो केशरी ने इण्टर की परीक्षा में 94% अंक प्राप्त कर वाराणसी जनपद में 9वां स्थान पाया है जिससे जनपद, विद्यालय और गांव का नाम रोशन हुआ है। विकास खंड के बसनी स्थित सुभद्रा कुमार इंटर कालेज में पढ़ने वाले वैष्णो केशरी के पिता स्व0 गोपाल केशरी की मृत्यु के उपरांत मां मीरा देवी ( आंगनबाड़ी सहायिका) के संघर्ष पूर्ण नेतृत्व में सफलता हासिल करने वाले छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय मां एवं गुरु जनों को देते हुए कहा की मैं छह घंटे खुद से पढ़ने के साथ ही कोचिंग भी करता हू शिक्षक बन कर समाज के हर वर्ग को शिक्षित करना चाहता हू ।छात्र की इस उपलब्धि पर कालेज के प्रबंधक सतीश सिंह ने उसका माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया।

### अधिकारी बन करूंगा देश सेवा : श्रेयश

श्रेयश जायसवाल आई ए एस बनकर देश के लोगों की सेवा करना चाहते है। 95 प्रतिशत अंक हासिल कर अन्य छात्र एवं छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम करेगें। उन्होंने कहा कि सिर्फ अनुशासन से ही लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है अर्चना

अर्चना यादव ने अपने परिवार एवं अध्यापकों को श्रेय देते हुए कहा कि मै आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हूं। उन्होंने विद्यार्थियों का अह्वान किया कि शिक्षक जैसे कहते है उसका अनुसरण करते जाइए। जहां भी संदेह हो उसे शिक्षक के सामने रखना चाहिए।

### इंटर में 89.60 व 10वीं में 94% अंक पाकर बच्चों ने बढ़ाया मान

चिरईगांव। यूपी बोर्ड 2023 की परीक्षा में विद्या विहार इंटर कॉलेज सलारपुर के हाईस्कूल की छात्रा विनम्रता ने 94 प्रतिशत और इंटर की छात्रा सलोनी ने 89 .60 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रबंधक अमरनाथ मौर्य ने बताया कि यूपी बोर्ड 2023 की परीक्षा में हाईस्कूल में विनम्रता 94%, संजय देववंशी 92 .16%, रंजीत चोरसिया 91.83% और इंटर में सलोनी सेठ 89 .60% अमित मौर्य 89 .40% और नेहा जायसवाल ने 89 .20% अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज में हाईस्कूल का 86 .32% और इंटर 79 .18 फीसदी रिजल्ट रहा।

## सर्वेश्वरी इंटर कॉलेज की आकांक्षा और श्रद्धा ने बढ़ाया मान

**हरहुआ।** स्थानीय विकासखंड अंतर्गत काजीसराय सेहमलपुर स्थित सर्वेश्वरी इंटर कॉलेज के कक्षा 12वीं की छात्रा आकांक्षा सिंह ने विद्यालय में सर्वोच्च अंक 458 प्राप्त किया। जिसका कुल प्रतिशत अंक 91.6% रहा। गढ़वा निवासिनी आकांक्षा पिता दिलीप कुमार सिंह ने अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आकांक्षा ने इसके लिए विद्यालय के अध्यापक व अपने माता पिता को श्रेय दिया है। बताया कि मैंने रात या दिन नहीं देखा जब ही नींद खुली तभी पढ़ाई में लग गई, कोई समय का बंधन नहीं था इसके लिए पूरा सहयोग हमारे घर वालों ने किया। वहीं विद्यालय में हाई स्कूल की छात्रा श्रद्धा सिंह पिता दिनेश सिंह रमईपट्टी ने हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च 552 अंक प्रतिशत 92% हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। श्रद्धा ने कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई किया इसका श्रेय अपने अभिभावक व विद्यालय के शिक्षकों को दी है।



आकांक्षा सिंह



श्रद्धा सिंह

## उम्रकैद के कैदी को बोर्ड परीक्षा में 74 फीसदी अंक

**वाराणसी।** कहते हैं पढ़ाई के लिए लगन होनी चाहिए, अगर लगन है और आत्मविश्वास तो उसे किसी माहौल या स्थान की जरूरत नहीं होती। क्योंकि उसका लक्ष्य अर्जुन की तीर की तरह मछली की आंख पर होता है। कुछ ऐसा कर दिखाया एक कैदी ने, उसने ना केवल जेल में रहकर पढ़ाई की बल्कि 74 प्रतिशत अंक के साथ बोर्ड परीक्षा पास किया। जानकारी के अनुसार केंद्रीय कारागार और जिला जेल में बंद परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। सेंट्रल जेल में बंद हत्या के आरोप में प्रवीण कुमार ने हाईस्कूल की परीक्षा में 74 फीसदी अंक अर्जित किया है। वह सोनभद्र के बीजपुर थाने के महरी का निवासी है। केंद्रीय कारागार में ही बंद राधेश्याम ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 55 फीसदी अंक पाया है। राधेश्याम भी हत्या के आरोप में उम्र कैद है। जिला कारागार में चंदौली के सैयदराजा के मरुई निवासी बंदी रविकांत ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 55 फीसदी अंक अर्जित किया है।

## इंटर में पास हुए 55 साल के भाजपा के पूर्व विधायक

बरेली। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। बरेली में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 87 .95 प्रतिशत रहा, जबकि इंटर के 73 .84 विद्यार्थी पास हुए हैं। भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने भी इंटरमीडिएट की परीक्षा पास कर ली है। जीवन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो उम्र मायने नहीं रखती। बरेली के बिथरी चैनपुर से विधायक रहे राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने इसे सच साबित कर दिखाया है। उन्होंने इस साल यूपी बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। मंगलवार को परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। पूर्व विधायक भी पास हो गए हैं। पप्पू भरतौल का सपना वकालत करना है। उन्होंने कहा कि वह अब स्नातक और उसके बाद एलएलबी करेंगे। वकील बनकर वह क्षेत्र के ऐसे गरीब लोगों की मदद करेंगे जो पैसे देने में अक्षम हैं। पूर्व विधायक ने नोट्स बनाकर तैयारी की थी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और राजनीति की कोई उम्र नहीं होती है। 50 साल के भाजपा नेता राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर बिथरी चैनपुर से विधायक चुने गए थे।

## यूपी बोर्ड का 100 साल का रिकॉर्ड टूटा

**मात्र 67 दिन में जारी हुआ यूपी बोर्ड का रिजल्ट**

**टॉपरों को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री योगी**

**लखनऊ।** रिकॉर्ड समय में नकलविहीन परीक्षा कराने के बाद योगी सरकार ने एक और बड़ा कीर्तिमान कायम करते हुए महज 67 दिनों में यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं का परीक्षाफल घोषित करके 100 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जारी नतीजों में हाईस्कूल के 89.78 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं, जबकि इंटरमीडिएट में 75.12 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। सीएम योगी ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उन्होंने परीक्षाओं में राज्य स्तर और जनपद स्तर पर शीर्ष 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की भी घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि घोषित परीक्षाफल के अनुसार हाईस्कूल में कुल 179 छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनाई है तो इंटर में यह संख्या 253 है। दोनों परीक्षाओं में कुल 432 छात्र टॉप-10 में शुमार रहे हैं। महत्वपूर्ण बात ये है कि यूपी बोर्ड की परीक्षा सीबीएससी के 1 दिन बाद 16 फरवरी से शुरू हुई थी लेकिन यूपी बोर्ड का रिजल्ट सीबीएसई से पहले घोषित कर दिया गया, वह भी तब जब सीबीएसई की तुलना में यूपी बोर्ड में कई गुना छात्र अधिक हैं।



### सीएम योगी ने दी बधाई

उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सीएम योगी ने ट्वीट कर बधाई दी। उन्होंने लिखा, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों व गुरुजनों को हृदय से बधाई। आप सभी 'नए उत्तर प्रदेश' के स्वर्णिम भविष्य के आधार स्तंभ हैं। मां सरस्वती की कृपा से आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, यही कामना है। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर तथा जनपद स्तर पर शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जनपद स्तर पर राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### 2019 का भी टूटा रिकॉर्ड

मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के निदेशक महेंद्र देव और सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के नतीजे घोषित करते हुए इस उपलब्धि के बारे में जानकारी दी। बोर्ड के निदेशक महेंद्र देव ने बताया कि हाईस्कूल में सीतापुर की प्रियांसी सोनी ने 600 में 590 अंक लाकर शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, इंटर में महोबा के शुभ छापरा 500 में 489 अंक के साथ शीर्ष पर रहे हैं। बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 100 वर्षों के इतिहास में सबसे पहले परीक्षाफल घोषित करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि 1921 में बोर्ड के गठन के बाद पहली बार 1923 में बोर्ड परीक्षा का संचालन किया गया था। तब से अब तक सबसे कम समय में बोर्ड ने परीक्षाफल घोषित किया है। इससे पहले 2019 में सबसे कम समय में 27 अप्रैल को परीक्षाफल की घोषणा हुई थी। तब 7 फरवरी से परीक्षा की शुरूआत हुई और 89 दिन में परीक्षाफल घोषित किया गया। इस बार 16 फरवरी के बाद परीक्षाएं आयोजित कराई गईं और कुल 67 दिन में परीक्षाफल घोषित कर दिया गया।

### ग्रीवांस सेल करेगा छात्रों की समस्या का निराकरण

दिब्यकांत शुक्ल ने ये भी बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप इस वर्ष बोर्ड ने नकल विहीन परीक्षा कराने में सफलता प्राप्त की थी। 30 वर्षों में यह पहला अवसर रहा जब कोई पेपर न तो वायरल हुआ, न ही रांग ओपनिंग हुई,न ही कोई परीक्षा रद की गई और न ही सामूहिक नकल हुई। उन्होंने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा बोर्ड होने के नाते यह गौरव की बात है कि विगत 100 वर्ष में यह पहला अवसर है जब सारे रिजल्ट पूर्ण हैं। पहले किसी न किसी वजह से कुछ रिजल्ट अपूर्ण रह जाते थे। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल घोषित होने के बाद अब ग्रीवांस सेल छात्रों की समस्याओं का निराकरण करेगा। सभी क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर ग्रीवांस सेल खोले गए हैं, जो अगले सप्ताह से कार्य करना शुरू कर देंगे। प्रार्थना पत्र देने वाले छात्रों की समस्याओं का यहां समयसीमा के अंदर निराकरण होगा। सोमवार के बाद स्क्रूटनी के आवेदन का भी कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## विकास इंटर कॉलेज के संकेत व अमित जिले की मेरिट लिस्ट में



**हरहुआ।** विकास इंटर कॉलेज परमानंदपुर के संकेत विश्वकर्मा ने यूपी बोर्ड द्वारा आयोजित हाई स्कूल की परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त किया। संकेत ने 600 में से 573 अंक प्राप्त किये इनका प्रतिशत 95.5 प्रतिशत रहा। वहीं अमित गौतम जनपद की मेरिट लिस्ट में दसवें स्थान पर रहे। अमित ने 600 में से 571 अंक प्राप्त किये इनका प्रतिशत 95 प्रतिशत रहा। वहीं हाई स्कूल में 899 बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। कोई भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ, अंजलि वर्मा ने 94 प्रतिशत व नीलाक्षी गुप्ता ने 93.33 प्रतिशत अंक हासिल किये। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एके सिंह ने बताया की परीक्षा में 1124 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसका रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। हिमांशु सोनकर ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, जबकि 80 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।